निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, रविवार 11 जनवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 235 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


रांची में रेल टिकट दलाल गिरफ्तार

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलों के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# मतदाता सूची की 70 प्रतिशत मैपिंग पूर्ण : के रवि कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य को गति देने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शनिवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, ईआरओ, एईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का उद्देश्य अब तक की प्रगति की समीक्षा करना और शेष कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए निर्देश देना रहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में बताया कि विगत गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाता सूची की मैपिंग का कार्य अब तक 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में इस कार्य को प्राथमिकता देने पर जोर दिया और कहा कि यहां गति और बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकारी कार्यालयों में विशेष कैंप लगाकर अधिकारियों एवं कर्मियों को मैपिंग प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षित किया जाए। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अधिक से अधिक लोग इस प्रक्रिया से जुड़ सकें और मतदाता सूची में किसी भी तरह की त्रुटि न रहे। के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य के बाहर से आए मतदाताओं की मैपिंग उनके मूल राज्य की विगत गहन पुनरीक्षण वाली



मतदाता सूची से की जाए। इसके लिए अलग रजिस्टर तैयार करने का निर्देश दिया गया ताकि ऐसे मतदाताओं का रिकॉर्ड स्पष्ट और सुव्यवस्थित रहे। उन्होंने एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची का डिजिटलीकरण सुनिश्चित करने को कहा। उनका स्पष्ट कहना था कि आगामी गहन पुनरीक्षण में सुविधा के लिए यह प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है और लक्ष्य यह होना चाहिए कि एक भी पात्र भारतीय मतदाता सूची से वंचित न रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि कार्यालय द्वारा जारी स्टीकरों पर संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ का नाम, मतदान केंद्र संख्या, विधानसभा क्षेत्र और मोबाइल नंबर अंकित कर क्षेत्रों में लगाए जाएं। इससे आम नागरिकों को अपने बीएलओ से संपर्क करने में आसानी होगी। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के 1950 टॉल फ्री नंबर और 'बुक ए कॉल' फीचर के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया। साथ ही मैपिंग के दौरान निर्धारित आठ चेकपॉइंट्स का सख्ती से पालन करने और गलत मैपिंग से बचने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में बीएलओ को मोबाइल से फोटो लेकर बीएलओ एप में अपडेट करने का प्रशिक्षण देने तथा 28 जनवरी से 6 फरवरी के बीच मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट-2 के प्रशिक्षण को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। समीक्षा बैठक में बोकारो जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा, नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित सभी जिलों के अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### खूंटी थाना प्रभारी हटाए गए

**खूंटी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पहाड़ा राजा सोमा मुंडा हत्याकांड की जांच को लेकर पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी सिलसिले में खूंटी थाना प्रभारी मोहन कुमार यादव को उनके पद से हटा दिया गया है। यह कदम जांच में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। रांची से पहुंचे आईजी मनोज कौशिक ने एसपी मनीष टोप्पो के साथ बैठक कर पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मामले की जांच में किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए और सभी पहलुओं की गंभीरता से पड़ताल की जाए।

### कर्ज से तंग अधेड़ ने की आत्महत्या

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** तिलैया थाना क्षेत्र के असनाबाद स्थित तुरिया मोहल्ले में कर्ज से परेशान एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के बेटे के अनुसार कर्ज देने वाला व्यक्ति लगातार रुपए लौटाने का दबाव बना रहा था। इसी दबाव और कर्ज से तंग आकर उन्होंने सुसाइड कर लिया। मृतक की पहचान 55 वर्षीय बजरंगी विश्वकर्मा के रूप में हुई है जो बक्सा बनाने का काम करते थे। वहीं आरोपी का कहना है कि बजरंगी से उनका किसी प्रकार का लेन देन नहीं था। पुलिस को मृतक के कमरे से एक टेबलेट की रैपर भी बरामद हुई है जिसकी मेडिकल एक्सपर्ट से जांच कराई जा रही है।

### दो दिनों से लापता युवक का शव बरामद

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रायडीह थाना क्षेत्र के पारासीमा गांव निवासी 23 वर्षीय सोमारू टिटीयो का शव तेलिया नदी से बरामद किया गया। सोमारू पिछले दो दिनों से लापता था। रायडीह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। शव की सूचना सबसे पहले मग्नू लोहारा ने दी थी जिसने 9 जनवरी को अपनी बारी पर खेती का काम करते समय नदी में शव पड़ा देखा था। इसके बाद ग्रामीणों ने रायडीह थाना को सूचित किया।

### निजी बिजली मिस्त्री ने की आत्महत्या

**धनबाद (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोमो स्थित हटियाटांड बिजली ऑफिस के पास एक निजी बिजली मिस्त्री रामकिशुन ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह गोमो में अकेले रहता था। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार रामकिशुन बीती रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। सुबह जब उसके दोस्त उसे बुलाने पहुंचे तो दरवाजा नहीं खुला। भीतर से बंद दरवाजा देखकर दोस्तों को संदेह हुआ। उन्होंने खिड़की से झांककर देखा तो रामकिशुन पंखे से फंदे के सहारे लटका हुआ मिला।

### पलामू में एनएच पर पहुंचे दो जंगली हाथी

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में जंगली हाथियों ने उत्पात किया है। पलामू टाइगर रिजर्व से निकले दो जंगली हाथियों ने सतबरवा प्रखंड के चेतमा और सलैया गांव में प्रवेश कर ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया। रबदा पंचायत के चेतमा गांव में हाथियों ने चना, गेहूं और सरसों की खड़ी फसलों को रौंदकर भारी नुकसान पहुंचाया। हाथियों के सड़क पर आने से अफरातफरी मच गई और लोगों में दहशत फैल गई।

### सड़क दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी घायल

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत मानगो गोलचक्कर के पास एक अनियंत्रित चेचिस वाहन ने बाइक सवार दंपति को कुचल दिया। इस दुर्घटना में बाइक चला रहे पति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार चेचिस वाहन ने दंपति को टक्कर मारने के बाद करीब 100 मीटर तक घसीटा।

# गणतंत्र दिवस पर मोरहाबादी मैदान में दिखेगा झारखंड का गौरव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोह 2026 को लेकर रांची जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह के सफल आयोजन के लिए जरुरी दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि मोरहाबादी मैदान में होने वाला यह समारोह रांची की प्रतिष्ठा से जुड़ा आयोजन है, इसलिए हर स्तर पर पूर्ण तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने तमाम विभागों के पदाधिकारियों को कार्य आवंटित करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में झारखंड की



समृद्ध संस्कृति, परंपरा और सरकारी नीतियों से प्रेरित झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उपायुक्त ने बताया कि कुल 12 विभागों की झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी जिनमें वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, ग्रामीण विकास, शिक्षा विभाग, कृषि, पर्यटन एवं संस्कृति, स्वास्थ्य, परिवहन तथा महिला बाल विकास विभाग प्रमुख है। इन झांकियों के माध्यम से राज्य की ऐतिहासिक धरोहर, सामाजिक योजनाएं और सांस्कृतिक वैभव को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इस समारोह में सुरक्षा बलों और एनसीसी के लगभग 15 प्लाटून और 3 बैंड भाग लेंगे। 18 जनवरी से परेड अभ्यास शुरू होगा जो 24 जनवरी तक जारी रहेगा। उपायुक्त ने सभी विभागों को तय समय सीमा में तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया है। गणतंत्र दिवस 2026 पर मोरहाबादी मैदान में जब झांकियों की झिलमिलाहट, बैंड की धुन और परेड की अनुशासित चाल एक साथ दिखाई देगी तो रांचीवासियों को न सिर्फ देशभक्ति बल्कि 'नए झारखंड' की झलक भी देखने को मिलेगी। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, अपर समाहर्ता राजेश्वर नाथ आलोक समेत अनेक विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर निकाय चुनाव: एक ही बैलेट बॉक्स में पड़ेगा पार्षद-मेयर का वोट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बैलेट पेपर के जरिए इस बार हो रहे नगर निकाय चुनाव में मतदाताओं को एक ही बैलेट बॉक्स में पार्षद और मेयर का वोट देना होगा। हालांकि इसके लिए पार्षद और मेयर के लिए दो अलग-अलग रंगों के बैलेट पेपर मतदाताओं को मिलेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए सभी आरओ और एआरओ को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय में 16 जनवरी को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दिनभर चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुनाव प्रक्रिया को नियमानुसार संचालित कराने की जानकारी दी जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों को 50-50 चुनाव चिन्ह जारी करते हुए नोमिनेशन के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित करने का निर्देश दिया है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पर्याप्त बैलेट बॉक्स रहेगा, जिसमें मत देने का काम होगा। उन्होंने कहा कि बैलेट बॉक्स की रंगाई और मरम्मति का काम जिला स्तर पर की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मेयर का बैलेट पेपर पिंक जबकि वार्ड पार्षद के लिए बैलेट पेपर सफ़ेद रंग का होगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एक ही बैलेट बॉक्स में पार्षद और मेयर का वोट डालने के निर्णय से मतगणना में अत्यधिक विलंब होने की संभावना बढ़ गई है। मतगणना के वक्त सभी बैलेट बॉक्स से दोनों पद के लिए मिलने वाले बैलेट पेपर को अलग-अलग किया जाएगा। हालांकि दो अलग-अलग रंग में बैलेट पेपर होने से छांटने में आसानी होगी। बावजूद मतगणना में स्वभाविक रूप से देरी होने के कारण चुनाव परिणाम आने में वक्त लगेगा। बहरहाल प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा होने के बाद चुनाव की घोषणा इस महीने के अंत तक होने की संभावना है।

## सोमा मुंडा के परिजनों से मुलाकात कर बाबूलाल मरांडी ने जताई संवेदना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** आदिवासी नेता और पहाड़ा राजा दिवंगत सोमा मुंडा को श्रद्धांजलि देने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी चलांगी गांव पहुंचे। उन्होंने दिवंगत सोमा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद बाबूलाल मरांडी ने सोमा मुंडा की पत्नी अमृता मुंडा, उनकी बेटियों और बेटे से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। बातचीत के दौरान अमृता मुंडा ने परिवार की आर्थिक स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिवार की पूरी जिम्मेदारी सोमा मुंडा पर ही थी, जो निजी स्कूल संचालन और खेती-बाड़ी के जरिए परिवार का भरण-पोषण करते थे। अमृता मुंडा ने कहा कि पति के निधन के बाद पांच बच्चों की परवरिश और शिक्षा को लेकर परिवार गंभीर संकट में है। बच्चों के भविष्य को लेकर उन्हें गहरी चिंता सता रही है और हालात बेहद चुनौतीपूर्ण हो गए हैं। परिजनों की पीड़ा सुनकर बाबूलाल मरांडी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि इस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और इन्हें तत्काल सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने दिवंगत सोमा मुंडा की बड़ी बेटी की उच्च शिक्षा का पूरा खर्च अपने निजी मद से उठाने का भरोसा दिया और कहा कि वह बेटी को बीएड कराएंगे। इसके साथ ही परिवार को हरसंभव आर्थिक सहायता दिलाने का भी आश्वासन दिया।

## संगठित बाइक चोरी गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** जगरनाथपुर थाना पुलिस ने बाइक चोरी के एक संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अलग-अलग स्थानों से चोरी की कुल आठ मोटरसाइकिल बरामद की हैं। यह सभी बाइक का नंबर बदलकर इसे बेचने की तैयारी में थे इसके लिए वह फर्जी कागजात भी बनाते थे। मामले की जानकारी थाने में आयोजित प्रेसवार्ता में सिटी एसपी पारस राणा ने दी। इस दौरान जगरनाथपुर थाना प्रभारी सहित छापेमारी दल के अधिकारी भी उपस्थित थे। सिटी एसपी ने बताया कि 9 जनवरी की शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि हेसाग तालाब के पास कुछ असामाजिक तत्व चोरी की मोटरसाइकिल लेकर घूम रहे हैं और नशापान व अन्य अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं। सूचना के आधार पर सिटी एसपी के निर्देश पर जगरनाथपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने हेसाग तालाब और आसपास के इलाकों में छापेमारी कर तीन युवकों को चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वे हेसाग तालाब के पास स्थित रिसॉर्ट, सार्वजनिक भवनों और अन्य स्थानों पर खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाते थे। चोरी के बाद बाइकों को ग्राहकों को बुलाकर बेच दिया जाता था। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कुल आठ चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। इनमें कुछ बाइक बिना नंबर प्लेट की भी हैं। बरामद मोटरसाइकिलों में बुलेट 3, स्प्लेंडर प्रो 3, होंडा साइन 1, पैशन प्रो 1 है। गिरफ्तार आरोपितों में राज उर्फ विजय सिंह (20 वर्ष), विकास नगर रोड नंबर-02, सिंह मोड़, हटिया संतोष उर्फ करण ठाकुर (19 वर्ष), प्रेमनगर रोड नंबर-06, सिंह मोड़, हटिया, विनीत उर्फ प्रिंस पासवान (19 वर्ष), प्रेमनगर रोड नंबर-06, सिंह मोड़, हटिया शामिल हैं।

### पहले से दर्ज हैं कई मामले

सिटी एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से बाइक चोरी के कई मामले दर्ज हैं। इनके आपराधिक इतिहास की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान कई अन्य चोरी की घटनाओं का भी खुलासा हुआ है। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## बाघ के हमले में बच्ची की मौत

**बेतिया (नबिटा ब्यूरो)।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के मदनपुर वनक्षेत्र से सटे निचलौल वन क्षेत्र में एक बाघ के हमले में 13 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। बाघ ने किशोरी को मारकर अपना निवाला बना लिया। यह घटना बगहा मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर, बिहार-उत्तर प्रदेश सीमा से लगे महाराजगंज जिले के सोहगीबरवा वन क्षेत्र अंतर्गत मरचहवा गांव की है। मृत किशोरी की पहचान मरचहवा गांव निवासी उमेश कन्नौजिया की बेटी लचीया (उम्र लगभग 13 वर्ष) के रूप में हुई है। वन संरक्षक सह निदेशक नेशामणी के ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर वीटीआर की टीम को भेजा गया है, मामला यूपी का है।

## भाजपा ने जारी की 23 जिलाध्यक्षों की सूची

**संगठन में महिला और आरक्षित वर्ग को भी मिला प्रतिनिधित्व**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा के चुनाव अधिकारी, महामंत्री और सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने शनिवार को राज्य के 23 संगठनात्मक जिलों के नव निर्वाचित जिलाध्यक्षों की आधिकारिक सूची जारी की। इस दौरान उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद प्रदेश में संगठन पर्व की शुरुआत की गई थी। प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता अभियान पूरी होने के बाद मंडल और जिला स्तर पर चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई जिसके तहत अब 23 जिलों में अध्यक्षों का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। डॉ. वर्मा ने बताया कि दुमका से रूपेश मंडल, पाकुड़ से सरिता मुर्मू, जामताड़ा से सुमित शरण, देवघर से सचिन रवानी, गोड्डा से लक्ष्मी चक्रवर्ती, साहेबगंज से गौतम यादव, धनबाद (ग्रामीण) से मोहन कुंभकार, धनबाद (महानगर) से श्रवण राय, गिरिडीह (महानगर) से रंजीत कुमार राय, गिरिडीह (ग्रामीण) से महेंद्र वर्मा, हजारीबाग से विवेकानंद सिंह, चतरा से रामदेव भोक्ता, रामगढ़ से संजीव कुमार, रांची (महानगर) से वरुण साहू, रांची (पूर्वी) से विनय महतो धीरज, रांची (पश्चिम) से नरेंद्र सिंह, गुमला से सागर उरांव, सिमडेगा से दीपक पुरी, पलामू से अमित तिवारी, लातेहार से बंशी यादव, चाईबासा से गीता बालमुचू, चक्रधरपुर से दीपक पासवान और सरायकेला-खरसावां से हरे कृष्ण प्रधान को जिलाध्यक्ष चुना गया है। डॉ. वर्मा ने बताया कि संगठन को और मजबूत बनाने के लिए रांची ग्रामीण को पूर्वी और पश्चिमी दो जिलों में बांटा गया है। इसके अलावा चक्रधरपुर और गिरिडीह ग्रामीण को नए संगठनात्मक जिलों के रूप में शामिल किया गया है जिससे संगठन की जमीनी पहुंच और मजबूती से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है। इसी का प्रमाण है कि 23 जिलाध्यक्षों में तीन महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा चार जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति और एक अनुसूचित जाति वर्ग से हैं। डॉ. वर्मा ने यह भी बताया कि आठ जिलाध्यक्षों को फिर से जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि संगठन में अनुभव और निरंतरता बनी रहे।

## सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** मुसाबनी-घाटशिला मुख्य सड़क पर सुरदा और सुरदा क्रॉसिंग के बीच यूनियन बैंक के पास शुक्रवार की देर रात सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा तब हुआ जब स्कूटी पर सवार चार युवक सड़क किनारे खड़ी एक ब्रेकडाउन हाइवा से टकरा गए। मृतकों की पहचान रोहित कर्मकार (25), उनके भाई समीर कर्मकार (16) और राज गोप (18) के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल युवक राहुल कर्मकार (32) को एमजीएम अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अनुज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और सभी घायल युवकों को केंदाडीह अस्पताल पहुंचाया। बाद में तीन युवकों के परिजन उन्हें घाटशिला अनुमंडल अस्पताल ले गए। जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त हाइवा एचसीएल के सुलझा माइंस से टेलिंग लेकर जा रहा था और इसी दौरान वह ब्रेकडाउन हो गया था। हाइवा के पीछे कोई इंडिकेटर या सुरक्षा चिन्ह नहीं लगाया गया था जिसके कारण तेज गति से आ रही स्कूटी उस हाइवा की चपेट में आ गई।




C M Y K

# गिरिडीह पुलिस की बड़ी सफलता, बाइक चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार, सरगना फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर थाना क्षेत्र में नेताजी चौक के पास एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है। डीएसपी नीरज कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी।

चेकिंग के दौरान सहायक अवर निरीक्षक प्रमोद प्रसाद ने काले रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 11एस 9135, वास्तविक जेएच 11डब्लू 8296 पर सवार दो युवकों को रुकने का इशारा किया। पुलिस देखते ही दोनों विपरीत दिशा में भागे, जिन्हें सशस्त्र बल की मदद से पकड़ लिया गया। पूछताछ में उनकी पहचान रविंद्र



साव और विजय साव दोनों पिता गंदौरी साव, निवासी सुगासार, थाना पचम्बा के रूप में हुई। संदेह पर बाइक के कागजात मांगे गए, लेकिन दोनों कुछ नहीं दिखा सके। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि यह चोरी की बाइक सत्यनारायण पाण्डेय और सुनिल कुमार दास से 15 हजार रुपये में खरीदी थी। निशानदेही पर अलकापुरी से दोनों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में इन्होंने स्वीकार किया कि बाइक मो. ताज हसन और मो. सदाब उर्फ मिठु से खरीदी थी, जिन्होंने नंबर बदलकर चलाने की सलाह दी थी। अनुसंधानकर्ता अवर निरीक्षक उपेन्द्र कुमार दास ने मो. ताज हसन को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मो. सदाब उर्फ मिठु की तलाश जारी है। नगर थाना कांड संख्या 07/26 09.01.26 भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में दर्ज। नगर थाना प्रभारी ज्ञान रंजन कुमार के नेतृत्व में अरविंद कुमार सिंह, प्रमोद प्रसाद, शिव सागर रजक, महेश यादव, संजिव कुमार रजक अजीत कुमार सिंह और शाहिद अंसारी ने कार्रवाई की। पुलिस ने चोरी की बाइक जब्त कर ली है।

# जैप-7 पद्मा, हजारीबाग में तीसवां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न

नवीन सिन्हा

**पद्मा, हजारीबाग।** झारखंड सशस्त्र बल 7 (जैप-7) पद्मा, हजारीबाग में तीसवां स्थापना दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आयोजन कमांडेंट अविनाश कुमार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें भव्य परेड का भी आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्तिक एस, पुलिस उप महानिरीक्षक, झारखंड सशस्त्र बल, रांची थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंजनी कुमार झा, पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तरी छोटानागपुर रेंज उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अंजनी कुमार अंजन (पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग), रोशन गुड़िया (पुलिस अधीक्षक, सीआईडी), हीरालाल रवि (अपर पुलिस अधीक्षक, जे ए पी टी सी, पद्मा), दीपक कुमार वर्मा (सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक), अजीत कुमार विमल (एसडीपीओ, बरही) सहित कई वरीय एवं कनिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।





मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने जैप-7 के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि कम समय में बटालियन ने अनुशासन और दक्षता के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने जवानों एवं सभी कर्मियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें और अधिक उत्साह व प्रेरणा के साथ कर्तव्य निर्वहन करने का आह्वान किया। कमांडेंट अविनाश कुमार ने अपने वक्तव्य में जैप-7 के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 1996 से 2000 तक यह इकाई पूर्व में बीएमपी की 17वीं बटालियन के रूप में कार्यरत थी। झारखंड राज्य के गठन के बाद इसका नामकरण जैप-7 हुआ तथा वर्ष 2021 में जैप-7 का मुख्यालय पद्मा, हजारीबाग में स्थानांतरित किया गया। उन्होंने कहा कि बटालियन के जवान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों, विधि-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। समारोह के दौरान जैपझ7 के 23 वीर जवानों की शहादत को नमन करते हुए उनके आश्रितों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजित परेड में प्लाटून नंबर-1 को सर्वश्रेष्ठ परेड का पुरस्कार मिला, जिसकी सभी अतिथियों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। अंत में सभी आगंतुकों ने जैप-7 के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के निःशुल्क इलाज हेतु दो दिवसीय मेगा स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोटरी गिरिडीह द्वारा, अमृता हॉस्पिटल कोच्चि, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन गिरिडीह, एसोसिएशन सर्जन ऑफ इंडिया, इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन के सहयोग से रोटरी नेत्र चिकित्सालय गिरिडीह में आयोजित किया गया। इस कैंप का उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के निदेशक शशि प्रकाश झा, विशिष्ट अतिथि के रूप में सिविल सर्जन गिरिडीह डॉ शेख मो० जफरुल्लाह मौजूद रहे कैंप के प्रथम दिन झारखंड के विभिन्न जिलों से आए कुल 77 बच्चों की जाँच की गई, उनमें से कुल 28 बच्चों का चयन ऑपरेशन हेतु किया गया, जिनका ऑपरेशन अमृता हॉस्पिटल कोच्चि में निःशुल्क किया जाएगा।

## गलत उपचार की वजह से एक की मौत, दूसरा हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही हजारीबाग।** बरही धनबाद रोड में संचालित कैलाश मेडिकल में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक फल्गु यादव उम्र लगभग 55 वर्ष पोती साथ अपने घर खोड़ाआहार कैलाश मेडिकल में इलाज के लिए आया हुआ था।

परिजनों के मुताबिक मृतक फल्गु यादव का कब्ज खांसी की समस्या लेकर कैलाश मेडिकल आया हुआ था इसी दौरान गलत उपचार के वजह से उनकी मौत हो गई। खबर सुनकर जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा की लापरवाही के कारण आज एक व्यक्ति की जान चल गई। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है की निजी



अस्पताल में इलाज करवाने की वजह से अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती है। उन्होंने साथी बताया कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में सभी बीमारियों का इलाज होता है और वहां पर 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध रहते हैं। निजी क्लीनिक में ना जाकर कोई भी समस्या हो तो सरकारी अस्पताल में इलाज करवाएं। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने क्लीनिक संचालक के बेटे को हिरासत में ले लिया और छानबीन कर रही है। घटना स्थल जिप प्रतिनिधि गणेश यादव, समाजसेवी भरत यादव, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवाशी, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे।

## दिव्यांग जन मंच गिरिडीह जिला संघ के विशेष मंथन व पूर्णगठन हेतु बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** दिव्यांग जन मंच गिरिडीह जिला संघ कि विशेष मंथन एव पूर्ण गठन हेतु बैठाक कि गई जिसके सदस्यो कि उपस्थिती कम होने के कारण गठन नहीं हुई और निर्णय लिया गया कि 03-02-2026 को संघ पूर्ण गठन किया जाएगा, जिसके सभी सदस्यों अनिवार्य रूप अधिक से अधिक उपस्थित हो। संध के कार्यालय के लिए माँग पत्र उपायुक्त गिरिडीह को दिया जाएगा 25 अक्टूबर 2025 को सिविल सर्जन गिरीह के नाम से विज्ञापन पत्र सौपा गया था. दिव्यांग प्रमाण पत्र वाँ रेलवे रियाय पास से संबधित सोपा गया था, जिसका सिविल सर्जन द्वारा कार्यवाही की किसी तरह का संथ को जानकाती नहीं दी गई है।

## बालमुकुंद फैक्ट्री में एक हफ्ते में दूसरे मजदूर की मौत, परिजनों ने शव के साथ मुख्य गेट किया जाम

**गिरिडिह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** औद्योगिक क्षेत्र में स्थित बालमुकुंद स्पॉन्ज एंड आयरन फैक्ट्री लगातार हो रही मजदूरों की मौ,त चिंता का विषय बन गई है। बीते एक सप्ताह के अंदर फैक्ट्री में काम के दौरान दूसरे मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। इस ताजा हादसे में सदर प्रखंड के जसपुर पंचायत अंतर्गत बेल्हो गांव निवासी मुकेश कुमार मंडल 35 पिता शीतल मंडल की इलाज के दौरान मौ,त हो गई। वे फैक्ट्री में ड्राइवर के पद पर कार्यरत थे। मिली जानकारी के अनुसार, कार्य के दौरान उन्हें गंभीर चोटें लगीं। चोटों की गंभीरता को देखते हुए उन्हें धनबाद अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी सांसें थम गईं। परिजन इस घटना से गमगीन हैं। वे प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक के शव को लेकर फैक्ट्री के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर रहे हैं। फैक्ट्री में बार-बार हो रहे हादसों ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी और प्रबंधन की लापरवाही को उजागर कर दिया है। कुछ दिन पूर्व भी इसी फैक्ट्री में एक मजदूर की मौत हुई थी श्रमिक संगठनों ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# 16 को गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता बगोदर पहुंचेंगे : राजेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गठबंधन सिर्फ चुनाव तक नहीं बल्कि पूरे टर्म तक होना चाहिए,गिरिडीह विधानसभा में ही नहीं सभी जगह सत्ता अपने ही मनमानी से चलता है, इसकी आलोचना गिरिडीह विधानसभा करता है,आगे से कोई गठबंधन नहीं हो अपील करेगा,पार्टी से माले के प्रखंड कार्यालय में सैकड़ों लोगों को एकत्रित कर के पहले तो कंबल बाटा गया,स्वाति फैक्ट्री के प्रतिनिधियों ने आकर बाटा है,हालांकि माले के प्रतिनिधियों ने कहा कि फैक्ट्री एरिया कैसे बेहतर हो इसपर भी ध्यान देना आवश्यक समझे, मूलभूत सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दे।

जिसमें प्रतिनिधियों ने कहा इस विषय को भी ध्यान के लिए आगे बात करेंगे दूसरी ओर ज्ञात हो कि 16 जनवरी को शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह की शहादत दिवस है उसमें पीरटांड़,प्रखंड और शहर से सैकड़ों की संख्या में बगोदर प्रस्थान करेंगे उसकी तैयारी चल रही है,इसके लिए दिवाल लेखन,सहयोग के लिए चंदा,सक्षम लोग दे रहे है,दर्जनों बस और छोटी गाड़ी से दस बजे पपरवाटांड़ माले ऑफिस में जमा होंगे,वहां पार्टी का झंडोत्तोलन



करेंगे वही प्रखंड ऑफिस और पीरटांड़ में भी झंडोत्तोलन कार्यक्रम होगा,शहीद कॉमरेड की तस्वीर पर मालार्पण करेंगे,गिरिडीह विधानसभा के बदडीहा और गांडेय विधानसभा के तेलोडीह को अपने आंदोलन को बचाया था कॉमरेड महेंद्र सिंह ने आज दोनो क्षेत्र के साथियों ने भी कहा कि हमसब भी जाएंगे बगोदर माले नेता राजेश सिन्हा और कन्हाई पांडेय ने कहा कि अगला विधानसभा तक माले कार्यकर्ता,पार्टी मेंबर की संख्या दस हजार के आस पास करेंगे और खुद से चुनाव लड़ने की बात करेंगे,गठबंधन एक छलावा है,जिसमें वोट के समय के बाद कभी सत्ता दल दूसरे पार्टियों को देखना नहीं चाहती है तो हम सब भी उसकी चालाकी में सामिल होने वाले नहीं है, चार साल पहले और अब एक बार भी सामूहिक बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा ने नहीं किया है,इसका मतलब साफ है कि चुनाव में वोट के लिए सहयोगी के जैसा वोट चाहिए बाकी समय में कोई लेना देना नहीं है तो हमलोग को भी कोई लेना देना नहीं रखना चाहते है,हम सब कोई ठेकेदार वाले पार्टी नहीं है,कोई काम नहीं चाहिए किंतु गठबंधन का धर्म भी तो निभाना चाहिए जो एकदम नहीं हो पाता है इसलिए इसी पार्टी के विरुद्ध खड़ा होंगे हमसब,गलत नीतियों का विरोध करते है केंद्र सरकार की तो तो राज्य सरकार का भी गलत नीतियों का विरोध करेंगे,इसलिए सुधार करना जरूरी है आज उपस्थित थे,प्रखंड सचिव मसूदन कोल, लखन कोल,किशोर राय,नवीन सिंह,गुलाब कोल दानेश्वर,राजन कोल भीम कोल, सकलदेव त्रिभुवन, मोहन आदि दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे, सब ने कहा कि 16 जनवरी से पहले और बाद में भी हमसब लगातार जनता के साथ खड़ा रहते है,आगे भी खड़ा रहेंगे।

# राष्ट्रीय कराटे प्रशिक्षण लेकर लौटे एम्बिशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के चेडरा पंचायत स्थित एम्बिशन पब्लिक स्कूल में डाड़ी बलसारा कराटे आशिहारा काइ कन फाउंडेशन वर्ल्ड के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण शिविर से लौटे विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह सह मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया।



झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय कराटे प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर लौटे विद्यार्थियों का पूरे विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राएं नंदनी कुमारी एवं सेजल साहू द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में विद्यालय की छात्राएं परी कुमारी गुप्ता, अनन्या कुमारी, शालू कुमारी, आरुषि कुमारी, सुमन कुमारी, आलिया कुमारी, कशिश कुमारी एवं तनु श्री ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उप-प्रधानाध्यापक सुशांत कुमार पाठक ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बीएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट एवं 5th डन ब्लैक बेल्ट मनीष कुमार ने 'स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मरक्षा' विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक है। अनुशासन विद्यार्थियों को तनाव व अवसाद से दूर रखता है तथा जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाता है। उन्होंने आत्मरक्षा को आज के समाज की आवश्यकता बताते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में स्वयं एवं अपने प्रियजनों की रक्षा करना अनिवार्य है। वहीं सिहान रोशन राज ने कहा कि स्वास्थ्य का अर्थ केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से संतुलित रहना है। आत्मरक्षा हमें संकट की स्थिति में संतुलित और आवश्यक बल प्रयोग करना सिखाती है। कराटे एक्सपर्ट अमरेश कुमार (हजारीबाग) ने कहा कि अनुशासन अच्छे स्वास्थ्य की नींव है, जबकि आत्मरक्षा प्रशिक्षण से शारीरिक फिटनेस के साथ मानसिक एकाग्रता और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कराटे प्रमुख सिहान समीर बग्गा, सिहान दिनेश कुमार सिंह, सिहान प्रवीण कुमार, झारखंड राज्य कराटे प्रमुख लखन प्रसाद, गौतम भारती, काजल कुमारी, मो. अल्ताफ अंसारी, विद्यालय संचालक विवेक कुमार, प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मंडल, समाजसेवी गुरु प्रसाद साहू, पूरन साहू सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इसके अलावा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, समाचार प्रतिनिधि, सैकड़ों विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## पूर्वी जोन डीएफओ मनीष पहुंचे ग्रामीण इलाके कहा कि जिंदा नाला में चेक डेम बनाए जाने से ग्रामीणों को होगा फायदा : मनीष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पूर्वी जॉन के डीएफओ मनीष तिवारी से बगजोगरा और चरकपथला के ग्रामीणों ने आग्रह किया था कि पानी की समस्या आजादी के बाद से हमारे गांव में नहीं है,जबकि छोटे छोटे नाला बहुत है, एक दो चेकडेम होने से बेहतर होता, इसको संज्ञान में लेने से ग्रामीण इलाका में भी सुधार होगा।

राजनीतिक दल माले की अगुवाई में वार्ता हुई थी, इसको संज्ञान में रखकर डीएफओ मनीष तिवारी आज महुवाटांड़ पहुंचे वहां जंगल के बीच जलस्रोत को देखा कहा कि ऐसे जगह पर दो चार तालाब होने से आस पास इलाके में में सिंचाई होगी इसके लिए उन्होंने कहा कि बड़ा प्रोजेक्ट होने से बेहतर होता इसके लिए मंत्री



से मिलने को कहा गया इसके बाद चरकपथला और बगजोगरा के तरफ डीएफओ ग्रामीणों के साथ माले नेता राजेश सिन्हा, कन्हाई पांडेय, मसूदन कोल के साथ दोनों जगह जाकर जगह चिन्हित किया और कहा कि जल्द दोनो जगह चेक डेम बनाया जाएगा,जिंदा नाला सालो भर पानी चलता रहता है,माले नेता राजेश सिन्हा और कन्हाई पांडेय ने कहा कि ऐसा सहयोग सभी विभाग से मिलता तो पूरा विधानसभा में बेहतर कार्यो को कर के दिखाया जाता।

# मनरेगा से भाजापा द्वारा महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना ये राष्ट्रपिता का अपमान है : निसार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ में भाजपा द्वारा महत्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से महात्मा गांधी के नाम हटाए जाने पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।

आयोजित प्रेसवार्ता में प्रेस को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान कहा की केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदल कर जी राम जी रखा जाना ये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान है। इसके विरोध में 11 जनवरी को जिला मुख्यालयों या प्रमुख सार्वजनिक स्थल जैसे महात्मा गांधी या डॉ. भीमराव अंबेडकर की



प्रतिमाओं के पास एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 12 जनवरी से 29 जनवरी तक सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत स्तर की चौपालें और जन सम्पर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 30 जनवरी को वार्ड और ब्लाक स्तर पर शांतिपूर्ण धरने आयोजित किए जाएंगे। 31 जनवरी से 6 फरवरी तक जिला स्तरीय उपायुक्त कार्यालय के समक्ष मनरेगा बचाओ धरना कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनके पश्चात जी राम जी विधेयक वापस लेने और मनरेगा को उनके मूल स्वरूप में

## गिरिडीह महाविद्यालय मैदान में तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् गिरिडीह के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के उपलक्ष्य में गिरिडीह महाविद्यालय मैदान भव्य तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् बिहार झारखंड क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता चुनुकांत, डॉ सुमन कुमार, डॉ एस पी सिंहा, डॉ अनुज कुमार , प्रो विनीता कुमारी ने युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद जी ओर विद्या की मां सरस्वती के तस्वीरों पर पुष्प अर्पित ओर फीता काट कर किया गया। क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् एबीवीपी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय भव्य जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और स्वामी जी के 'स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन' के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

# त्रिवेणी सैनिक इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी ट्रेनिंग ग्राउंड में पासिंग आउट परेड का आयोजन

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** हजारीबाग के पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के त्रिवेणी सैनिक इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी ट्रेनिंग ग्राउंड में एक शानदार पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया, जो एक यादगार अवसर बन गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीईआइपीएल के डायरेक्टर के. विष्णुवर्धन थे।

कार्यक्रम की शुरूआत में, सीईओ कोल माइनिंग ने पुष्प का पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली और सर्वश्रेष्ठ ड्रिल प्रदर्शन करने वाले पुरुष और महिला जवानों को सम्मानित किया। मीणा जग्गा ने प्रथम, उर्मिला कुमारी ने द्वितीय और अमर कुजूर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें शील्ड प्रदान की गई। अपने संबोधन में, उन्होंने उत्कृष्ट आयोजन के लिए सभी जवानों




और विशेष रूप से डीजीएम सुरक्षा कमलेंद्र कुमार नीरज के प्रयासों और कुशल नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने इस मौके पर 21 पुरुष सुरक्षाकर्मी और 10 महिला सुरक्षाकर्मी की नवनियुक्त टीम की भागीदारी को त्रिवेणी सैनिक के सुरक्षा विभाग के लिए ऐतिहासिक कदम और गर्व का पल बताया,उन्होंने सभी जवानों से अपनी ड्यूटी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने हेतु प्रोत्साहित किया और कहा कि उनके इस प्रयास से कंपनी का मिशन सफलता की ओर अग्रसर है। उन्होंने 45 दिनों की कठोर ट्रेनिंग के सफल आयोजन के लिए ट्रेनिंग टीम के सदस्यों को भी बधाई दी। मुख्य अतिथि ने नवनियुक्त जवानों को संबोधित करते हुए इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि परियोजना प्रभावित युवक और युवतियां कंपनी की सुरक्षा यात्रा का हिस्सा बन रहे हैं, जो एक सफल शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने सभी जवानों और अधिकारियों से कंपनी के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद जताई। सीईओ कोल माइनिंग ने इस मौके पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने परियोजना प्रभावित युवाओं और युवतियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में इसे एक बेहतरीन कदम करार दिया। इस मौके पर सीईओ माइनिंग ने कहा कि हम जीवन में तभी आगे बढ़ सकते हैं जब हम अनुशासित हों, उन्होंने सभी नवनियुक्त कैडेट्स को अपने जीवन में अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कमलेंद्र कुमार नीरज ने बताया कि नवनियुक्त जवान पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट और पकरी बरवाडीह (वेस्ट) परियोजना में नियुक्त किए जाएंगे। कार्यक्रम में मौजूद त्रिवेणी सैनिक के तमाम वरिष्ठ अधिकारियों ने जवानों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## कांग्रेस ने मनरेगा योजना नाम बदलने के खिलाफ सड़क से सदन तक आंदोलन की दी चेतावनी, आज एकदिवसीय उपवास का ऐलान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मनरेगा बचाओ अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी की ओर का नया परिषद भवन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश केडिया ने कहा कि केंद्र सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के नाम बार-बार बदलकर गरीबों, मजदूरों और किसानों के साथ खिलवाड़ कर रही है। मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाना कांग्रेस कार्यकर्ताओं और देश की जनता की भावनाओं पर सीधा आघात है। सतीश केडिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार अपना यह फैसला वापस नहीं लेती है तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक व्यापक




आंदोलन करेगी। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में कल 11 जनवरी 2026 को टावर चौक पर सुबह 11 बजे से एकदिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं के समक्ष आयोजित होगा। प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा जैसी योजना गरीबों की जीवनरेखा है और इससे किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्टी कार्यकताओं ने एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह, बलराम यादव, अशोक विश्वकर्मा योगेश्वर महत्ता अली खान उर्फ लड्डू खान, कृष्ण सिंह सुलेमान अख्तर यश सिन्हा, सरफराज अंसारी बिलाल हुसैनी मोहम्मद सोहेल दिनेश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वीबी-जी राम जी अधिनियम ग्रामीण भारत के लिए दूरदर्शी और ऐतिहासिक कदमः बीडी राम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी अधिनियम, 2025 यानी भीबी-जी राम जी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि का प्रतीक बताते हुए पलामू के सांसद बीडी राम ने कहा कि यह कानून ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, समृद्ध, भ्रष्टाचार-मुक्त और विकसित बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। शनिवार को परिषदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि यह अधिनियम "विकसित भारत 2047" के संकल्प से पूरी तरह जुड़ा है और गांवों को राम राज्य की अवधारणा से जोड़ता है। सांसद ने बताया कि नए अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सालाना 125 दिनों की मजदूरी की कानूनी गारंटी दी गई है, जो पहले के 100 दिनों से अधिक है। कृषि के मुख्य मौसम में 60 दिनों के कार्य विराम का प्रावधान किसानों और मजदूरों—दोनों के हितों का संतुलन बनाए रखेगा। कार्यों को जल सुरक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका अवसंरचना और आपदा तैयारी—चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिससे टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण परिसंपत्तियों का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि तकनीक को कानूनी रूप से अनिवार्य कर बायोमेट्रिक सत्यापन, जियो-टैगिंग, सैटेलाइट इमेजरी, रियल-टाइम ट्रैकिंग और एआई आधारित निगरानी से भ्रष्टाचार पर निर्णायक प्रहार किया गया है। साप्ताहिक भुगतान अनिवार्य होगा और देरी पर स्वतः मुआवजा मिलेगा। प्रशासनिक व्यय सीमा बढ़ाकर 9 प्रतिशत किए जाने से निगरानी और तकनीकी क्षमता मजबूत होगी। एमएनआरईजीए की कमियों का उल्लेख करते हुए सांसद ने कहा कि फर्जी जॉब कार्ड और अनियमितताओं ने गरीबों के अधिकार छीने, जबकि भीबी-जी राम जी अधिनियम बहुस्तरीय निगरानी, अर्धवार्षिक सोशल ऑडिट और डिजिटल शिकायत निवारण से स्थायी समाधान देता है। विपक्ष के आरोपों पर उन्होंने कहा कि नाम परिवर्तन पर राजनीति करना तथ्यहीन है; लक्ष्य गांवों की बेहतरी है। यह अधिनियम ग्रामीण जीवन में समृद्धि और सुरक्षित आजीविका का नया सवेरा लाएगा।

# बंशीधर नगर पहुंचे पलामू डीआइजी किशोर कौशल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बंशीधर नगर (पलामू प्रमंडल)।** पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआइजी) किशोर कौशल ने सोमवार को गढ़वा जिला अंतर्गत बंशीधर नगर स्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की समग्र कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण तथा पुलिसिया व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण उपरांत डीआइजी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानों के थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विधि-व्यवस्था की स्थिति, अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे प्रयासों तथा लंबित मामलों की प्रगति की सूक्ष्मता से समीक्षा की गई। डीआइजी कौशल ने पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण के प्रति पूरी सक्रियता, तत्परता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। प्रत्येक घटना की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए तथा अपराधियों के विरुद्ध कड़े और प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए त्वरित कार्रवाई बेहद आवश्यक है। उन्होंने पुलिस को सजग, संवेदनशील एवं जवाबदेह रहते हुए आम जनता में सुरक्षा की भावना को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया।

# प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य के प्रति रहना होगा सजगः प्रमुख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पंड़वा (पलाम)।** प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना होगा। स्वास्थ विभाग द्वारा लगाए गए मेले का ग्रामीण लाभ लें। उक्त बातें पंडवा प्रमुख गीता मेहता ने कही। वे शनिवार को पंडवा बाजार में लगे प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में उपस्थित लोगो को संबोधित कर रही थी। कहा कि छोटी या बडी किसी भी बीमारी को गंभीरता से लेना चाहिए। ससमय पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराकर उचित परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने सरकार की निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। इसके पूर्व मेला का शुभारंभ गीता मेहता व चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार आजाद ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेला में मलेरिया, मोतियाबिंद, स्वास्थ्य कार्ड, टीकाकरण समेत दर्जनों स्टाल लगाए गए थे। मौके पर बसपा नेता राजन मेहता, कार्यक्रम प्रबंधक शशि कांत कुमार, डॉ श्रवण मेहता, डॉ आनंद कुमार महतो, डॉ प्रसंशा गोयल, डॉ




रवि रंजन, आयुष चिकित्सक डॉ सोमनाथ चक्रधर, डॉ रंजन कुशवाहा, नेत्र सहायक चंदन कुमार, दंत चिकित्सक डॉ कृष्णा राम, एमटीएस उदय चौधरी, एसटीटी वीरेंद्र पासवान, बबलू कुमार, संजीव कुमार, मनीष कुमार सहित दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## राजा बाजार में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्थानीय शहर के राजा बाजार इलाके में संकट मोचन मंदिर के पास देर रात दो गुटों के बीच हुए आपसी विवाद के बाद गोलीबारी की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि राजा बाजार क्षेत्र में मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में तब्दील हो गई, जिसके बाद दोनों पक्षों की ओर से फायरिंग किए जाने की बात सामने आ रही है।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया। तत्काल 112 की टीम और नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। फिलहाल इलाके में पुलिस बल तैनात है और हालात पूरी तरह काबू में बताया जा रहा है।

# सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगा संघर्ष : कांग्रेस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पलामू जिला कांग्रेस कमिटी जिले में चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। उक्त बातें पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विमला कुमारी ने कही। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार व झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू व प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आह्वान पर चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत पलामू जिले के कांग्रेसी 11 जनवरी को स्थानीय गांधी स्मृति टाउन हॉल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दिनभर उपवास रखेंगे। इसके पश्चात पूरे जिले में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी ऐतिहासिक जनकल्याणकारी




योजना को कमजोर किए जाने व उसका नाम बदलकर वी-बी-जी राम जी किए जाने के केंद्र सरकार के निर्णय के विरुद्ध यह आंदोलन संचालित किया जा रहा है। यह संघर्ष केवल किसी योजना के नाम का नहीं बल्कि ग्रामीण मजदूरों के रोज़गार, सम्मान व संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का प्रश्न है। कहा कि एआईसीसी द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत 11 जनवरी को जिला मुख्यालय में महात्मा गांधी अथवा डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष एकदिवसीय उपवास व प्रतिकात्मक विरोध किया जाएगा।

12 जनवरी से 29 जनवरी तक पंचायत, प्रखंड व विधानसभा स्तर पर जनसंपर्क अभियान, नुक्कड़ सभाएं व पर्चा वितरण किया जाएगा। 30 जनवरी को वार्ड व ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरना, 31 जनवरी को जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष मनरेगा बचाओ धरना व 15 फरवरी को राज्य स्तरीय विधानसभा घेराव कार्यक्रम प्रस्तावित है। कहा कि कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया है कि जनआंदोलन के माध्यम से आम जनता को केंद्र सरकार की नीतियों के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा। मनरेगा को कमजोर करने के हर प्रयास का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा। पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। मौके पर सत्यानंद दूबे, विनोद तिवारी, गोपाल सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, तुलसी पासवान अनिल सिंह, सज्जाद अली मौजूद थे।

# थाने की होती है नीलामी, इसलिए बढ़ रहा अपराध बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर बोला हमला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को खूंटी जिला के पड़हा राजा स्वर्गीय सोमा मुंडा के परिजनों से मुलाकात की और राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि झारखंड में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और इसकी मूल वजह सरकार की नाकामी है। मरांडी ने दावा किया कि आज झारखंड में थाना स्तर तक 'नीलामी' का खेल चल रहा है।



**वसूली तंत्र को रोके बगैर अपराध पर नियंत्रण मुश्किल**

उन्होंने कहा, 'लोग बताते हैं कि थाना 15 से 20 लाख रुपए में नीलाम होता हैं'। जो अधिकारी पैसे देकर आते हैं, वे वसूली करेंगे ही। जब तक यह वसूली तंत्र नहीं रुकेगा, अपराध भी नहीं रुकेगा। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा भी उनके साथ मौजूद थे। दोनों नेताओं ने सोमा मुंडा के परिवार को सांत्वना दी और कहा कि इस हत्या की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

**भू-माफियाओं की शरणस्थली बन गया है खूंटी**

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि खूंटी भूमाफियाओं की शरणस्थली बन गया है। सरकारी और आदिवासी जमीनों पर जबरन कब्जा करने में थाना स्तर तक की मिलीभगत दिखती है। उन्होंने कहा कि पड़हा राजा सोमा मुंडा जल, जंगल और जमीन के प्रति समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता थे, जो पारंपरिक पड़हा व्यवस्था के तहत लोगों को न्याय दिलाने का काम करते थे।

**मुख्यमंत्री के पास है गृह विभाग-बाबूलाल मरांडी**

बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि चूंकि राज्य का गृह विभाग उन्हीं के पास है, इसलिए कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर है। उन्होंने कहा, 'अगर सरकार थाना स्तर पर पैसों की वसूली बंद कर दे, तो अपराध अपने आप कम हो जाएंगे और राज्य में कानून-व्यवस्था सुधर जाएगी।' भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के नाते पार्टी जनता की समस्याओं को मजबूती से सरकार के समक्ष रखती रहेगी और सोमा मुंडा जैसे आदिवासी नेताओं को न्याय दिलाने की लड़ाई जारी रहेगी। बता दें कि बुधवार की शाम सोमा मुंडा की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद से पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस बीच शुक्रवार को केस की प्रगति रिपोर्ट जानने खूंटी पहुंचे रांची के आईजी मनोज कौशिश ने खूंटी थाना प्रभारी को सस्पेंड करते हुए लाइन हाजिर कर दिया था। तोरपा सर्किल इंस्पेक्टर अशोक सिंह को एसपी मनीष टोप्पो ने खूंटी थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी है।

# चिकित्सक डा. सुशील पांडेय का भगिना आयुष अंतरराष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के पाटन प्रखंड के कारीहार गांव निवासी संजय दुबे उर्फ बाबूलाल दुबे के पुत्र व ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ सुशील पांडेय के भगिना आयुष भास्कर ने एमआरसीपी जैसी अत्यंत प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण कर पलामू सहित पूरे झारखंड का नाम रौशन किया है। गौरतलब है कि एमआरसीपी विश्वविद्यालय की सबसे कठिन व सम्मानित मेडिकल परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। परीक्षा यूनाइटेड किंगडम में इंटरनल मेडिसिन व उससे जुड़ी विशेषज्ञताओं जैसे कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी आदि में आगे की विशेषज्ञ प्रशिक्षण स्पेशलिटी ट्रेनिंग के लिए अनिवार्य योग्यता है। एमआरसीपी को उत्तीर्ण करना इस बात का प्रमाण है कि चिकित्सक के पास उच्च स्तरीय क्लीनिकल कौशल, रोगी परीक्षण की दक्षता व गहन चिकित्सा ज्ञान है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। डॉ. आयुष भास्कर के पिता संजय दूबे व माता नीलम दूबे हैं। चिकित्सा क्षेत्र से उनका पारिवारिक जुड़ाव भी रहा है। डॉ. आयुष भास्कर के मामा मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष हैं। डा. आयुष ने



कहा कि वे विदेश में कार्य अनुभव प्राप्त करने के बाद भविष्य में झारखंड लौटकर राज्य के लोगों को अपनी विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं देना चाहते हैं। इससे क्षेत्र के मरीजों को उन्नत इलाज का लाभ मिल सकेगा। मौके पर ख्याति प्राप्त चिकित्सक डा. सुशील पांडेय ने कहा कि उनका भगीना डा. आयुष भास्कर बहुत ही मेहनती हैं। चिकित्सा क्षेत्र में अपने कौशल का लाभ झारखंडवासियों को जरूर देंगे।

## कट्टा के साथ दो गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/नबिटा संवाददाता।** जिले के मखदुमपुर थाने की पुलिस ने मठ भगवानपुर गांव के पास छापामारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। गिरफ्तार लोगों में आज़ाद पासवान ग्राम- असरफपुर का रहने वाला है। जबकि दूसरा युवक जितेंद्र गिरी ग्राम शेरपुर दोनों जिला नालंदा के रहने वाले हैं। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वहां पर कुछ असामाजिक तत्व के लोग सक्रिय है। जिसके बाद मखदुमपुर थाने की पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए देसी कट्टा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया, साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ईः निविदा सूचना सं. : एस. जी. 664—20—टेली—2025—26, धनबाद, दिनांक 08.01.2026

भारत के राष्ट्रपति की और से निम्न कार्य हेतु ईः निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

1. कार्य का नामः धनबाद डिवीजन के BIRT - MMLN, TORI - SVPO, BRKA - SDWR - SHANKI - MESRA - TATISILWA और BRKA - BRKA AVO - BERMO सेक्शन में विभिन्न प्रोजक्ट्स के तहत S&T कंस्ट्रक्शन यूनिट द्वारा बिछाई गई/बिछाई जाने वाली OFC का तीन (03) साल का एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट। (2) धनबाद डिवीजन के MPO-PKA सेक्शन में ABS/KAVACH की OFC का तीन (03) साल का एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (3) धनबाद डिवीजन के TORI-GHD सेक्शन में 3rd लाईन प्रोजेक्ट के तहत RVNL द्वारा बिछाई गई/बिछाई जाने वाली OFC का तीन (03) साल का एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट करने हेतु, 2. कार्य का आकलित मूल्य :₹ 6,73,97,782.11 (लगभग) 3. कार्य का अग्रधन राशि:₹4,87,000/–, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 30.01.2026 (12:00 बजे), 5. ऐसी ईः निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रुप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्यः— प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट:http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करे।

वरीय मंण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/ पूमरे/धनबाद

पीआर/1598/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी/25–26/48


# मेदिनीनगर नगर निगम चुनावी खिचड़ी में तड़का लगाने उतर सकती हैं नामधारी परिवार की बहू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नगर निकाय चुनाव का बिगुल 14 जनवरी के बाद कभी भी बज सकता है। 14 जनवरी नजदीक आ रहा है चुनावी रंग में रंगे संभावित प्रत्याशी सामने नजर आते जा रहे हैं। विशेष सूत्रों से पता चला है कि पलामू जिले के चर्चित व राजनीति के धुरंधर नामधारी परिवार की बहू भी चुनावी मैदान में आ सकती हैं। मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव में मेयर प्रत्याशी की सीट महिला के लिए आरक्षित कर दिए जाने के बाद सभी संभावित प्रत्याशी अपने-अपने दावपेंच लगाने शुरू कर दिए हैं। इस लड़ाई में निवर्तमान मेयर व पूर्व प्रत्याशी पूरे दम




खम के साथ जोर लगा रहे हैं। राजनीतिक के धुरंधर रहे इंदर सिंह नामधारी परिवार न तो नाम का मोहताज है और न ही परिचय का। ऐसे में उनके परिवार से निकाय चुनाव में मेयर प्रत्याशी के रूप में उतरना बहुत दिलचस्प के साथ निकाय चुनाव को जटिल भी बनाएगा। वैसे तो राजनीति व खेल में कुछ भी कहना संभव नहीं है। मगर यहां पर नामधारी परिवार में सभी वर्ग, सभी जाति व सभी समुदायों में इनकी एक अपनी पकड़ चुनाव को और भी दिलचस्प बना सकता है। अब देखना दिलचस्प होगा कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में मेयर पद के चुनाव के लिए कौन -कौन से चेहरे मैदान में उतरते हैं।

# रांची में गणतंत्र दिवस की तैयारी तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोह 2026 को लेकर रांची जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें समारोह के सफल आयोजन के लिए जरुरी दिशा-निर्देश दिए गए। व्यवस्थाओं को मिली अंतिम रूप देने की ताकीद उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि मोरहाबादी मैदान में होने वाला यह समारोह रांची की प्रतिष्ठा से जुड़ा आयोजन है, इसलिए हर स्तर पर पूर्ण तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने तमाम विभागों के पदाधिकारियों को कार्य आवंटित करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

**झांकी बनेगी आकर्षण का केंद्र**

इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में झारखंड की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और सरकारी



नीतियों से प्रेरित झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उपायुक्त ने बताया कि कुल 12 विभागों की झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी, जिनमें, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, ग्रामीण विकास, शिक्षा विभाग, कृषि, पर्यटन एवं संस्कृति, स्वास्थ्य, परिवहन तथा महिला बाल विकास विभाग प्रमुख है। इन झांकियों के माध्यम से राज्य की ऐतिहासिक धरोहर, सामाजिक योजनाएं और सांस्कृतिक वैभव को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

15 प्लाटून और 3 बैंड दिखाएंगे परेड का दम इस समारोह में सुरक्षा बलों और एनसीसी के लगभग 15 प्लाटून और 3 बैंड भाग लेंगे। 18 जनवरी से परेड अभ्यास शुरू होगा, जो 24 जनवरी तक जारी रहेगा। उपायुक्त ने सभी विभागों को तय समय सीमा में तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया है।

मोरहाबादी मैदान में दिखेगा झारखंड का गौरव गणतंत्र दिवस 2026 पर मोरहाबादी मैदान में जब झांकियों की झिलमिलाहट, बैंड की धुन और परेड की अनुशासित चाल एक साथ दिखाई देगी, तो रांचीवासियों को न सिर्फ देशभक्ति बल्कि 'नए झारखंड' की झलक भी देखने को मिलेगी।

इस बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, अपर समाहर्ता राजेश्वर नाथ आलोक, समेत अनेक विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

ई–निविदा संख्या 287-DHN-2025-26, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : धनबाद मंडल – मं. अभि./4/ धनबाद के क्षेत्राधिकार में चुरकी बैलस्ट साईडिंग का प्रावधान, 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु में): ₹18,14,51,495.16/– ब्याने की राशि (रु में): ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समयः ई निविदा बंद होने की तारीख 04.02.2026 को 12:00 बजे तक। ई– निविदा खुलने की तारीख 04.02.2026 को 12:30 बजे से। वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/ पूमरे /धनबाद

पीआर/1597/डीएचएन/अभिं./टी/25–26/28


# दो बच्चों को गायब करने की कोशिश, महिला हिरासत में

**मेदिनीनगर (पलामू)/नबिटा ब्यूरो।** रांची के अंश और अंशिका की तरह पलामू में भी दो बच्चों को गायब करने की कोशिश की गई। लेकिन ग्रामीणों और पुलिस की तत्परता से किसी तरह की अनहोनी होने से बचा लिया गया। पुलिस के द्वारा दोनों बच्चों को बरामद कर लिया गया है जबकि एक महिला को भी पकड़ा गया है। पकड़ी गई महिला कई भाषाओं में बात कर रही और अपनी पहचान छुपाने की कोशिश कर रही है। पुलिस महिला के नाम और पता का सत्यापन कर रही है एवं कई बिंदुओं पर छानबीन भी कर रही है। दरअसल, मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार ने शुक्रवार को एक महिला को अपने घर पर काम करने के लिए रखा था। शुक्रवार को ही महिला पूरे परिवार के साथ घुलमिल गई। शनिवार की सुबह-सुबह घर में मौजूद दो बच्चों को अपने साथ लेकर निकल गई।

# स्वाभिमान पर्व के लिए पीएम मोदी का दो दिवसीय सोमनाथ दौरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज से दो दिवसीय सोमनाथ गुजरात का दौरा शुरू हो रहा है। वे यहां पर स्वाभिमान पर्व में शामिल होंगे। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार को कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की आध्यात्मिक परंपरा का एक शक्तिशाली प्रतीक है और इसे पूरे देश में भक्ति, विश्वास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस संबंध में पीएम मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारी आध्यात्मिक परंपरा का एक शक्तिशाली प्रतीक है, जिसे पूरे देश में पूरी श्रद्धा, विश्वास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी तरह, कल शनिवार रात लगभग 8 PM बजे, मुझे सोमनाथ मंदिर में ओंकार मंत्र के दिव्य जाप में शामिल होने का सौभाग्य मिलेगा। उन्होंने आगे लिखा कि रविवार अगली सुबह करीब 9:45 AM बजे, भारत माता की अनगिनत वीर संतानों को समर्पित शौर्य यात्रा में शामिल होने के बाद, मैं दर्शन और पूजा के लिए मंदिर जाऊंगा। इसके बाद, मुझे यहां एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। बता दें, प्रधानमंत्री मोदी 10 और 11 जनवरी, 2026 को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में हिस्सा लेने के लिए गुजरात के सोमनाथ जाएंगे। 10 जनवरी को रात करीब 8 बजे प्रधानमंत्री ओंकार मंत्र के जाप में हिस्सा लेंगे, जिसके बाद वे सोमनाथ मंदिर में ड्रोन शो देखेंगे। रविवार 11 जनवरी को सुबह करीब 9:45 बजे, प्रधानमंत्री शौर्य यात्रा में हिस्सा लेंगे। यह एक रस्मी जुलूस है जो सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए अपनी जान देने वाले अनगिनत योद्धाओं के सम्मान में आयोजित किया जाता है। शौर्य यात्रा में 108 घोड़ों का एक प्रतीकात्मक जुलूस होगा, जो वीरता और बलिदान को दिखाएगा। आजादी के बाद, देश के पूर्व गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने मंदिर को ठीक करने की कोशिश की थी। साल 1951 में एक बड़ा मील का पत्थर हासिल हुआ, जब उस समय के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ। राजेंद्र प्रसाद की मौजूदगी में ठीक किए गए सोमनाथ मंदिर को भक्तों के लिए खोल दिया गया। 2026 में इस ऐतिहासिक मरम्मत के 75 साल पूरे होने से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व खास महत्व रखता है।

# जदयू जुटा मिशन सफाई में

## कई दिग्गजों सहित अब तक 33 को दिखाया बाहर का रास्ता

## रफीगंज के अशोक कुमार सिंह व औरंगाबाद के संजीव कुमार सिंह किये गये बाहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जदयू ने विगत विधानसभा चुनाव के दौरान दल विरोधी व गठबंधन के प्रत्याशियों के खिलाफ सक्रियता के आरोप में अब तक 37 लोगों पर कार्रवाई की है। इनमें 33 लोगों को तो पार्टी ने अगले छह वर्षों के लिए पार्टी से निकाल दिया है। वहीं चार जिलाध्यक्षों के समानांतर नए कार्यकारी ज्लिाध्यक्ष बना दिए गए हैं।

जिन लोगों पर जदयू ने कार्रवाई की है उनमें दो ऐसे भी हैं जिन्हें कभी पार्टी ने चुनाव लड़ाया, जिले की कमान दी और अब बाहर की राह बता दी ।शुक्रवार को जिन एक दर्जन लोगों को जदयू ने दल से अगले छह वर्षों के लिए पार्टी से निकाल दिया उनमें दो नाम इस श्रेणी में हैं जिन्हें जदयू ने टिकट दिया था। औरंगाबाद जिले के रफीगंज से अशोक कुमार सिंह दो बार विधायक बने थे। उन्हें जदयू ने एक समय पार्टी का जिलाध्यक्ष भी बनाया था। पर 2025 के चुनाव के दौरान उन पर आरोप लगा कि उन्होंने दल की नीतियों के खिलाफ काम किया। उनके साथ औरंगाबाद के संजीव कुमार सिंह को भी दल से निकाल दिया गया। इसी तरह 2020 के चुनाव में जदयू ने जीरादेई से कमला कुशवाहा को टिकट दिया था। उनके टिकट को लेकर उस समय विवाद इस वजह से था कि टिकट की दावेदारी रमेश कुशवाहा की थी। जदयू ने 2025 में कमला कुशवाहा का टिकट काट दिया। जिस भीष्म प्रताप सिंह को जदयू ने अपना उम्मीदवार बनाया वह जीत भी गए।

कमला कुशवाहा और संजय कुशवाहा पर यह आरोप था कि विधानसभा चुनाव के दौरान उनका दलीय प्रत्याशी के साथ सहयोग नहीं रहा। सबसे अधिक कार्रवाई जहानाबाद में हुई। जहानाबाद से जदयू प्रत्याशी की हार काफी कम मतों से हुई थी। 27 दिसंबर को जदयू ने अपने दल से जुड़े लोगों पर बड़ी संख्या में अनुशासनिक कार्रवाई की थी। पार्टी द्वारा गठित तीन सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट पर एक साथ 21 लोगों को अगले छह वर्षों के लिए पार्टी से निकाला गया था। इनमें कई प्रखंड अध्यक्ष , पूर्व प्रखंड अध्यक्षो प्रदेश सचिव व पूर्व जिला अध्यक्ष शामिल थे। इसके पूर्व जदयू ने अपने चार जिलाध्यक्षों के समानांतर नए कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त कर दिए थे। जिलाध्यक्षों पर भी चुनाव के दौरान सक्रिय नहीं रहने का आरोप था। इनमें बगहा, पूर्वी चंपारण, बेगूसराय व भोजपुर के जिलाध्यक्ष शामिल थे।

# झोला छाप डाक्टर ने ली एक और महिला की जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हथौड़ी।** करीब साढ़े तीन वर्ष पूर्व झोलाछाप और अव्यवस्था की भेंट चढ़ी सुनीता कुमारी की पिछले साल हुई मौत के बाद भी स्वास्थ्य महकमा सोया ही रहा। सुनीता की मौत का अभी इंसाफ भी नहीं हो पाया कि उसकी ही तरह एक और महिला झोलाछाप और अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई।

हथौड़ी थाना क्षेत्र में बिना चिकित्सक और उपकरण वाले हथौड़ी चौक स्थित हरिओम नर्सिंग होम में टेबल पर ही शुक्रवार सुबह गर्भाशय का ऑपरेशन करने के लिए अम्मा निवासी रागिनी देवी (32) को लिटा दिया। ऑपरेशन से पहले उसे एनेस्थिसिया दी गई। इसके बाद ही उसकी हालत बिगड़ी गई।

आनन-फानन में उसे बखरी रोड स्थित एक निजी अस्पताल भेजा गया। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। रागिनी की मौत के बाद स्वजन उसका शव लेकर हरिओम नर्सिंग होम पहुंचे। नर्सिंग होम संचालक एवं झोलाछाप हरिओम यादव पर गलत दवा देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पति चुन्नी लाल साह ने कहा कि हरिओम ने रागिनी के गर्भाशय में गांठ की बात कही थी। उसके ऑपरेशन के लिए गुरुवार शाम रागिनी को हरिओम नर्सिंग होम में भर्ती किया गया था। सुबह ऑपरेशन होना था। उससे पहले बेहोशी की जो दवा थी, उसके बाद ही तबीयत बिगड़ गई। उसे बचाया नहीं जा सका।

हंगामा बढ़ता देख किसी ने पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। साथ ही झोलाछाप ने स्थानीय नेताओं से मध्यस्थता कराई। माना जा रहा है कि इसके बाद ही समझौता हो गया। स्वजन ने शिकायत दर्ज नहीं कराई। हथौड़ी थानाध्यक्ष विक्की कुमार से इस बावत पूछा गया तो बताया कि घटना की शिकायत नहीं की गई है।

# लेखा अधिकारी रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

## 10 लाख की फाइल 18 हजार में हुई थी डील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खगड़िया।** जिले में सरकारी महकमों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। डीआरडीए परिसर स्थित स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्यालय में तैनात प्रमंडलीय लेखा अधिकारी शिशिर कुमार राम को 18 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

आरोप है कि लेखा अधिकारी शिशिर कुमार राम एक संवेदक का बकाया भुगतान करने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा था। पीड़ित संवेदक संजय कुशवाहा ने बताया कि उसने बालू आपूर्ति का कार्य किया था, जिसका 10 लाख 50 हजार रुपये का भुगतान लंबित था। मूल बिल खो जाने के कारण उसने भुगतान के लिए बिल की फोटोकॉपी जमा की थी। इस बिल को संबंधित जूनियर इंजीनियर (जेई) और असिस्टेंट इंजीनियर (एई) ने पास कर दिया था, लेकिन लेखा अधिकारी ने जानबूझकर फाइल को रोक लिया।

संवेदक के अनुसार, बिल पास करने के बदले पहले उससे 20 हजार रुपये की मांग की गई, बाद में सौदा 18 हजार रुपये में तय हुआ। संजय कुशवाहा ने बताया कि पिछले दो महीनों से अधिकारी उसे लगातार दौड़ा रहा था। पहले फंड नहीं आने का बहाना बनाया गया और बाद में सीधे तौर पर पैसों की मांग की जाने लगी। उसने यह भी आरोप लगाया कि विभाग में कई अन्य ठेकेदार भी इसी तरह परेशान किए जा रहे हैं।

परेशान होकर संजय कुशवाहा ने पटना स्थित निगरानी विभाग से शिकायत की। शिकायत के बाद निगरानी विभाग ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद जाल बिछाया गया।

निगरानी विभाग की नौ सदस्यीय टीम खगड़िया पहुंची और गुप्त रूप से कार्यालय के आसपास तैनात हो गई। जैसे ही संवेदक संजय कुशवाहा ने तयशुदा राशि 18 हजार रुपये लेखा अधिकारी शिशिर कुमार राम को दी, टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के तुरंत बाद आरोपी अधिकारी को हिरासत में लेकर पटना ले जाया गया। मामले को लेकर निगरानी विभाग के डीएसपी श्याम बाबू ने बताया कि संवेदक द्वारा की गई शिकायत पूरी तरह सही पाई गई थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।

# भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर हुई मौत

## अरियांव टोला में पोस्टमार्टम के बाद दोनों युवकों का शव पहुंचते ही मची चीख-पुकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा/मांझी (सारण)।** सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र में मांझी-बरौली स्टेट हाइवे-96 पर गंजपर गांव के समीप शुक्रवार की देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दाउदपुर थाना क्षेत्र के बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान मांझी प्रखंड के दाउदपुर थाना क्षेत्र के शीतलपुर पंचायत के अरियांव गांव के टोला निवासी दिलीप राम के 22 वर्षीय पुत्र करण कुमार व श्याम नारायण राम के 25 वर्षीय पुत्र हेम नारायण राम के रूप में हुई है।



हादसे की सूचना मिलते ही एकमा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को दोपहर बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

एकमा थानाध्यक्ष ध्रुव प्रसाद सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शवों को परिजनों के हवाले कर दिया गया है। दोपहर बाद जब दोनों युवकों के शव उनके गांव अरियांव टोला पहुंचे तो परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। गांव का माहौल गमगीन हो गया और हर आंख नम दिखी। वहीं असमय हुई इस मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है। शीतलपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जेपी पांडेय व जिला पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव ने पहुंच कर मृतक युवकों के परिजनों को सांत्वना देते हुए आर्थिक सहयोग किए।

परिजनों ने बताया कि करण कुमार एकमा बाजार स्थित एक मोटरसाइकिल रिपेयरिंग दुकान पर मिस्त्री का काम करता था, जबकि हेम नारायण राम एकमा ब्लॉक रोड स्थित एक निजी विद्यालय का वाहन चालक था। दोनों युवक रोज की तरह अपना काम निपटाने के बाद एकमा बाजार से बाइक से दाउदपुर थाना क्षेत्र के अरियांव टोला स्थित अपने गांव लौट रहे थे।

इसी दौरान गंजपर गांव के समीप उनकी बाइक एक अज्ञात अनियंत्रित वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सड़क किनारे भवन निर्माण के लिए सजाकर रखी ईंटों के ढेर से जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान व मामले की जांच में जुटी है।

# बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा( नालंदा)।** नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार के दिन रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष सह वीडीओ अनुपस्थित रहे।

बैठक में समिति के सदस्यों ने स्वास्थ्य केंद्र में डिस्प्ले बोर्ड, सीसीटीवी कैमरा का मॉनिटर क्रय करने ,स्वास्थ्य केंद्र के लिए इनवर्टर, कार्य करने मीटिंग के लिए टेबुल क्रय करने, पुराना एक्सरे मशीन की जगह नए एक्सरे मशीन को लेकर जिला से निवेदन करने ,लेबर रूम में मेनू डाइट फ्लैक्स बैनर प्रकाशित करने स्वास्थ्य केंद्र में शिकायत पेटी लगाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर धनेश कुमार स्वास्थ्य प्रबंधक पुष्पा कुमारी सदस्य सुशीला कुमारी अमरजीत कुमार सिंह रंजीत कुमार, कमलेश मांझी उपस्थिति थे।

# खेसारी लाल ने राजनीति को कहा बाय-बाय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा चुके भोजपुरी फिल्म अभिनेता और गायक खेसारी लाल यादव ने राजनीति से दूरी बनाने के संकेत दिए हैं। चुनाव में हार के बाद खेसारी लाल ने खुलकर कहा कि राजनीति सही लोगों के लिए नहीं है। उनका मानना है कि जो व्यक्ति झूठ बोलना जानता है और लोगों को गुमराह कर सकता है, वही राजनीति में सफल हो पाता है।

अपनी हार पर प्रतिक्रिया देते हुए खेसारी लाल यादव ने कहा कि उन्हें अब यह महसूस हो गया है कि वह एक कलाकार के रूप में ही ज्यादा सही हैं। उन्होंने कहा, हम लोगों के लिए पॉलिटिक्स सही नहीं है। यहां सच बोलने पर समस्या होती है। जो सच बोलेगा, वह राजनीति में आगे नहीं जा सकता। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि राजनीति में आगे बढ़ने के लिए झूठे वादे करने पड़ते हैं और जनता को भ्रमित करना पड़ता है, जो उनके स्वभाव और मूल्यों के खिलाफ है।

खेसारी लाल ने आगे कहा कि उनकी पूरी जिंदगी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ गुजरी है। ऐसे में वह उस व्यवस्था का हिस्सा नहीं बन सकते, जहां सच्चाई की कोई कीमत नहीं है।

उन्होंने कहा, अगर दुनिया को बेवकूफ बनाना है तो राजनीति में आओ, लेकिन मेरी सोच ऐसी नहीं है। बिहार की राजनीति और जनता को लेकर भी खेसारी लाल यादव ने बड़ा बयान दिया।

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को शायद बदलाव नहीं चाहिए। अगर जनता बेहतर विकल्प चुनना चाहती, तो बदलाव जरूर आता। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसके लिए किसी एक नेता, पार्टी या सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा, बेहतर बिहार दिख रहा है तो ठीक है। लेकिन अगर सच में बेहतर चाहिए, तो बेहतर विकल्प के साथ जाना होगा।

# एसटीएफ की कार्रवाई से लोगों में मचा हड़कंप

## कई पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा )।** प्रखंड क्षेत्र के चोरी से बिजली जलाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बिजली चोरी करते पकड़े जाने वाले व्यक्ति पर जुर्माना लगाने के साथ-साथ एफआईआर दर्ज भी कराई जा रही है। बिजली चोरी रोकने को लेकर विद्युत एसटीएफ के एईई राजीव कुमार, कनीय विद्युत अभियंता नगरनौसा विवेक कुमार केसरी, राजकिशोर सिंह टेक्नीशियन 1, दिव्या भारती टेक्नीशियन तीन मानव बल संजीव कुमार मंटू कुमार कृष्ण कुमार के साथ सशस्त्र पुलिस बल नगरनौसा नेतृत्व में टीम गठित कर चलाया गया।

अभियान के तहत टीम सबसे पहले अकैड़ गांव पहुंचे जहां जाँच के दौरान कामेश्वर महतो एलटी लाइन से टोका फंसाकर विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। इन पर कुल 16546 का जुर्माना लगाते हुए प्राथमिक की दर्ज करायी गयी। इसी तरह सकरोढा गांव में अशोक कुमार निराला को मीटर बाय पास कर विद्युत चोरी करते पकड़ा गया इन पर कुल 89295 का जुर्माना लगाते हुए प्राथमिक की दर्ज करायी गयी। इसी तरह सकरोढा गांव निवासी सत्येंद्र पंडित का मीटर बायपास कर विद्युत चोरी करते पकड़ा गया इन पर पूर्व का बकाया सहित कुल 10133 रुपया का जुर्माना लगाते हुए प्राथमिक की दर्ज करायी गयी।

इसी तरह सकरोढा गांव निवासी शैलेंद्र प्रसाद को मीटर बायपास कर विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया इन पर कुल 75000 का जुर्माना लगाते हुए प्राथमिक की दर्ज करायी गयी। सकरोढा गांव निवासी सुबोध कुमार को एलटी लाइन से टोका फंसाकर विद्युत चोरी करते पकड़ा गया इन पर 120 514का जुर्माना लगाते हुए प्राथमिक की दर्ज करायी गयी इसी तरह सकरपुरा गांव निवासी राजू कुमार को मीटर बायपास कर विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया जिसे कुल 24202 जुर्माना लगाते हुए प्राथमिक की दर्ज करायी गयी।

# चोरों ने की एटीएम काटने की कोशिश

**दरभंगा।** विश्वविद्यालय थानाक्षेत्र के लक्ष्मीसागर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएक को बदमाशों ने काटकर ले जाने की कोशिश की। हालांकि, बदमाशों को कामयाबी नहीं मिली। घटना गुरुवार की देर रात की बताई जा रही है। शुक्रवार की सुबह जब लोगों ने रुपये निकासी के लिए अंदर गए तो घटना की जानकारी मिली। इसके बाद इसकी सूचना आग की तरह फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच की। इस दौरान एटीएम का आगे का भाग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त पाया गया। सीसी कैमरे के फुटेज खंगालने पर कुछ बदमाशों की करतूत कैद पाई गई। फुटेज में सभी बदमाश रुपये के बाक्स को काटकर निकालने की कोशिश करते देखे गए हैं। हालांकि, लोगों के आते-जाते देख सभी बदमाश फरार हो गए। उधर, पूरे मोहल्ले में एटीएम को काटकर ले जाने की चर्चा बनी रही।

लोगों का कहना था कि लाखों रुपये भी बदमाश ले गए। लेकिन, जांच में ऐसी कोई बात सामने नहीं आई। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि फुटेज के आधार पर बदमाशों का सत्यापन किया जा रहा है।

# संगठित बाइक चोर गिरोह का पुलिस ने किया उद्‌भेदन

## आठ मोटरसाइकिलों के साथ तीन युवक धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** जगरनाथपुर थाना पुलिस ने बाइक चोरी के एक संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अलग-अलग स्थानों से चोरी की कुल आठ मोटरसाइकिल बरामद की हैं। यह सभी बाइक का नंबर बदलकर इसे बेचने की तैयारी में थे इसके लिए वह फर्जी कागजात भी बनाते थे। मामले की जानकारी थाने में आयोजित प्रेसवार्ता में सिटी एसपी पारस राणा ने दी। इस दौरान जगरनाथपुर थाना प्रभारी सहित छापेमारी दल के अधिकारी भी उपस्थित थे।सिटी एसपी ने बताया कि 9 जनवरी की शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि हेसाग तालाब के पास कुछ असामाजिक तत्व चोरी की मोटरसाइकिल लेकर घूम रहे हैं और नशापान व अन्य अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं।

सूचना के आधार पर सिटी एसपी के निर्देश पर जगरनाथपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने हेसाग तालाब और आसपास के इलाकों में छापेमारी कर तीन युवकों को चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वे हेसाग तालाब के पास स्थित रिसॉर्ट, सार्वजनिक भवनों और अन्य स्थानों पर खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाते थे। चोरी के बाद बाइकों को ग्राहकों को बुलाकर बेच दिया जाता था।आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कुल आठ चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। इनमें कुछ बाइक बिना नंबर प्लेट की भी हैं।

बरामद मोटरसाइकिलों में बुलेट 3, स्प्लेंडर प्रो 3, होंडा साइन 1, पैशन प्रो 1 है। गिरफ्तार आरोपितों में राज उर्फ विजय सिंह, संतोष उर्फ करण ठाकुर, विनीत उर्फ प्रिंस पासवान (19 वर्ष), प्रेमनगर रोड नंबर-06, सिंह मोड़, हटिया शामिल हैं

# प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या

## खेत से शव बरामद

## लोगों ने किया जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** कटेया थाना क्षेत्र की बेलही खास पंचायत अंतर्गत मोहनपुर गांव में शनिवार की सुबह 20 वर्षीय युवक का शव खेत से बरामद किया गया।

मृतक की पहचान कांग्रेस कुशवाहा के पुत्र अनिल कुशवाहा के रूप में की गई। आसपास के कई गांवों के लोग घटनास्थल पर जुट गए।

गांव से गुजरने वाली मुख्य सड़क पर बांस-बल्ली रख आवागमन अवरुद्ध कर दिया। ग्रामीण वरीय पदाधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

स्वजनों के अनुसार, शुक्रवार की रात भोजन के बाद देर रात किसी ने फोन कर उसे घर से बाहर बुलाया। भोर में जब वह मवेशियों को चारा देने के बाद बेटे के कमरे में पहुंचीं तो अनिल वहां नहीं था। वे सशंकित हो गईं।



खोजबीन चल ही रही थी कि खेत में शव मिलने की सूचना पहुंची। इसके बाद स्वजन दौड़े-भागे गए तो वह शव अनिल का ही था। इसके बाद तो कोहराम मच गया।

स्वजन ने आरोप लगाया कि अनिल का गांव की एक युवती से दो-तीन वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती कई बार अनिल के घर आकर मंदिर में शादी करने की बात भी कह चुकी थी।

आरोप है कि इसी दबाव और विवाद के चलते अनिल को घर से बुलाकर उसकी हत्या कर दी गई और शव खेत में फेंक दिया गया।

जब पुलिस परिजनों के आरोप के आधार पर संदिग्ध युवती के घर पहुंची तो उसके घरवालों ने दावा किया कि अनिल उनके घर आया था और वहीं फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। हालांकि खेत से शव मिलने के कारण मामला पूरी तरह संदिग्ध बना हुआ है।

पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के दौरान आक्रोशित भीड़ ने संदिग्धों को पुलिस से चंगुल से लेने का प्रयास किया। यह देख उनसे बचाने के लिए एक आरोपी को पुलिस पास के घर में छिपकर बचाने का प्रयास किया। पुलिस ने हालात को नियंत्रित कर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। वहीं हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि पुलिस की तरफ से कार्रवाई की जा रही है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी की जाएगी। फिलहाल उग्र लोगों को शांत करा दिया गया है।

# एकमा विधायक ने विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण, शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति पर जताया संतोष

## मध्याह्न भोजन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, स्वयं करेंगे गुणवत्ता की जांच : धूमल सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा।** एकमा विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह ने शनिवार को क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। इसी क्रम में अपराह्न लगभग 3:50 बजे वह उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर व उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर परिसर पहुंचे।निरीक्षण के दौरान विधायक श्री सिंह ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर के प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी तथा उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी से विद्यालय में शिक्षकों एवं छात्रों की संख्या की जानकारी ली। हालांकि कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेशानुसार कक्षा 1 से 10 तक के छात्रों की उपस्थिति पर प्रतिबंध लगाया गया है।

वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक सहित कुल आठ शिक्षक-शिक्षिकाएं, तालिमी मरकज के एक शिक्षक राज मोहम्मद अंसारी तथा उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में कुल 20 शिक्षक-शिक्षिकाएं शत-प्रतिशत मौजूद रहे। सभी शिक्षकों की पूर्ण उपस्थिति देखकर विधायक ने संतोष व्यक्त किया। इसके पूर्व विधायक ने अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय एकमा व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकमा का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में एनजीओ के माध्यम से परोसे जा रहे मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई स्थानों से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि भोजन की गुणवत्ता सही नहीं होने के कारण बच्चे उसे खाने से परहेज कर रहे हैं। विधायक ने स्पष्ट किया कि सर्दी कम होने के बाद जैसे ही विद्यालय बच्चों के लिए नियमित रूप से खुलेंगे, वे स्वयं स्कूलों में पहुंचकर मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच करेंगे। यदि जांच के दौरान भोजन मानक के अनुरूप नहीं पाया गया तो संबंधित एनजीओ की संविदा निरस्त करने के साथ उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर एकमा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बच्चा सिंह, प्रखंड जदयू अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सुदामा तिवारी, राजेश सिंह, प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, मोहम्मद तौकीर अंसारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं दिग्विजय कुमार गुप्ता, योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, छविनाथ मांझी, अंजू कुमारी, सोनाली नंदा, सनोज कुमार, ओमप्रकाश सिंह, रंजीत कुमार, जुली कुमारी, रंजन कुमार, अमित कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# काम से इंकार करने पर मजदूर को पीटा

**सरैया।** थाना क्षेत्र की बहिवारा गोविंद पंचायत में काम करने से इन्कार करने पर एक दबंग ने मजदूर को बीच सड़क पर बुरी तरह पीटा। डंडा और लात-घुसों से की गई इस पिटाई में मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल का एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर में इलाज चल रहा है।

बताया जाता है कि यह घटना तीन जनवरी को हुई थी। मामले को दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। घटना का सीसीटीवी फुटेज प्रसारित होने के बाद यह मामला चर्चा में आया है।

मौके पर भीम आर्मी के कार्यकर्ता पहुंचकर घटना का विरोध कर रहे हैं। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बताया जाता है कि मजदूर रामप्रवेश पासवान को गांव के ही एक दबंग ने मारपीट कर जख्मी किया है।

सरैया थाना प्रभारी सुभाष मुखिया ने कहा है कि उन्हें घटना की जानकारी है और फर्द बयान मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि काम करने से इन्कार करने पर जानलेवा हमला किया गया है।

# अस्पताल की कुव्यवस्था पर भड़के सांसद पप्पू यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आज जीएमसीएच (गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल) के शिशु वार्ड का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल की गंभीर कुव्यवस्था सामने आने पर सांसद काफी नाराज दिखे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से तीखे सवाल किए और कहा कि शिशु एवं माताओं के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्हें बंद लिफ्ट का संज्ञान भी लिया और ठेकेदार से बात कर फटकार लगाई, जिसके बाद ठेकेदार को उन्होंने 2 महीने के अंदर सभी वार्ड में फर्नीचर, बेड और लिफ्ट ठीक करने का सख्त निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान शिशु वार्ड की हालत बेहद चिंताजनक पाई गई। एक ही कमरे में ठंड से बचने के लिए झोपड़ी जैसी अस्थायी संरचना बनाकर 300 से अधिक महिलाएं रहने को मजबूर थीं। मरीजों और उनके परिजनों ने सांसद को बताया कि अस्पताल में सुविधा के नाम पर कुछ भी उपलब्ध नहीं है। दवाइयां बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं, जांचें निजी लैब में करानी पड़ रही हैं और रक्त की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं है।

इससे गरीब और ग्रामीण क्षेत्र से आए मरीजों को भारी आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सांसद पप्पू यादव के साथ निरीक्षण के दौरान अस्पताल के डिप्टी सुपरिटेंडेंट भी मौजूद रहे।

सांसद ने उन्हें स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि शिशु वार्ड से जुड़ी सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि हालात में जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे हर 15 दिन पर निरीक्षण करेंगे और इस गंभीर मुद्दे को लोकसभा में प्रमुखता से उठाएंगे। साथ ही सांसद ने जिला अधिकारी से फोन पर बात कर पूरे मामले की जानकारी दी और तत्काल हस्तक्षेप कर समाधान निकालने को कहा।

# रेल मंत्री ने 100 अधिकारियों-कर्मचारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से किया सम्मानित

## पूर्व मध्य रेल के दो अधिकारी एवं छह कर्मचारी भी रेल मंत्री से हुए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 09 जनवरी, 2026 की संध्या भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व मध्य रेल के 02 अधिकारी तथा 06 कर्मचारी सहित भारतीय रेल के कुल 100 समर्पित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रेल सेवा में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 प्रदान कर सम्मानित किया। रेल मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर जोनल रेलवे/प्रोडक्शन यूनिट को शील्ड भी प्रदान किया। रेल मंत्री द्वारा इस वर्ष सुरक्षा शील्ड पूर्व मध्य रेलवे को प्रदान किया गया। पूर्व मध्य रेल की ओर से रेल मंत्री से यह शील्ड महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार ने प्राप्त किया। अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित पूर्व मध्य रेल के



अधिकारियों एवं कर्मचारियों में मो. तौसिफ उल्लाह, मंडल ट्रैफिक मैनेजर/चोपन - धनबाद मंडल के चोपन में मंडल ट्रैफिक मैनेजर के पद पर कार्यरत तौसिफ उल्लाह ने मालगाड़ियों की लोडिंग बढ़ाकर राजस्व वृद्धि तथा परिचालन नवाचारों से रेलवे को उल्लेखनीय लाभ पहुंचाया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान धनबाद मंडल में रिकॉर्ड 188 मिलियन टन माल लदान में उनका काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंयक प्रियदर्शी, सहायक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण - धनबाद मंडल में निर्माण विभाग के अंतर्गत सहायक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर के पद पर कार्यरत मंयक प्रियदर्शी के प्रयासों से रमना-सिंगरौली एवं कैरला रोड-शक्तिनगर दोहरीकरण परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया गया तथा कई स्टेशनों एवं प्रमुख यार्डों में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य, केबल शिफ्टिंग और तकनीकी दस्तावेजीकरण कर परिचालन क्षमता और सुरक्षा में वृद्धि की। इससे माल लदान की क्षमता बढ़ाने में काफी मदद मिली। रवि रंजन, लोको पायलट - धनबाद मंडल में लोको पायलट पद पर कार्यरत रवि रंजन ने 06 अगस्त, 2024 को ड्यूटी के दौरान देखा कि सिगनल लाइन सेक्शन में उनके ही लाइन पर सामने से एक पैसेंजर ट्रेन आ रही है। उसको देखकर उन्होंने अपनी सजगता का परिचय देते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर अपनी ट्रेन को रोक कर आमने-सामने की टक्कर से बचाते हुए एक संभावित दुर्घटना को टाल दिया और इसके कारण होने वाले जानमाल के नुकसान को बचा लिया। सुभाष कुमार पाठक, टेक्नीसियन ग्रेड-I - धनबाद मंडल में सिगनल एवं दूरसंचार विभाग में टेक्नीसियन ग्रेड-I के पद पर कार्यरत सुभाष कुमार पाठक के प्रयासों से सिग्नल विफलता में काफी कमी आयी। उन्होंने करैला जंक्शन यार्ड में 40 पॉइंट मशीन, 53 ट्रैक सर्किट और अनेक सिग्नल उपकरणों का सफलतापूर्वक रखरखाव कर सिगनल संबंधी विफलताओं को न्यूनतम किया। कई नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यों में सक्रिय योगदान देकर परिचालन सुरक्षा सुनिश्चित की। बैजू जैसवारा, ट्रेन मैनेजर - सोनपुर मंडल में ट्रेन मैनेजर पद पर कार्यरत बैजू जैसवारा ने 15 अगस्त, 2024 को ड्यूटी के दौरान महेशखूंट स्टेशन पर गाड़ी के प्रस्थान करने पर देखा कि एक यात्री सामान्य डिब्बे में चढ़ने के दौरान प्लेटफॉर्म के नीचे तथा कोच के बीच में गिर गया है। उन्होंने बिना कोई विलम्ब किए ब्रेक वान से एयर प्रेशर ड्राप कर गाड़ी को रोक दिया तथा बुरी तरह से घायल यात्री को ब्रेकवान में लाकर प्राथमिक चिकित्सा पेटी से प्राथमिक उपचार कराया। इस दौरान अतिरिक्त विलम्बन को बचाते हुए मात्र 04 मिनट के अंदर महेशखूंट से गाड़ी को प्रस्थान कराया एवं घायल यात्री को समुचित चिकित्सा हेतु मानसी स्टेशन को पूर्व सूचना देकर रेलवे चिकित्सक को अविलंब स्टेशन पर बुलवाने का अनुरोध किया और घायल यात्री को मौत के मुंह में जाने से बचा लिया। मनीष कुमार, निरीक्षक - रेलवे सुरक्षा बल के मुजफ्फरपुर पोस्ट पर कार्यरत मनीष कुमार ने सतर्कता, समर्पण और सेवा की मिसाल कायम करते हुए मानव तस्करी रोकने, बच्चों को बचाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में उत्कृष्ट कार्य किया। अपने अथक प्रयासों से ऑपरेशन आहट के तहत बाल श्रम के लिए ले जा रहे 144 नाबालिक बच्चों को मुक्त कराया तथा ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत 302 बच्चों के हितों के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। प्रभांश कुमार प्रभाकर, ट्रैक मेंटेनर - समस्तीपुर मंडल में ट्रैक मेंटेनर-II के पद पर कार्यरत प्रभांश कुमार प्रभाकर 11 अगस्त, 2024 को सहरसा-पंचगछिया रेलखंड के समपार सं. 33ए पर ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि सामने से आ रही गुड्स ट्रेन के पहिया के पास से काफी मात्रा में धुंआ निकल रहा है। यह देखते ही उन्होंने लाल झंडा दिखाकर ट्रेन को रोक दिया तथा गुड्स ट्रेन के एलपी के साथ जांच में पाया कि ब्रेक बाइंडिंग के कारण एक पहिया बहुत गर्म एवं लाल हो गया है। श्री प्रभाकर की सतर्कता एवं सूझबूझ से ट्रेन को रोककर एक संभावित दुर्घटना को टाल दिया।

# सोमनाथ मंदिर के 75 साल पूरा होने की पूर्व संध्या पर पंचरूपी हनुमान मंदिर में जले 101 दीपक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विश्व प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के 75 साल पूरा होने की पूर्व संध्या पर देशभर में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन पूरे में मनाया गया। इसी के तहत राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर स्थित शिवमंदिर में 101 दीपक जलकार उत्सव मनाया गया। इस मौके पर मंदिर प्रबंध न्यास समिति के सदस्य सह मीडिया समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन ने अपनी पत्नी एकता किशोर के साथ दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर देश का गौरव के साथ-साथ देश में समुद्री मार्ग से आने वाले विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है उसके 75 साल पूरा होने पर देशवासियों को गर्व होना चाहिए और इस पर्व को उत्साह के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रविवार को पंचरूपी हनुमान मंदिर स्थित शिव मंदिर में अभिषेक किया जायेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने भी दीपोत्सव में हिस्सा लेकर मिलकर दीप जलाये। कार्यक्रम में मंदिर प्रबंध न्यास समिति सदस्य आलोक कुमार, प्रेम कुमार, मुख्य पुजारी संतोष तिवारी, पुजारी शिवकांत झा, धीरज कुमार, ओम तिवारी, बिरजू मिश्रा,सुबोध तिवारी, साकेत पारासर, कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश शर्मा, संजीव रंजन व उमेश प्रसाद मौजूद थे।

# पटना में युवा चेतना मार्च आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वामी विवेकानंद जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस के पूर्व संध्या पर देश के अग्रणी युवा संगठन प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से युवा चेतना शिविर का आयोजन युवा आवास, फ्रेजर रोड पटना से किया जा रहा है। मार्च को प्रख्यात अर्थशास्त्री पंडित सीए संजय कुमार झा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर एन के सिंह ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के बताये मार्ग पर ही चलकर हम विकसित भारत के सपना को साकार कर सकते हैं। स्वामी जी ने कहा था कि सौ नौजवान निश्चय कर ले तो पूरी दुनिया को बदल सकता है। युवा ही है भारत के भाग्य विधाता। मार्च युवा आवास से आरंभ होकर गांधी जी के प्रतिमा के समक्ष समाप्त होगी। मार्च में युवा, छात्र, उद्योगपति, पत्रकार, शिक्षाविद शामिल होंगे।

## बिहार के शिवालयों में दीप प्रज्ज्वलन और ऊंकार जप का आयोजन, भाजपा ने की बड़ी तैयारी

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पीढ़ियों तक सांस्कृतिक चेतना को प्रेरित करते रहेंगे : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के मौके पर जिला मुख्यालयों, प्रखंड मुख्यालयों से लेकर पंचायत और गांव तक के शिवालयों में दीप प्रज्ज्वलन और ऊंकार जप का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग शिवालयों में पहुंचे। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने बिहार के लोगों से आग्रह किया है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सबको प्रोत्साहित भी करें। उन्होंने कहा कि सोमनाथ पर हुए आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नया भारत सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-2026 के माध्यम से अपने इतिहास, आस्था और आत्मसम्मान को स्मरण करते हुए आगे बढ़ने का



संकल्प ले रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 8 से 11 जनवरी 2026 तक सोमनाथ में आयोजित किया जा रहा है। यह पर्व भारत के उन असंख्य नागरिकों की स्मृति में मनाया जा रहा है जिन्होंने मंदिर की रक्षा के लिए बलिदान दिया और जो आने वाली पीढ़ियों की सांस्कृतिक चेतना को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री सोमनाथ सृष्टि के कण-कण में विराजते हैं। उनकी अखंड आस्था अनंत काल से निरंतर प्रवाहित हो रही है। वे सदैव भारत की आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रतीक रहेंगे। इसलिए प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ के सानिध्य में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' में शामिल होकर इस दिव्य उत्सव का हिस्सा बनें। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी शुक्रवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश पदाधिकारियों और जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि शिवालयों में लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो, इसका खास ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा एनडीए सरकार के नेतृत्व में देश आज उन सांस्कृतिक प्रतीकों को सम्मान दे रहा है जिन्हें दशकों तक उपेक्षित रखा गया। 8 से 10 जनवरी 2026 तक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों के माध्यम से सांस्कृतिक चेतना को सशक्त किया जा रहा है। 10 जनवरी को प्रदेश और देशभर के शिवालयों में दीप प्रज्ज्वलन एवं ऊंकार जप का आयोजन किया गया। 11 जनवरी को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर से संकल्प यात्रा के साथ स्वाभिमान पर्व की औपचारिक शुरुआत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10-11 जनवरी को गुजरात के सोमनाथ जाएंगे और 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' में शामिल होंगे। 10 जनवरी को प्रधानमंत्री ओंकार मंत्र का जाप करेंगे और 11 जनवरी को सुबह लगभग 9:45 बजे शौर्य यात्रा में भाग लेंगे।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत चालकों को मिला विशेष प्रशिक्षण

## 100 से अधिक ड्राइवरों ने ली यातायात नियमों की शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष पहल की गई। इस कड़ी में कैमूर मोटर ड्राइविंग स्कूल में 'विशेष चालक पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम' का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ अधिकारियों ने उपस्थित चालकों को सुरक्षित वाहन संचालन की बारीकियों से रूबरू कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। विभिन्न प्रकार के यातायात चिह्नों और उनके महत्व को समझाया गया। ओवरस्पीडिंग (तेज रफ्तार) के जानलेवा परिणामों और




नशे में वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति सचेत किया गया। दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं बल्कि जीवन रक्षा का आधार है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि यदि चालक अनुशासित होकर वाहन चलाएं और सुरक्षा मानकों को अपनाएं तो हर वर्ष होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 10 प्रतिशत तक की कमी लाई जा सकती है। इससे मृत्यु दर को घटाने में भी बड़ी मदद मिलेगी। इस विशेष सत्र के दौरान 100 से अधिक चालकों ने पूरी निष्ठा के साथ सड़क सुरक्षा नियमों और मोटर वाहन अधिनियम का पालन करने की सामूहिक शपथ ली। चालकों ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं नियमों का पालन करेंगे, बल्कि दूसरों को भी जागरूक करेंगे।

# विश्व पुस्तक मेला दिल्ली में आई लव स्पैरो पुस्तक का विमोचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विश्व पुस्तक मेला, दिल्ली में पहले दिन (10 जनवरी 26) को गौरैया संरक्षण पर केंद्रित संजय कुमार की सद्य प्रकाशित पुस्तक आई लव स्पैरो का विमोचन प्रकाशक न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन के स्टॉल पर कवि-लेखक कुमार मुकुल, राजेंद्र बयाला और जय सिंह ने किया। मौके पर कवि राजेन्द्र बयाला ने कहा कि हम साहित्य में चिड़िया और तितली को प्रतीकों में ही रखते आए हैं। उन्होंने कहा कि आज गौरैया विलुप्त होती जा रही है। ऐसे में पुस्तक का आना महत्वपूर्ण है। चर्चित कवि कुमार मुकुल ने कहा कि संजय कुमार ने गौरैया संरक्षण पर काफी काम किया है यकीनन पुस्तक की भूमिका जागरूकता में अहम होगी। लेखक जय सिंह ने कहा कि आज के




परिवेश में गौरैया जैसे विषय पर कम ही चर्चा होती है। गौरैया को आज हम ढूंढते हैं जबकि वह हमारे जीवन में रची-बसी है। संजय कुमार ने गौरैया संरक्षण पर तीन पुस्तकें पहले ही लिखी है। यह पुस्तक एक और कड़ी है। मौके पर लेखक संजय कुमार ने कहा कि गौरैया संरक्षण पर पुस्तक इसलिए जरूरी रहा कि संदेश का प्रसार जरूरी है। उन्होंने बताया कि पुस्तक में गौरैया के बारे छोटी-छोटी बातें और संरक्षण के तमाम पहलुओं को रेखांकित किया गया है। मौके पर प्रकाशक मुकेश ने कहा कि मेरे पास जब पुस्तक की पांडुलिपि आई और सम्पादकीय टीम ने पढ़ी तो बताया कि काफी शोधपरक है और छोटी सी चिड़िया पर इतनी अच्छी जानकारी अद्भुत है हमने तुरन्त छापने की ठान ली। मौके पर आरिफा, एनवायरनमेंट वैरियर्स के आकाश दत्त, अमीषा, लीना सहित कई लोग मौजूद रहे।

## दानापुर के हथियाकंद पंचायत में मंत्री राम कृपाल यादव ने फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाइसी कार्य का किया निरीक्षण

# राज्य में 44 लाख किसानों का इ-केवाइसी, 12 लाख फार्मर आईडी तैयार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने पटना जिला अंतर्गत दानापुर अंचल के हथियाकंद पंचायत में एग्री स्टेक परियोजना के तहत संचालित किसानों की फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी प्रक्रिया का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंजीकरण कार्य की प्रगति, तकनीकी व्यवस्था तथा किसानों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि फार्मर रजिस्ट्री, एग्री स्टैक परियोजना का एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटक है जिसका उद्देश्य



राज्य में कृषि सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं किसानोन्मुख बनाना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी तैयार की जा रही है जिसमें किसान के भूमि संबंधी विवरण को आधार से जोड़ा जा रहा है। ताकि किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके। मंत्री ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रारंभ करने से पूर्व राज्य के पांच जिलों-सारण, गया, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया एवं भागलपुर के दो-दो राजस्व ग्रामों में पायलट के रूप में किया गया था। इसके पश्चात राज्य के सभी जिलों के कुल 44500 राजस्व गांवों का बकेटिंग कार्य पूर्ण कर अप्रैल माह से फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। शेष गांवों की बकेटिंग के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया गया है जो अब प्राप्त हो गया है। अब तक कृषि विभाग के कर्मियों द्वारा 44 लाख से अधिक किसानों का ई-केवाईसी किया जा चुका है तथा बकेट सत्यापन के उपरांत 12 लाख 34 हजार से अधिक फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी हैं जिनमें 7 लाख 58 हजार से अधिक पीएम-किसान लाभार्थी शामिल हैं। कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की है कि फार्मर रजिस्ट्री को सफल बनाने हेतु 11 जनवरी 2026 तक चलाए जा रहे विशेष अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और समय पर अपनी फार्मर आईडी बनवाकर सरकारी योजनाओं का निर्बाध लाभ सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया में कृषि विभाग के कर्मियों द्वारा किसानों का ई-केवाईसी किया जा रहा है जबकि राजस्व विभाग के राजस्व कर्मचारी बकेट सत्यापन का कार्य कर रहे हैं।

# मां शक्ति ज्योतिष एवं प्रभु आहार फाउंडेशन ने बांटे कंबल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लगातार बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए मां शक्ति ज्योतिष आध्यात्मिक एवं योग शोध सेवा संस्थान तथा प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से एक मानवीय पहल करते हुए जक्कनपुर एवं शहर के अन्य क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच सैकड़ों कंबलों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य ठंड से प्रभावित असहाय, वृद्ध, महिला एवं गरीब वर्ग के लोगों को राहत पहुंचाना था। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर संतोष और राहत की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर मां



शक्ति ज्योतिष आध्यात्मिक एवं योग शोध सेवा संस्थान के अध्यक्ष शम्भु प्रसाद बाबा ने कहा कि आध्यात्मिकता का वास्तविक अर्थ केवल साधना नहीं, बल्कि पीड़ित मानवता की सेवा है। इस भीषण ठंड में जरूरतमंदों को कंबल देना हमारे लिए पुण्य और कर्तव्य दोनों है। समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर ऐसे कार्यों में सहयोग करना चाहिए। वहीं प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन का उद्देश्य हमेशा से भूख, ठंड और पीड़ा से जूझ रहे लोगों की मदद करना रहा है।

# डीएम ने की श्रम संसाधन एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को सक्रिय होने का निर्देश देते हुए कहा कि जिले के ढाबों, होटलों और ईंट-भट्टों पर नियमित छापेमारी की जाए। यदि कहीं बाल श्रमिक कार्य करते पाए जाते हैं तो संबंधित नियोजक पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। युवाओं को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए जिले में चल रहे कौशल विकास केंद्रों की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को प्लेसमेंट दिलाने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। विवाह सहायता, मृत्यु लाभ और मातृत्व लाभ योजना के तहत लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने 15 दिनों के भीतर योग्य लाभुकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजने का कड़ा निर्देश दिया। प्रवासी श्रमिकों के लिए विशेष पहल पर बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अन्य राज्यों में काम करने वाले जिले के प्रवासी श्रमिकों का एक सटीक डेटाबेस तैयार रखा जाए। ताकि किसी भी आपात स्थिति में उन्हें त्वरित सहायता पहुंचाई जा सके।

# पटना वीमेन्स कॉलेज में विश्व हिंदी दिवस पर अतिथि व्याख्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर पटना वीमेन्स कॉलेज में एक विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय-प्रवेश कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमार धनंजय ने किया। इसके बाद बी.डी. कॉलेज, पटना के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार ने 'हिंदीः विश्व पटल पर पहचान और संभावनाएं' विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। डॉ. अमित कुमार ने कहा कि हिंदी आज तेजी से ग्लोबल बन रही है और लोकप्रियता के शिखर को छू रही है। उन्होंने




बताया कि विश्व की लगभग 7165 भाषाओं में हिंदी बोलने वालों की संख्या तीसरे स्थान पर है और भारत की 145 करोड़ जनसंख्या में से लगभग 65 करोड़ लोग हिंदी को प्रथम भाषा के रूप में बोलते हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिलाने की पहल, प्रवासी भारतीय समुदायों में हिंदी की जीवंत उपस्थिति, विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी अध्ययन, बॉलीवुड और सोशल मीडिया के माध्यम से हिंदी की वैश्विक पहुंच तथा गूगल-माइक्रोसॉफ्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स पर हिंदी को प्राथमिक भाषा विकल्प के रूप में शामिल किए जाने के उदाहरण दिए। कार्यक्रम ने छात्राओं और शिक्षकों में हिंदी के प्रति गर्व और उत्साह जगाया तथा यह संदेश दिया कि हिंदी की वैश्विक पहचान और संभावनाएं असीमित हैं।

# बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया ने सालाना सेल्स में दर्ज किए रिकार्ड तोड़ आंकड़े

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया ने एक बार फिर से कारों की अब तक की अधिकतम सालाना बिक्री के साथ कारोबार के डायनामिक माहौल में लगातार बेहतरीन परफोर्मेन्स प्रदर्शित किया है। कंपनी ने कैलेंडर वर्ष 2025 में 18001 कारें बेचीं और इस दृष्टि से सालाना 14 फीसदी से भी अधिक बढ़ोतरी दर्ज की है। इस अवधि के दौरान बीएमडब्लू ने 17721 युनिट्स तथा मिनी ने 730 युनिट्स डिलीवर कीं। वहीं बीएमडब्लू मोटोररड ने 5841 मोटरसाइकिलों की डिलीवरी दी। हरदीप सिंह ब्रार, प्रेजीडेन्ट एवं सीईओ, बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया ने कहा कि 2025 बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया के लिए रिकॉर्ड तोड़ साल रहा है, इस दौरान हमने अब तक की अधिकतम सेल्स दर्ज की। हमने कारों की बिक्री में 18000 युनिट्स का आंकड़ा पार कर लिया। वास्तव में हम 14 फीसदी से अधिक की जबरदस्त रेट के साथ आगे बढ़ रहे हैं जो लक्जरी सेगमेन्ट में एवरेज ग्रोथ रेट से काफी अधिक है।

# कविवर सुरेन्द्र नाथ सक्सेना की स्मृति में पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर कविवर सुरेन्द्र नाथ सक्सेना की स्मृति में चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान, पटना और श्री साहित्य कुंज, रांची के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को पाटलिपुत्र परिषद, चौक, पटना सिटी में एक भव्य काव्य-संध्या और पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे। कविवर सुरेन्द्र के ज्येष्ठ पुत्र तुषार कांति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कविवर सुरेन्द्र के काव्य-ग्रंथ




'विष-बाण', उनकी सुपुत्री मनीषा सहाय सुमन द्वारा साहित्य संवाहक पत्रिका का उन पर आधारित विशेषांक तथा उनके सुपुत्र पीयूष कांति के गजल-संग्रह 'तिश्नगी रह गई' का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कविवर सुरेन्द्र के सुपौत्र सार्थक सक्सेना द्वारा उनके काव्य-ग्रंथ 'दिव्य-लोक' के प्रथम खंड का संगीतमय पाठ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि भगवती प्रसाद द्विवेदी ने की जिसमें कमलनयन श्रीवास्तव, मधुरेश शरण, प्रेम किरण, डा. गोरख प्रसाद मस्ताना, डा. आरती, शुभ चंद्र सिन्हा, प्रभात धवन, अनुराधा प्रसाद, नसीम अख्तर, श्वेता गजल, सीमा रानी, डा. सुनंदा केशरी, सुनील कुमार, डा. अनीता राकेश, डा. किशोर सिन्हा एवं गणेश सिन्हा जी, चित्रगुप्त समाज के अध्यक्ष डा. गोलवारा, पाटलिपुत्र परिषद के अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे। शायर प्रेम किरण ने बताया कि विष-बाण भारत-चीन और भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि में रचित वीर-रस की काव्य-कृति है जिसका पाठ कविवर सुरेन्द्र द्वारा 1962-67 की अवधि में बिहार के पांचवें राज्यपाल एम.ए.अयंगार के समक्ष किया गया था।

# दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने गरिमामय वातावरण में मनाया 'विश्व हिन्दी दिवस'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 'विश्व हिन्दी दिवस' के अवसर पर दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन द्वारा एक भव्य, सारगर्भित एवं विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य हिन्दी भाषा के महत्व, उसकी वैश्विक पहचान तथा राष्ट्रीय एकता में उसकी भूमिका को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में साहित्यकारों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं युवाओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही, जिसने इसे और अधिक प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने हिन्दी को भारत की आत्मा बताते हुए कहा है कि यह भाषा देश की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं बौद्धिक चेतना को जोड़ने का कार्य करती है। उन्होंने केंद्र सरकार से पुरजोर मांग की है कि हिन्दी को संविधान में राष्ट्रभाषा का दर्ज़ा दिया जाए, ताकि इसे उसका उचित सम्मान और अधिकार मिल सके। संस्था की उपाध्यक्ष डॉ. ऋचा दुबे ने कहा है कि हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों की संवाहक है।

## संपादकीय

# यह गुस्सा बस अंकिता का नहीं?

उत्तराखंड में जंगलों में आग लगने वाला मौसम अभी शुरू नहीं हुआ, लेकिन उससे पहले ही राज्य में तपिश बढ़ चुकी है। 2022 के एक हत्याकांड को लेकर कई शहरों में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। वहीं, राजधानी देहरादून में एंजेल चकमा को लेकर बेचैनी है। त्रिपुरा के छात्र पर देहरादून में नस्लवादी हमला किया गया था, जिसमें उसकी मौत हो गई। साल 2022 में एक होटल में काम करने वाली 19 साल की अंकिता भंडारी की उसी होटल के मैनेजर पुलकित आर्य ने हत्या कर दी थी। अंकिता ने एक 'वीआईपी' मेहमान को सेक्सुअल फेवर देने से इनकार किया था। आरोप है कि वह वीआईपी व्यक्ति एक राजनीतिक पार्टी से जुड़ा था। इस मामले को लेकर पिछले साल से ही नाराजगी थी, अब पूरे राज्य में आंदोलन खड़ा हो गया है। पुलकित को उम्रकैद की सजा मिल चुकी है, लेकिन राज्य के लोगों और विपक्ष का गुस्सा इस बात पर है कि सरकार अभी तक उस 'वीआईपी शख्स' को पकड़ने में नाकाम रही है। विरोध-प्रदर्शनों में बेरोजगारी का मुद्दा भी उठ रहा है। कहा जा रहा है कि रोजगार की कमी के कारण अंकिता जैसों को असुरक्षित जगहों पर काम करना पड़ता है। राज्यसभा में पिछले साल दिसंबर में पेश पीएलएफएस के आंकड़े बताते हैं कि उत्तराखंड में बेरोजगारी दर 8.9 प्रतिशत है, पूरे देश में सबसे ज्यादा। उत्तराखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर ज्यादा नहीं है, इसी वजह से अंकिता केस को लेकर गुस्सा भड़कना स्वाभाविक है। पिछले 10 बरसों से 18-23 आयु वर्ग की महिलाओं में उच्च शिक्षा के मामले में राज्य का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत के बराबर या फिर उससे बेहतर ही रहा है। महिला स्वयं सहायता समूहों ने आधी आबादी को सशक्त किया है। हालांकि पुरुषों का पलायन, खासकर ग्रामीण इलाकों में बेहद ज्यादा है, लेकिन इसकी वजह बस आर्थिक नहीं। जंगलों की कटाई और टूरिस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में पर्यावरणीय संतुलन का ध्यान नहीं रखा गया। इसने उत्तराखंड को असुरक्षित और मौसम की चरम घटनाओं के प्रति बेहद संवेदनशील बना दिया है। इसकी वजह से ग्रामीण इलाकों से बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। नीति आयोग की 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में पलायन से प्रभावित आबादी 64 प्रतिशत है। यही वजह है कि 15वें वित्त आयोग ने आपदा प्रबंधन में उत्तराखंड का हिस्सा बढ़ाकर 4.2 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले यह 1.9 प्रतिशत था। इस बीच उत्तराखंड हाईकोर्ट जंगलों के 7,375 बाउंड्री पिलर गायब होने के मामले की भी सुनवाई कर रहा है।

# बिना हिजाब की महिलाएं, सूट-बूट में राजा... कैसा था इस्लामिक गणराज्य बनने से पहले का ईरान?

**ईरानी लोग सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व वाली अपनी धार्मिक सरकार से नाराज हैं। बढ़ती महंगाई को लेकर गुस्से से शुरू हुए लगभग दो हफ्ते के आंदोलन के अब तक के सबसे बड़े विरोध प्रदर्शनों में शुक्रवार को हजारों ईरानी सड़कों पर उतर आए। देश के निर्वासित क्राउन प्रिंस के प्रदर्शनों के आह्वान के बाद धार्मिक नेतृत्व द्वारा देश का इंटरनेट और अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन कॉल बंद करने के बावजूद लोग नारे लगाते हुए सड़कों पर मार्च कर रहे थे। एक्टिविस्ट्स द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में कथित तौर पर प्रदर्शनकारी राजधानी तेहरान और अन्य इलाकों में अलाव के चारों ओर ईरान की सरकार के खिलाफ नारे लगाते दिख रहे थे, जबकि सड़कों पर मलबा बिखरा हुआ था। नारों में 'तानाशाहमुर्दाबाद' और 'इस्लामिक गणराज्य मुर्दाबाद' शामिल थे। अन्य लोगों ने निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी की तारीफ की और चिल्लाकर कहा, 'यह आखिरी लड़ाई है। शाह का ऐसा समर्थन पहले मौत की सजा दिला सकता था, लेकिन अब यह उस गुस्से को दिखाता है जो ईरान की खराब अर्थव्यवस्था को लेकर शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों को हवा दे रहा है।**

(प्रिंस गुरहा)

1979 की इस्लामिक क्रांति में हटाए गए ईरान के आखिरी शाह के बेटे, अमेरिका में रहने वाले रजा पहलवी ने ईरानियों से देश में इस्लामिक शासन के खिलाफ बड़ी संख्या में बाहर आने का आह्वान किया है।

**जब ईरान पर राजाओं का था राजः** पहलवी राजवंश ने 1925 से 1979 के बीच ईरान पर शासन किया, इससे पहले कि ईरानी क्रांति के दौरान राजशाही को उखाड़ फेंका गया, जिससे इस्लामिक गणराज्य की स्थापना हुई। इस दौरान, ईरान पर पश्चिमी सूट पहने राजाओं का शासन था, जिन्होंने इस मध्य पूर्वी देश का औद्योगीकरण किया।

उस समय इतिहासकारों का कहना है कि ईरान की राजधानी तेहरान इतनी आजाद और ग्लैमरस थी कि इसे मिडिल ईस्ट का पेरिस कहा जाता था, जहां महिलाएं हिजाब के बजाय छोटी स्कर्ट पहनकर सड़कों पर घूमती थीं।

हालांकि, इस दिखावे के पीछे शाह का लोहे जैसा शासन और पश्चिमी ताकतों के पक्ष में पुराना भ्रष्टाचार था। इस दमन के कारण राजा को उसके लोगों ने उखाड़ फेंका। मोहम्मद रजा शाह पहलवी, पहलवी के पिता निर्वासन में जाने से पहले ईरान के आखिरी शाह थे।

पहलवी राजवंश का जन्म शाही खून से नहीं, बल्कि युद्ध के मैदान में हुआ था। रजा खान एक सामान्य पृष्ठभूमि के सैन्य अधिकारी 1879 में रूसी मार्गदर्शन में गठित ईरान की फारसी कोसैक ब्रिगेड में रैंकों में ऊपर उठे। 1921 में उन्होंने ब्रिटिश अधिकारियों की मदद से एक तख्तापलट किया, जिन्हें ईरान में सोवियत प्रभाव का डर था।

1925 तक कजार राजवंश को उखाड़ फेंका गया और रजा खान को मजलिसएक अरबी इस्लामी परिषदद्वारा अगला शाह चुना गया। उन्होंने एक मध्ययुगीन फारसी शासक के सम्मान में पहलवी नाम अपनाया और आधुनिकीकरण और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवाद की महत्वाकांक्षाओं के साथ एक नए राजतंत्र की शुरुआत की।

### राजतंत्र की अच्छाइयां, बुराइयां और बदसूरत पहलू

रजा शाह ने पश्चिमी शैली की शिक्षा और ड्रेस कोड जैसे बड़े सुधार शुरू किए, सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए घूंघट पर प्रतिबंध लगाया, एक राष्ट्रीय बैंक, रेलवे प्रणाली और एक मजबूत केंद्रीय राज्य की स्थापना की और अदालतों और स्कूलों में पादरियों के प्रभाव को सीमित किया।

लेकिन उनका शासन भी निरंकुश था। राजनीतिक असंतोष को कुचल दिया गया और स्वतंत्र



प्रेस पर लगाम लगा दी गई। फिर भी कई लोग उन्हें आधुनिक ईरान का पिता मानते थे। लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध ने सब कुछ बदल दिया।

1941 में ईरान के अपने ही सहयोगियों ने देश पर हमला कर दिया, क्योंकि उन्हें रजा शाह की नाजी जर्मनी से नजदीकी का डर था। ब्रिटिश और सोवियत सेनाओं ने उन्हें अपने बेटे 22 वर्षीय मोहम्मद रजा पहलवी के पक्ष में गद्दी छोड़ने के लिए मजबूर किया।

युवा शाह को एक कमजोर सिंहासन, एक विभाजित देश और बढ़ते राष्ट्रवादी भावना विरासत में मिली। अगले दशक के दौरान ब्रिटिश स्वामित्व वाली एंग्लो-ईरानी ऑयल कंपनी (एआईओसी) द्वारा नियंत्रित ईरानी तेल गहरे असंतोष का स्रोत बन गया। इससे 1951 में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया, जब ईरानी संसद ने मोहम्मद मोसादेग को प्रधान मंत्री चुना।

एक कट्टर राष्ट्रवादी मोसादेग ने ईरान के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया, सीधे तौर पर ब्रिटिश नियंत्रण को चुनौती दी। इससे ब्रिटिश और अमेरिकी नाराज हो गए, जिन्हें डर था कि ईरान सोवियत संघ की ओर झुक जाएगा।1953 में अमेरिका की सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) ने ऑपरेशन एजैक्स को अंजाम दिया, एक तख्तापलट जिसने मोसादेग को हटा दिया और मोहम्मद रजा पहलवी को पूर्ण नियंत्रण के साथ फिर से स्थापित किया। यह पहलवी के तहत पूर्ण राजशाही की शुरुआत और ईरानी मामलों में अमेरिकी प्रभुत्व की भी शुरुआत थी।

शाह अब सिर्फ एक राजा नहीं थे। वह तेहरान में अमेरिका के आदमी थे। 1960 के दशक में, मोहम्मद रजा शाह ने व्हाइट क्रांति शुरू की जो ईरान को मॉडर्न बनाने के लिए ऊपर से नीचे तक सुधारों की एक सीरीज थी, जैसे सामंती जमींदारों को कमजोर करने के लिए जमीन का बंटवारा, महिलाओं को वोट का अधिकार, ग्रामीण इलाकों के लिए साक्षरता और स्वास्थ्य कार्यक्रम, औद्योगीकरण और सेना का विस्तार। ईरान में आर्थिक विकास, शहरीकरण और एक बढ़ता हुआ मिडिल क्लास देखा गया।

### राजनीतिक पार्टियों पर लगाया गया बैन

राजनीतिक पार्टियों पर बैन लगा दिया गया था और शाह की सीक्रेट पुलिस एसएवीएके ने टॉर्चर और डर से विरोध को दबा दिया। अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी जो उस समय एक आम धर्मगुरु थे उन्होंने शाह के पश्चिमीकरण की निंदा की और उन्हें 1964 में देश निकाला दे दिया गया।

लेकिन इस बीच क्रांति की नींव पड़ चुकी थी। बढ़ती महंगाई, असमानता, तानाशाही शासन और बढ़ते धार्मिक विरोध के कारण 1978 में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए। अपनी शक्तिशाली सेना के बावजूद, शाह ने पूरी ताकत का इस्तेमाल करने में हिचकिचाहट दिखाई।जनवरी 1979 तक कभी शक्तिशाली रहा राजा ईरान छोड़कर भाग गया और फिर कभी वापस नहीं लौटा। 1 फरवरी, 1979 को अयातुल्ला खुमैनी निर्वासन से हीरो की तरह स्वागत के साथ लौटे। कुछ ही हफ्तों में पहलवी राजशाही खत्म हो गई। ईरान मौलवियों के शासन के तहत एक इस्लामिक गणराज्य बन गया। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

# ईरान में क्या इस्लामी शासन के दिन पूरे हो गये?

(नीरज कुमार दुबे)

ईरान की राजधानी तेहरान से लेकर मशहद, इस्फहान और दर्जनों छोटे शहरों तक हालात एक जैसे हैं। सड़कों पर युवा हैं, महिलाएं हैं, मजदूर हैं और अब मध्यम वर्ग भी खुलकर सामने आ चुका है। नारे अब रोटी कपड़ा और नौकरी तक सीमित नहीं रहे।

ईरान इस समय उबाल पर है। जो विरोध महंगाई, बेरोजगारी और बदहाल अर्थव्यवस्था के खिलाफ शुरू हुआ था वह अब सीधे इस्लामी सत्ता व्यवस्था को उखाड़ फेंकने की चुनौती बन चुका है। लगातार बारह दिनों से सड़कों पर उतर रही जनता अब केवल नारे नहीं लगा रही बल्कि सत्ता के प्रतीकों को जलाकर यह साफ संदेश दे रही है कि डर की दीवार टूट चुकी है। सरकारी इमारतें, पुलिस चौकियां और प्रशासनिक वाहन जनता के गुस्से का निशाना बन रहे हैं। यह केवल प्रदर्शन नहीं है, यह व्यवस्था के खिलाफ खुला विद्रोह है। तेहरान से लेकर मशहद, इस्फहान और दर्जनों छोटे शहरों तक हालात एक जैसे हैं। सड़कों पर युवा हैं, महिलाएं हैं, मजदूर हैं और अब मध्यम वर्ग भी खुलकर सामने आ चुका है। नारे अब रोटी कपड़ा और नौकरी तक सीमित नहीं रहे। सीधे सर्वोच्च नेता और पूरी इस्लामी व्यवस्था को ललकारा जा रहा है। सत्ता के खिलाफ इस तरह की खुली बगावत ईरान के इतिहास में बहुत कम देखी गई है। हालांकि ईरान सरकार का जवाब भी उतना ही सख्त और बेरहम है। इंटरनेट बंद, मोबाइल सेवाएं ठप, सुरक्षा बलों को खुली छूट और गिरफ्तारियों का अंधाधुंध दौर चल रहा है। दर्जनों मौतें हो चुकी हैं और हजारों लोग जेलों में ठूंस दिए गए हैं। सत्ता यह दिखाना चाहती है कि वह अब भी मजबूत है, लेकिन हकीकत यह है कि डर के बल पर चलने वाली किसी भी व्यवस्था का अंत हमेशा हिंसक होता है। हम आपको यह भी बता दें कि इन हालात के बीच रेजा पहलवी का नाम फिर से उभर रहा है। वह ईरान के आखिरी शाह के बेटे हैं और खुद को देश का वैध क्राउन प्रिंस मानते हैं। हम आपको याद दिला दें कि 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद उनका परिवार देश छोड़ने पर मजबूर हुआ था। तब से वह निर्वासन में हैं और खुद को लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष ईरान का चेहरा बताने की कोशिश कर रहे हैं। रेजा पहलवी खुले तौर पर मौजूदा सत्ता को अवैध बताते हैं और सेना तथा जनता से अपील कर रहे हैं कि वह इस्लामी नेतृत्व का साथ छोड़ दें। उनके समर्थक उन्हें ईरान के लिए एक वैकल्पिक नेतृत्व के रूप में पेश कर रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह सिर्फ भावनात्मक अपील है या वाकई सत्ता परिवर्तन का कोई ठोस खाका है। सवाल यह भी है कि क्या ईरान में तख्तापलट होने वाला है? देखा जाये तो यह सवाल इस समय हर विश्लेषण का केंद्र बना हुआ है। मगर सच्चाई यह है कि ईरान में हालात गंभीर जरूर हैं लेकिन तख्तापलट के लिए संगठित नेतृत्व, सेना का समर्थन और सत्ता संरचना के भीतर दरार जरूरी होती है। फिलहाल जो दिख रहा है वह जनता का गुस्सा है, लेकिन वह गुस्सा बिखरा हुआ है। कोई एक केंद्रीकृत नेतृत्व नहीं है जो सत्ता संभालने की स्थिति में हो। रेजा पहलवी की लोकप्रियता सोशल मीडिया और प्रवासी ईरानियों में जरूर है, लेकिन देश के भीतर उनके पास न तो संगठन है और न ही जमीन पर नियंत्रण। ईरान की सुरक्षा व्यवस्था बेहद मजबूत और वैचारिक रूप से कट्टर है। रिवोल्यूशनरी गार्ड केवल सेना नहीं बल्कि सत्ता की भी रीढ़ हैं। जब तक इस ढांचे में टूट नहीं होती तब तक तख्तापलट की बात करना जल्दबाजी होगी। जहां तक यह सवाल है कि क्या राजशाही की वापसी संभव है तो आपको बता दें कि राजशाही की वापसी एक और भावनात्मक कल्पना है। आज का ईरान 1979 वाला ईरान नहीं है। चार दशक की इस्लामी सत्ता ने समाज की संरचना बदल दी है। नई पीढ़ी स्वतंत्रता चाहती है लेकिन जरूरी नहीं कि वह किसी शाह को फिर से गद्दी पर बैठाना चाहती हो। रेजा पहलवी खुद भी खुलकर यह नहीं कहते कि वे राजा बनेंगे। वह सत्ता को जनता के हवाले करने और जनमत संग्रह की बात करते हैं। राजशाही की वापसी फिलहाल एक नारा भर है, हकीकत नहीं। ईरान संकट का सामरिक प्रभाव देखें तो इसमें कोई दो राय नहीं कि ईरान पूरे पश्चिम एशिया की धुरी है। यहां अस्थिरता का मतलब है तेल बाजार में उथल पुथल, खाड़ी क्षेत्र में तनाव और कई देशों में प्रॉक्सी संघर्ष का तेज होना।

# जलवायु संकट से गुम होती भिनभिनाहट, खतरे में भौंरों का अस्तित्व

**पहाड़ की ढलान से उतरते हुए अचानक एक भिनभिनाहट सुनाई दी। मानो जैसे कानों में कोई संगीत गुनगुना रहा हो। नज़र उठाई तो देखा एक फूल से दूसरे फूल पर डोलता एक छोटा सा भौंरा (भंवरा) पास ही में लगे गमलों के फूलों में मदमस्त था। उसकी धीमी धीमी सी भिनभिनाहट मानो जैसे यह याद दिलाना चाह रही हो कि वह सिर्फ एक कीट नहीं, बल्कि प्रकृति की सबसे मेहनती परागणकर्ता (पोलिनेटर) है। दुनिया में भंवरों की लगभग 250 से ज्यादा प्रजातियाँ हैं।**

(अनु साइकॉम)

भारत इस दृष्टि से बेहद समृद्ध है। यहाँ करीब 50 से ज्यादा ज्ञात प्रजातियाँ मौजूद हैं, जिनमें से अधिकांश हिमालय की ऊँचाइयों पर जीवन व्यतीत करती हैं। अधिकांशतः ये समशीतोष्ण क्षेत्रों में पाए जाते हैं, पर कुछ प्रजातियां उष्णकटिबंधीय इलाकों में भी बसती हैं। ये कभी भूमिगत बिलों में तो कभी सूखी पत्तियों और लकड़ियों के बीच अपने घर बनाते हैं।

### मौसम की मार और इंसानी हस्तक्षेप

लेकिन इन भौंरों का जीवन उतना सुखद भी नहीं रह गया है जितना हमें प्रतीत होता है। बदलता मौसम, जलवायु एवं इंसानी गतिविधियां मिलकर धीरे-धीरे इनका संसार उजाड़ रही हैं। जलवायु परिवर्तन का असर अब भौंरों पर तेजी से दिखाई देने लगा है, और हम सभी के लिए यह चिंता का विषय भी है क्योंकि भौंरे हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण परागणकर्ता हैं।

फसलों और जंगली पौधों के प्रजनन में उनकी एक हम भूमिका है, लेकिन बदलते मौसम के कारण उनका अस्तित्व खतरे में है। क्यूंकि बढ़ता तापमान, असामान्य वर्षा, घटती बर्फबारी और फूलों के खिलने के समय में बाधा जैसी परिस्थितियां भौंरों के जीवन-चक्र को काफी हद तक बाधित कर रही हैं। हीटवेव, सूखा और तूफानों जैसी चरम मौसमी घटनाएँ उनके घोंसलों को नष्ट कर देती हैं और भोजन की तलाश को बहुत कठिन बना देती हैं।

इसके अलावा, पौधों की विविधता में बदलाव से उनके लिए पर्याप्त भोजन और सुरक्षित आवास खोजना मुश्किल हो जाता है साथ ही इस स्थिति को और भी जटिल बनाती हैं मानवीय गतिविधियाँ जिसमें शामिल है शहरीकरण और भूमि उपयोग में बदलाव जो भौंरों के आवास को असुरक्षित बना रही हैं। इन कारणों से भौंरों की आबादी पर गहरा संकट मंडरा रहा है, जो अंततः हमारे खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन पर भी असर डाल सकता है।

### शोध से मिले सबक

जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा किए गए एक शोध में हिमालयी भौंरों की विविधता और उनके पौधों से संबंधों पर महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिलीं। अध्ययन के दौरान किसानों को जागरूक करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई, जहां उन्हें समझाया गया कि भौंरे उनकी फसलों की उपज बढ़ाने में सहायक हैं।

इस शोध ने कुछ प्रमुख पहलुओं पर रौशनी डाली जैसे की भारतीय हिमालयी क्षेत्र में स्वदेशी भोंरों के संरक्षण के लिए सबसे पहले उनके प्राकृतिक आवासों की रक्षा और पुनर्स्थापना आवश्यक है।

इसके साथ ही किसानो को



भोंरों की सुरक्षा के लिए रसायन-मुक्त और मित्रवत दृष्टिकोण को अपनाना बेहद ज़रूरी है। कीटनाशक, खरपतवारनाशक और फफूंदनाशक जैसी रसायन सामग्री अक्सर मधुमक्खियों को सीधे नुकसान पहुँचाती हैं या उनके भोजन व घोंसला बनाने वाले पौधों को नष्ट कर देती हैं। साथ ही साथ यह भी साफ तौर पर बताया गया की संरक्षण प्रयास में स्थानीय और ग्रामीण समुदायों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रामीण समाज के पास परंपरागत ज्ञान और टिकाऊ खेती की पद्धतियां हैं, जो जैव विविधता की रक्षा में सहायक हो सकती हैं। समान रूप से महत्वपूर्ण पहलू है जागरूकता और जनसंपर्क। अब तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश में करीब 40 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। 400 से अधिक किसानों को बेहतर परागण प्रबंधन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया है और सलाह पुस्तिकाएँ वितरित की गई हैं ताकि वे टिकाऊ पद्धतियाँ अपना सकें।

### हमें क्यों सोचने की जरूरत है?

भौंरे केवल फूलों के साथी नहीं हैं, बल्कि हमारी खाद्य सुरक्षा की भी नींव हैं। अगर वे गायब हो गए, तो फसलें और जंगल दोनों प्रभावित होंगे। इसलिए उनकी सुरक्षा दरअसल हमारी अपनी सुरक्षा है। जरूरत है कि हम पेस्टिसाइड का इस्तेमाल घटाएं, जंगल और चरागाह बचाएं। सबसे महत्वपूर्ण है लोगों को यह समझाना कि यह छोटा-सा जीव हमारी जिदगी से कितनी गहराई से जुड़ा है। इसीलिए जब अगली बार आपके घर के आँगन या पहाड़ की ढलान पर कोई भौंरा गुनगुनाए, तो उसे सिर्फ एक कीट मत समझिएगा।यह लेखक के निजी विचार हैं।

# अर्जित ज्ञान को पीड़ित मानवता की सेवा में लगायें : राज्यपाल

## चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि रहे राज्यपाल

- सूबे के स्वास्थ्य मंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री विशिष्ट अतिथि के रुप में हुए शामिल
- विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्यों को लेकर 5 लोगों को दी गई मानद उपाधि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कटिहार।** अपने ज्ञान को पीड़ित मानवता की सेवा में लगायें।निजी विश्वविद्यालय खोलने की स्वीकृति देने का उद्देश्य राज्य में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाना है। एक मां-बाप से जन्में कई संताने भी रुप-रंग,आकार,एवं गुणों में अलग होते हैं।उन के बीच की दूरी मिटाना हीं ज्ञान का असली महत्व है।उक्त बातें बिहार के राज्यपाल मोहम्मद आरिफ मोहम्मद खान ने अल करीम विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने उत्तीर्ण छात्रों को संदेश दिया कि मानव सेवा हीं माधव सेवा है। आप सभी अब स्वास्थ्य शिक्षा से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं। इसलिए अपने काबिलियत से राज्य की स्वास्थ्य सेवा को नया आयाम देने का प्रयास करेंगे मुझे ऐसा विश्वास है। राज्यपाल ने मानवता, शिक्षा, इन्सानियत और धर्म को लेकर हदीस, गीता, उपनिषद की सीख को उद्धृत करते हुए सात भाषाओं में ज्ञान और आत्मा के महत्व को बताया।महामहिम ने विवेकानंद की सीख को भी चिह्नित किया। उन्होंने कटिहार मेडिकल कालेज की स्थापना करने की डा.अहमद अशफाक करीम की प्रयास की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने विविध विधाओं की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले 15 छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किया। राज्यपाल ने अस्पताल के नवनिर्मित ओपीडी भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। समारोह को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना और विश्वविद्यालय को संवारने में अपना अंशदान करने वाले सभी को बधाई दी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि वर्ष 2010 में राज्य में कुल 9 विश्वविद्यालय स्थापित था।जिसमें 6 सरकारी और 3 निजी। लेकिन आज हमारे राज्य में 12 सरकारी, 12 निजी, 2 केन्द्रीय विश्वविद्यालय हो गये हैं। इस मौके पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. अहमद अशफाक करीम, डां. शाहिद अख्तर, मौलवी मोहम्मद सनाऊल होदा, कुलपति डॉ. सैयद मोईद अनवर सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया।

# सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली 1000 वर्ष पूर्ण होने पर पंचदेव मंदिर में स्वास्थ्य मंत्री ने पूजा अर्चना की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के कटिहार आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय के नेतृत्व में कटिहार रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने जोरदार अभिनंदन और स्वागत किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने सोमनाथ मंदिर की अटूट आस्था के गौरवशाली 1000 वर्ष पूर्ण होने पर कटिहार के मिरचाईबाड़ी स्थित अंबेडकर चौक के पंचदेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर देवाधिदेव महादेव से सर्वजन के कल्याण की प्रार्थना की।

इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय, पूर्व उपमुख्यमंत्री तरकिशोर प्रसाद, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पूजा अर्चना किया। इस मौके पर मंगल पांडे ने कहा कि सोमनाथ महादेव मंदिर ज्योतिर्लिंग होने के साथ-साथ सनातन संस्कृति व आध्यात्मिक गौरव की अक्षुण्ण विरासत भी है। बीते हजार वर्षों में इस मंदिर पर कई हमले हुए, लेकिन यह हर बार उठ खड़ा हुआ। यह हमारी सभ्यतागत अमरता और कभी हार न मानने की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है। इसे मिटाने की कोशिश करने वालों के नामो-निशान मिट गए, लेकिन यह मंदिर आज और भी वैभवता के साथ खड़ा है। सोमनाथ मंदिर की ऐतिहासिकता बताती है कि ऐसे हमले हमें क्षति पहुँचा सकते हैं, लेकिन मिटा नहीं सकते, क्योंकि हर बार और भी भव्यता और दिव्यता के साथ उठ खड़ा होना सनातन संस्कृति की मूल प्रवृत्ति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले हमले के एक हजार वर्ष होने पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाने का निर्णय लिया है, ताकि हमारी भावी पीढ़ी तक सनातन संस्कृति की अविरलता और जीवटता का संदेश पहुँचाया जा सके।

# कटिहार में कांग्रेस का बिगुल

- आज से 'मनरेगा बचाओ संग्राम', 'जी राम जी' कानून वापसी की मांग
- मनरेगा पर केंद्र के फैसले के खिलाफ कांग्रेस सड़क पर, शहीद चौक से होगा बड़ा आंदोलन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। राजेंद्र आश्रम स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी नेताओं ने 11 जनवरी से शहीद चौक पर 'मनरेगा बचाओ संग्राम' शुरू करने की घोषणा की। इस दौरान कांग्रेस ने 'जी राम जी' कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि यह आंदोलन गरीब मजदूरों, महिलाओं, किसानों और आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को लगातार कमजोर किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का संकट गहराता जा रहा है। सुनील कुमार यादव ने कहा कि मनरेगा सिर्फ रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसके माध्यम से लाखों गरीब परिवारों को साल भर न्यूनतम आय का सहारा मिलता है। लेकिन हाल के वर्षों में मजदूरी भुगतान में देरी, कार्य स्वीकृति में बाधा और जटिल नियमों के कारण मजदूरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'जी राम जी' कानून के जरिए मनरेगा को केंद्र सरकार के सीधे नियंत्रण में लाने की साजिश की जा रही है, जो पंचायती राज व्यवस्था की मूल भावना के खिलाफ है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मनरेगा का प्रभावी संचालन तभी संभव है, जब इसे ग्राम पंचायतों के माध्यम से लागू किया जाए, क्योंकि पंचायतें स्थानीय जरूरतों को बेहतर तरीके से समझती हैं। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि 'मनरेगा बचाओ संग्राम' केवल विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक व्यापक जनआंदोलन होगा। 11 जनवरी को शहीद चौक पर आयोजित कार्यक्रम में मजदूरों, महिलाओं, किसानों और आदिवासी समाज की बड़ी भागीदारी होगी। पार्टी ने आम जनता से अपील की है कि वे इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और मनरेगा जैसे जनहितकारी कार्यक्रम को कमजोर होने से बचाएं। मौके पर किसान

# सड़क हादसे में दो की घटनास्थल पर तो एक की असपताल में मौत

## मृतकों में सास-बहू शामिल कई अन्य घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**प्राणपुर।** राष्ट्रीय उच्च पथ 31 पर कटिहार- प्राणपुर के बीच कुरसंडा मदरसा के पास हुए सड़क हादसे में दो महिला की मौत घटनास्थल पर तो एक की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान होने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं कई अन्य घायलों का इलाज सदर अस्पताल कटिहार में चल रहा है।

मृतकों में एक की पहचान कदवा प्रखंड के भर्री पंचायत के पटारा गांव के मनती सोरेन तो दूसरे की डंडखोरा प्रखंड के महेशपुर पंचायत के पसंटा गांव की संझली हेंब्रम के रूप में हुई है। देर तक दो शव सड़क पर पड़ा रहा। इस दौरान घटनास्थल पर राहगीरों एवं ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते हीं प्राणपुर पुलिस पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद में भीड़ को हटाकर शव को कब्जे में कर लिया। वही परिजनों को खबर दी गई। ग्रामीणों की भीड़ का पुलिस प्रशासन पर आक्रोशित थी कि एक घंटा से सड़क पर पड़े दोनों शव को उठाने वाला कोई नहीं थी। प्राणपुर की पुलिस टोटो एवं हाइवा ड्राइवर को उठाकर थाना ले गई है। बताया जाता है कि कुरसंडा मदरसा के समीप हाईवा सड़क पर खड़ी कर पंक्चर बनाया जा रहा था। इस दौरान कटिहार की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे टोटो हाईवा से टकरा गया। कड़ाके की ठंड के बीच घनघोर कुहासा के कारण सड़क हादसा होने की बात ग्रामीणों द्वारा बताया गयी। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार महतो ने बताया कि मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए कटिहार भेजा दिया गया है। वहीं अन्य घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। बताया जाता है कि इलाज के दौरान हीं एक घायल की मौत हो गई।

# विश्व में सबसे तेजी से बढ़ रही भाषा है हिन्दी : प्रेम कुमार

- 'विश्व हिन्दी दिवस' पर साहित्य सम्मेलन में 'हिन्दी-रत्न' सम्मान से विभूषित हुए हिन्दी-सेवी, हुई कवि-गोष्ठी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** इस समय संसार में सबसे तेजी से बढ़ रही भाषा है 'हिन्दी'। बोलने और समझने वालों की संख्या की दृष्टि से यह विश्व की दूसरी भाषा बन चुकी है। विश्व के 150 से अधिक देशों के 200 से अधिक विश्वविद्यालयों में इसकी पढ़ाई हो रही है। सबा अरब से अधिक लोग हिन्दी पढ़, बोल और लिख सकते हैं।

यह बातें शनिवार को, विश्व हिन्दी दिवस पर, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित समारोह का उद्घाटन करते हुए बिहार विधान सभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल एक भाषा ही नहीं, हमारी संस्कृति की उन्नायक है। हमें गर्व से हिन्दी बोलना, लिखना और पढ़ना चाहिए।

समारोह के मुख्य अतिथि और उपभोक्ता संरक्षण आयोग, बिहार के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि विश्व में सभी देशों में हिन्दी का अध्यापन हो, इस दिशा में भी हमें चेष्टा करनी चाहिए। हम सबका प्रयत्न होना चाहिए कि 'हिन्दी' विश्व की भाषा बने। आत्म-निर्भर भारत बनाने के लिए हमें हिन्दी का आश्रय लेना होगा। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ ने कहा कि हिन्दी एक विशुद्ध वैज्ञानिक और सरस भाषा है। यह अपनी वैज्ञानिकता, माधुर्य और बाजार की मांग के कारण पूरे विश्व में बहुत तेजी से विस्तृत हो रही है। किंतु पीड़ा और लज्जा का विषय यह है कि यह आज तक वह स्थान प्राप्त नहीं कर पायी, जो इसे भरत के संविधान ने 14 सितम्बर, 1949 को प्रदान किया था। यदि हिन्दी को, चीन की 'मंदारिन' की भाँति, भारत की 'राष्ट्रभाषा' बना दी गयी होती तो आज, संख्या की दृष्टि से बोली जानेवाली यह विश्व की सबसे बड़ी भाषा होती। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डॉ. शंकर प्रसाद, डॉ. मधु वर्मा, डॉ. रत्नेश्वर सिंह, डॉ. अशोक प्रियदर्शी, डॉ. मेहता नगेंद्र सिंह, विभा रानी श्रीवास्तव तथा रवि अटल ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। इस अवसर पर, 16 हिन्दी सेवियों, बनारस की सुनीता जौहरी, देवरिया के डॉ. जनार्दन प्रसाद सिंह, डॉ. सुलोचना कुमारी, डॉ. वीणा अमृत, डॉ. अनुराग शर्मा, राजेंद्र कुमार मण्डल, गार्गी राय, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, सीमा रानी, डॉ. अर्पणा, अपराजिता रंजना, अनुभा गुप्ता, डॉ. भागवत कुमार, ऋचा रंजन, डॉ. स्मृति आनन्द, इंद्रदेव प्रसाद, डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय और आस्था दीपाली को 'हिन्दी-रत्न' अलंकरण से विभूषित किया गया।

# मासिक अपराध गोष्ठी में समीक्षा कर एसपी ने दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कटिहार।** पुलिस अधीक्षक के कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसपी शिखर चौधरी ने की।

गोष्ठी में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिजीत कुमार सिंह, विनोद कुमार, रंजन कुमार सिंह अजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय मृदूलता, पुलिस उपाधीक्षक यातायात सद्दाम हुसैन, पुलिस उपाधीक्षक साइबर, परि. पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक रक्षित, परिचारी प्रवर, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष, ओपी.अध्यक्ष एवं शाखा प्रभारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कांडों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण, तथा संवेदनशील स्थानों पर सतत निगरानी, सभी थाना क्षेत्र में नियमित गश्ती, सघन वाहन जांच, तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी, साइबर अपराध संबंधित कांडों के निष्पादन, वारंट तामिला, दागियों की निगरानी, मद्यनिषेध अभियान, सीसीटीएनएस एवं डायल-112 की तत्परता जैसे बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

# विद्यालय भूमि दाताओं और ग्रामीणों का विवाद सुलझाने हेतु बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के मध्य विद्यालय एकौना के खेल मैदान के प्रांगण में बिहार सरकार के राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य तल्लू बास्की ने मध्य विद्यालय एकौना पहुंचें। इस दौरान विधालय के भूमि दान करने वाले भक्तू उरांव के परिजनों के भी कागजात देखा। बता दे 1985 ईस्वी में भक्तु उरांव के द्वारा एक एकड़ जमीन राज्यपाल को विद्यालय बनाने के नाम पर दान पत्र कर दिए थे। इस दौरान उक्त जमीन पर विद्यालय भी बनी हुई हैं । जबकि शेष खाली जमीन 0.59 डिसमिल विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र- छात्राओं के लिए खेल मैदान के रूप में छोड़ा गया। मगर इसी बीच एक दो वर्ष से उक्त परती जमीन पर भक्तु उरांव के वंशज के द्वारा 0.59 डिसमिल जमीन पर कब्जा करने की प्रयास कर रहे हैं। और कहते हैं कि यह जमीन हमारी हैं जबकि विद्यालय 0. 41 डीसिमल की जमीन पर 1985 से अब तक चले आ रहे हैं।विद्यालय में 580 छात्र-छात्रा नामांकित हैं।

# दर्शन साह महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस पर हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनवाने का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** दर्शन साह महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस पर हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने का संकल्प समारोह का आयोजन किया गया।ि जसकी अध्यक्षता करते हुए दर्शन साह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि हिंदी को ज्ञान- विज्ञान की भाषा बनाना चाहिए। इससे ही हिंदी विश्व स्तर पर स्थापित होगी। उन्होंने हिंदी के सामने उपस्थित चुनौतियों का उल्लेख करते हुए बताया कि विज्ञान के लिए हिंदी की पारिभाषिक शब्दावली बनानी चाहिए।

इस मौके पर आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने विश्व हिंदी दिवस के आयोजन के औचित्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदी दिवस पर सिर्फ हिंदी की प्रशंसा करना काफी नहीं हैं। बल्कि हमें यह समझना होगा कि हिंदी के माध्यम से हम क्या कर सकते हैं और क्या कर रहे हैं। जीएलएम महाविद्यालय,बनमनखी के प्राचार्य डॉ. प्रमोद भारतीय ने हिंदी-उर्दू के आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए अपनी कविता का पाठ किया। वहीं समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. कामेश्वर पंकज ने कहा कि हिंदी भाषी जब आर्थिक रूप से संपन्न होंगे तब हिंदी संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनेगी। वहीं इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो. मदन झा ने कहा कि पूरे भारत में हिंदी में भाषा का प्रयोग होता हैं। राजनीति कारणों से दक्षिण भारत से हिंदी का विरोध होता हैं। वहीं उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनवर इरोज ने हिंदी - उर्दू के आपसी संबंधों पर प्रकाश डाला और कहा कि हिंदी भारत की शान हैं। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। स्नातकोत्तर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम अनुपमा कुमारी, द्वितीय रिया राज भारती, तृतीय दिपाली कुमारी, स्नातकोत्तर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रिया राज भारती, द्वितीय दिपाली कुमारी, तृतीय अनुपमा कुमारी स्थान प्राप्त किया। जबकि स्नातक निबंध प्रतियोगिता में प्रथम शिवम कुमार, द्वितीय लक्ष्मण कुमार, तृतीय नेहा कुमारी तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम लक्ष्मण कुमार, द्वितीय शिवम कुमार, तृतीय नेहा कुमारी को प्राप्त हुआ। इस समारोह में प्रो. रतन दास,प्रो. गुलाम सरवर,प्रो. शीला कुमारी, प्रो. गीतिका, प्रो. मैतेई, प्रो. उदय शंकर, प्रो. आशीष कुमार, प्रो. शिवप्रकाश राय,प्रो. विवेकानंद स्वामी आदि ने अपने विचार रखे। वहीं समारोह का संचालन डॉ. जीतेंद्र वर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. उदय शंकर ने किया। इस अवसर पर शिक्षकेतर कर्मचारी शंभू कुमार यादव, अमर प्रताप सिंह, प्रकाश कुमार सिंह, सुधीर रमानी, संदीप झा, कौशल कुमार,ग ुलाब यादव, अनिल यादव, शुभम कुमार आदि समारोह में उपस्थित रहे। समारोह के अंत में राष्ट्रगान का गायन हुआ।

# मिट्ठू कुमार झा हत्याकांड में पुलिस की कार्रवाई

## मुख्य शूटर ने किया आत्मसमर्पण, एक आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** जिला के कुसेर्ला थाना कांड संख्या-03/26 अंतर्गत मिट्ठू कुमार झा हत्याकांड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए कुसेर्ला थाना पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी। पुलिस की निरंतर दबिश के कारण कांड के मुख्य शूटर रोहित कुमार यादव, पिता-शंभू यादव, साकिन-भवानीपुर, थाना-रंगरा नवगछिया, जिला-भागलपुर ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। उक्त कांड में संलिप्त अप्राथमिकी अभियुक्त लाइनर सुनील मंडल, पिता प्रमोद मंडल, साकिन कटरिया, थाना कुसेर्ला, जिला कटिहार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है।

# कटिहार रेलमंडल ने नई निगरानी प्रणाली से संरक्षा और दक्षता बढ़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने तकनीकी नवाचार के माध्यम से संरक्षा, सुरक्षा और परिचालन दक्षता बढ़ाने के अपने निरंतर पहलों में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस संबंध में एनएफ रेल मालीगांव के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि एनएफआर के कटिहार मंडल के अधीन न्यू जलपाईगुड़ी डिपो में टावर वैगन पर एक आईपी-आधारित वीडियो सर्विलांस सिस्टम वीएसएस सफलतापूर्वक स्थापित किया है।

यह सिस्टम वायर्ड और वायरलेस नेटवर्क पर उच्च गुणवत्ता का वीडियो संचारित करने के लिए अत्याधुनिक आईपी कैमरों का इस्तेमाल करता है, जिससे सेंट्रलाइज्ड और रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव होता है। यह पहल डिपो में टावर वैगन के कार्यों की परिचालन संरक्षा, सुरक्षा और प्रभावी पर्यवेक्षण को काफी बेहतर बनाती है। नव स्थापित वीएसएस प्रणाली से न्यू जलपाईगुड़ी डिपो में महत्वपूर्ण टावर वैगन के गतिविधियों की रियल-टाइम और चौबीसों घंटे मॉनिटरिंग किए जाने से परिचालन संरक्षा और सुरक्षा में काफी सुधार हुआ है, खासकर अनुरक्षण और ओएचई कार्यों के दौरान। यह सिस्टम संभावित खतरों की पहचान करने, सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने और घटना के बाद के विश्लेषण, प्रशिक्षण और निरंतर सुधार के लिए रिकॉर्ड किए गए फुटेज का इस्तेमाल करने में सहयोग करता है।

# श्री श्याम मित्र मंडल कटिहार का स्वर्ण जयंती महोत्सव हवन पूर्णाहूति भंडारा के साथ सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** श्री श्याम मित्र मंडल कटिहार की ओर से अपने संस्था के स्वर्ण जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का यह दिव्य आयोजन न केवल आध्यात्मिक आनंद का स्त्रोत है। बल्कि नगर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को भी सुदृढ कर रहा है।

ऐसे पावन आयोजनों से समाज मे सद्भाव, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का व्यापक संचार होता है। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का यह पावन क्षण अत्यंत ही सौभाग्यशाली है। हमारे कटिहार की आध्यात्मिक पावन धरा अपने आप मे अद्भुत और आलौकिक धरा है। हम कटिहारवासी परम सौभाग्यशाली, बड़भागी है कि हमारे कटिहार की धरा पर परम पूज्य श्रद्धेय आचार्य श्री गौरवकृष्ण गोस्वामी जी के पवित्र मुखारबृंद से सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का अमृतमयी रसपान हुआ। सात दिन साक्षात कटिहार मे श्री बांकेबिहारी जी गोलोक श्रीधाम बृंदावन का दर्शन होने की भक्तिमय वातावरण प्राप्त हुआ। जैसे कि साक्षात श्रीधाम बृंदावन की ही अनुभूति दृष्टिगोचर हो रही थी। श्री श्याम मित्र मंडल के समस्त जजमान पूरे हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा, नियम और भक्तिभाव से पूजा पर आसीन होकर प्रभु के श्री चरणों मे अपना समर्पण अर्पित कर रहे है। यह दृश्य केवल कर्मकाण्ड नही, यह प्रेम, विश्वास और भगवद कृपा से जुड़ने का दिव्य अवसर है। श्री श्याम मित्र मंडल परिवार कथा मे आए सभी श्रद्धालुओं को सादर नमन करती है। संस्था के सभी सदस्यों ने परम श्रद्धेय आचार्य श्री गौरवकृष्ण गोस्वामी जी को प्रणाम करते हुए कहा कि आपकी कृपा से ही भक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है, आपके वचनों से ही जीवन को सही दिशा मिलती है। प्रेम ,श्रद्धा और कृतज्ञता के साथ हम समस्त श्री श्याम मित्र मंडल परिवार आपके चरणों मे समर्पित है। श्री श्याम मित्र मंडल ने श्री बांकेबिहारी जी से प्रार्थना की कि आप सबों पर अपनी अनंत अनुकंपा बनाएं रखे। प्रातः काल हवन पूणार्हुति पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। आरती हुई उसके बाद बृंदावन से आए पूज्य पंडितों जी द्वारा भागवत कथा के पूजा का विसर्जन सभी जजमानों के द्वारा संपन्न कराया गया। प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। दिन मे 2 बजे से विशाल भंडारा का भव्य आयोजन हुआ जिसमें भाडी संख्या मे भक्तजनों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।स्वयंसेवी संस्थाओं भी बढ़ चढ़ कर श्रीमद्भागवत कार्यक्रम मे अपनी अहम भूमिका निभाते नजर आ रहे है। संस्था के मिडिया प्रभारी पंकज तमाखुवाला ने बताया कि परम श्रद्धेय आचार्य श्री गौरवकृष्ण गोस्वामी जी ने आज कटिहार से विदाई लेते हुए कहा कि श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मेरे हृदय मे सदैव बना रहेगा। यहां के भक्तजनों की भागवत कथा के प्रति भक्ति , श्रद्धा, विश्वास एवं प्रेम अपार देखने को मिली। सभी श्रद्धालुओं का भरपूर प्यार और सहयोग मिला। जिसके कारण ही यह आयोजन ऐतिहासिक रूप से सफल हो पाया। कटिहार के भक्तों का प्यार, हमेशा रहेगा यादगार। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है।

# अमेरिका से पैसा निकाल रहे भारत, चीन, ब्राजील और सऊदी अरब

## 190 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार था



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक का अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड में निवेश 200 अरब डॉलर से नीचे चला गया है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत ही नहीं कई अन्य देशों ने भी यूएस ट्रेजरी बॉन्ड्स में अपना निवेश कम किया है। अमेरिकी वित्त विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर 2025 के अंत तक भारत के पास 190 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार था। यह पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 50.7 अरब डॉलर कम है। वहीं, इस दौरान आरबीआई ने सोने में अपना निवेश बढ़ाया है। इससे साफ है कि आरबीआई अब अपने विदेशी मुद्रा भंडार को मैनेज करने का तरीका बदल रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2025 के अंत तक केंद्रीय बैंक के पास 880.18 मीट्रिक टन सोना था, जो एक साल पहले 866.8 मीट्रिक टन था। इसी समय के दौरान, विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 685 अरब डॉलर पर स्थिर बना रहा। आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिका के ट्रेजरी बॉन्ड में यूनाइटेड किंगडम, बेल्जियम, जापान, फ्रांस, कनाडा और यूएई जैसे देशों ने अपना निवेश बढ़ाया है। दूसरी ओर चीन, ब्राजील, भारत, हांगकांग और सऊदी अरब ने साल-दर-साल अपने निवेश को कम किया है। 26 सितंबर तक भारतीय रिजर्व बैंक के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा 13.6% था। पिछले साल इसी समय यह 9.3% था जब कुल भंडार रेकॉर्ड स्तर पर था। दुनिया भर में केंद्रीय बैंक सोने की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद अपने भंडार में सोना जोड़ रहे हैं। इसकी वजह यह है कि आर्थिक अनिश्चितता के समय सोने को एक सुरक्षित निवेश माना जाता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया के कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने अपनी रणनीति बदली है। अब वे डॉलर पर अपनी निर्भरता कम कर रहे हैं और सोने की हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं। आइडीएफसी फर्स्ट बैंक की मुख्य गौरा सेनगुप्ता ने कहा, अमेरिका के ट्रेजरी बिलों में भारत की कम हिस्सेदारी आरबीआई की सोने की खरीद बढ़ाकर अपने विदेशी मुद्रा भंडार में विविधता लाने की कोशिश को दर्शाती है। विकसित देशों में बढ़ते वित्तीय दबावों ने वैश्विक बॉन्ड यील्ड को बढ़ा दिया है, जिससे ट्रेजरी में रखे गए भंडार के मूल्यांकन में नुकसान का जोखिम बढ़ गया है।

# नमक बेचकर लाखों रुपये कमा रही पहाड़ी महिला

## विदेश तक पहुंचा स्वाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जब भी नमक की बात आती है तो दिमाग में सफेद बारिक चूरे जैसी चीज घूमती है। लेकिन क्या कभी सोचा है कि नमक के भी कई फ्लेवर हो सकते हैं? ऐसे ही फ्लेवर के नमक बेच रही हैं उत्तराखंड के पहाड़ी इलाके टिहरी गढ़वाल की शशि बहुगुणा रतूड़ी। उनका ब्रांड नमकवाली आज काफी फेमस है। हिमालय का खास नमक उत्तराखंड से निकल विदेशों तक पहुंच गया है। इस ब्रांड का पिस्यू लूण लोगों की जुबां पर चढ़ गया है। पिस्यू लूण का मतलब सिलबट्टे पर पिसा हुआ नमक है। आज शशि बहुगुणा की कंपनी का सालाना रेवेन्यू लाखों रुपये है। शशि बहुगुणा को पहाड़ी खाने से बहुत लगाव था। उन्होंने अपने बेटे की मदद से साल 2018 में इसकी शुरुआत की। शशि बहुगुणा रतूड़ी के छोटे बेटे सुवेंदु के मुताबिक, मां के साथ की कई महिलाएं नमक पीसती थीं। ये नमक वो बिना पैसे के बांट देती थीं। हम इन्हें 'नमकवाली' कहते थे। हमने 58 साल की उम्र में मां को बिजनेस वुमन बनाने का फैसला किया। हमने पहाड़ की महिलाओं को उनके किचन में रखे सिलबट्टे को अपना हथियार बनाने को कहा। महिलाओं ने काम शुरू किया और आज सिलबट्टे पर पिसा हुआ नमक ही उनकी पहचान बन गया है।



**2018 में हुई शुरुआत:** सुवेंदु ने बताया कि उन्होंने 'नमकवाली' नाम से 2018 में सोशल मीडिया पर पेज बनाया। इस पेज पर लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। ऑर्डर भी आने लगे। साल 2020 में उन्होंने अपनी वेबसाइट बनाई। साथ ही इसे अमेजन पर भी बेचना शुरू किया। तब फेसबुक और इंस्टाग्राम पर इसका खूब प्रचार किया गया। इस दौरान यह विदेशों में भी फेमस हो गया। यह नमक आज विदेशों में भी पहचान बना रहा है।

### क्या है नमक में खास?

यह पिस्यू लूण नमक उत्तराखंड के टिहरी, गढ़वाल और आसपास के इलाकों से आता है। इसे पचाने में बहुत फायदेमंद माना जाता है, खासकर पेट की एसिडिटी को कम करने में। इस नमक में ताजी जड़ी-बूटियां और मसाले भी मिलाए जाते हैं। जैसे पुदीना, धनिया, हल्दी, अदरक, लहसुन और मिर्च। इन सबको पत्थर या सिल-बट्टे पर पीसकर नमक में मिलाया जाता है। शशि बताती हैं कि हर जड़ी-बूटी और मसाला उत्तराखंड के हिमालय की ऊंची चोटियों से हाथ से चुना जाता है। यह बहुत पौष्टिक है और 100% ऑर्गेनिक है। 17% का मुनाफा भी हो रहा है। वह पिछले साल शार्क टैंक इंडिया में भी आई थीं।

### कई तरह के प्रोडक्ट

नमकवाली ब्रांड में सिर्फ पिस्यू लूण नमक ही नहीं, बल्कि और प्रोडक्ट भी हैं। उनके पास 20 से ज्यादा प्रोडक्ट हैं। इनमें पिस्यू लूण नमक, पहाड़ी शहद, हल्दी, गाय का घी, चटनी पाउडर और दालें शामिल हैं। उनका बिजनेस मॉडल ज्यादातर सीधे ग्राहकों को बेचने पर आधारित है। उनके प्रोडक्ट ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन और फ्लिपकार्ट पर भी मिलते हैं। लेकिन उनकी अपनी वेबसाइट से 70% बिक्री होती है। शशि बहुगुणा ने अपने इस कारोबार की शुरुआत में सिर्फ डेढ़ लाख रुपये लगाए थे और साथ में तीन महिलाएं थीं। आज उनकी कंपनी का सालाना टर्नओवर 50 लाख रुपये है।

## 24 से 1400 का सफर

# मल्टीबैगर स्टॉक ने 4 साल में दिया 64 लाख का रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में अगर किसी अच्छी कंपनी पर सोच-समझक दांव लगाया जाए तो वह कम समय में ही निवेशकों को मोटा रिटर्न दे सकती है। नेटवर्क पीपुल सर्विसेज टेक्नोलॉजी के शेयरों के साथ ऐसा ही कुछ देखने को मिला है। महज चार साल में इस कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों का पैसा 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 64 लाख रुपये कर दिया है।

कंपनी के शेयरों में तेजी जनवरी 2022 से शुरू हुई। उसके बाद अगस्त 2024 तक देखने को मिली। जिसकी वजह से इस दौरान कंपनी के शेयरों का भाव 16270 प्रतिशत बढ़ गया है। नेटवर्क पीपुल सर्विसेज टेक्नोलॉजी का शेयर 3577 रुपये का रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। दिसंबर 2022 कंपनी के शेयरों के लिहाज से एक ऐसा महीना रहा जब कीमतों में 90.40 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। इसके बाद जुलाई 2024 में कंपनी के शेयरों का भाव 65.30 प्रतिशत बढ़ा था। बीते चार साल में कंपनी के शेयरों में तीन साल उछाल दर्ज की गई है। 2023 इस लिहाज से काफी शानदार रहा। तब नेटवर्क पीपुल सर्विसेज के शेयरों की कीमतों में 1012 प्रतिशत की तेजी आई है। 2024 में 226 प्रतिशत और 2022 में 201 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। इस दौरान कंपनी का शेयर 21.85 रुपये से बढ़कर 1400 रुपये के लेवल को क्रॉस कर गया। बता दें, 2025 में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 47 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। जोकि लिस्टिंग के बाद किसी एक साल में कंपनी के शेयरों में सबसे बड़ी गिरावट है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर लुटनिक के बयान पर

# जीटीआरआई बोला- बहाने बना रहे?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत स्थित थिंक टैंक जीटीआरआई ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के बयान पर कड़ा सवाल उठाया है। जीटीआरआई ने कहा कि बड़े व्यापार समझौते नेताओं के बीच प्रतीकात्मक संवाद पर नहीं, बल्कि नीतिगत सहमति और हितधारकों के बीच तालमेल पर निर्भर करते हैं।

बता दें कि लुटनिक ने दावा किया था कि भारत-व्यापार समझौता इसलिए नहीं हो सका क्योंकि प्रधानमंत्री पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को व्यक्तिगत रूप से फोन नहीं किया। उन्होंने अमेरिकी निवेशक के साथ एक पॉडकास्ट बातचीत में कहा था कि सौदे की संरचना तैयार थी, लेकिन अंतिम चरण में नेतृत्व- स्तर की सीधी बातचीत जरूरी थी। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआआई) का कहना है कि ऐसे बयान व्यापार वार्ताओं की वास्तविक प्रक्रिया को सरल



बनाकर पेश करते हैं। संस्था ने सवाल उठाया कि अगर जुलाई 2025 में ही अमेरिका ने कोई सौदा नहीं का फैसला कर लिया था, तो इसके बाद दोनों देशों के बीच महीनों तक बाजार पहुंच, शुल्क और नियामकीय मुद्दों पर बातचीत क्यों चलती रही।

जीटीआरआई के अनुसार, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में लगातार हो रही देरी के बीच, अमेरिकी वाणिज्य सचिव की एक टिप्पणी ने ध्यान को वास्तविक मुद्दे से प्रतीकात्मकता की ओर मोड़ दिया है। संस्था ने कहा कि लुटनिक की व्याख्या से जटिल व्यापार वार्ताओं के वास्तव में विफल होने के तरीके के बारे में जवाब मिलने की तुलना में अधिक प्रश्न उठते हैं।

लुटनिक ने कहा था कि पीएम मोदी बाद में फोन करने के लिए सहमत हो गए थे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी, क्योंकि अमेरिका पहले ही अन्य देशों के साथ व्यापार सौदों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर चुका था।

थिंक टैंक ने यह भी याद दिलाया कि अमेरिका ने जुलाई 2025 के आसपास इंडोनेशिया, वियतनाम और फिलीपींस के साथ व्यापार समझौते पूरे कर लिए थे, जबकि भारत-अमेरिका वार्ता उसके बाद भी जारी रही। इससे यह संकेत मिलता है कि फोन कॉल को कारण बताना तात्कालिक वजह से अधिक बाद में गढ़ा गया तर्क है।

जीटीआरआई के अनुसार, भारत-अमेरिका व्यापार गतिरोध की जड़ें टैरिफ, कृषि, डिजिटल व्यापार और नियामकीय स्वायत्तता जैसे कठिन नीतिगत मतभेदों में हैं, न कि किसी नेता की कॉल में। संस्था ने कहा कि व्यक्तिगत कूटनीति पर जोर देने से वास्तविक संरचनात्मक चुनौतियां ओझल हो जाती हैं।

## आईपीओ 13 जनवरी तक ओपन रहेगा

# पहले ही दिन लग गया 8 गुना से ज्यादा दांव, 23 रुपये शेयर का दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिनीरत्न कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के आईपीओ को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। भारत कोकिंग कोल का आईपीओ पहले ही दिन फुल हो गया है। कंपनी का आईपीओ दांव लगाने के लिए शुक्रवार 9 जनवरी को खुला और यह पहले ही दिन 8 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हो गया है। कंपनी का आईपीओ मंगलवार 13 जनवरी तक ओपन रहेगा। भारत कोकिंग कोल के शेयर ग्रे मार्केट में धमाल मचाए हुए हैं। कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में 43 पर्सेंट से ज्यादा के प्रीमियम के साथ कारोबार कर रहे हैं। भारत कोकिंग कोल के आईपीओ का टोटल साइज 1071 करोड़ रुपये तक का है। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के आईपीओ में शेयर का दाम 23 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयर अभी से 10 रुपये के प्रीमियम के साथ ग्रे मार्केट में ट्रेड कर रहे हैं। अगर मौजूदा ग्रे मार्केट प्रीमियम के हिसाब से देखें तो भारत कोकिंग कोल के शेयर 33 रुपये पर बाजार में लिस्ट हो सकते हैं। यानी, मौजूदा जीएमपी के हिसाब से जिन निवेशकों को आईपीओ में शेयर अलॉट होंगे, वह लिस्टिंग वाले दिन 43 पर्सेंट से ज्यादा के फायदे की उम्मीद कर सकते हैं। कंपनी के शेयर



शुक्रवार 16 जनवरी को लिस्ट होंगे। भारत कोकिंग कोल के शेयर बीएसई और एनएसई दोनों प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड का आईपीओ पहले ही दिन 8.18 गुना सब्सक्राइब हो गया है। कंपनी के आईपीओ में आम निवेशकों की कैटेगरी में 9.45 गुना दांव लगा है, जबकि शेयरहोल्डर्स कैटेगरी में 10.95 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। भारत कोकिंग कोल के आईपीओ में गैर संस्थागत निवेशकों का कोटा 16.45 गुना सब्सक्राइब हुआ है। आईपीओ में क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स का कोटा 0.30 गुना सब्सक्राइब हुआ है। कंपनी के आईपीओ में आम निवेशक कम से कम 1 लॉट और अधिकतम 14 लॉट के लिए दांव लगा सकते हैं।

# टैरिफ के खतरों के बीच शक्तिकांत दास ने आत्मनिर्भरता को बताया आर्थिक कवच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक व्यापार में बढ़ते संरक्षणवाद और टैरिफ के मंडराते खतरों के बीच, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब एक ऐतिहासिक बदलाव के मुहाने पर खड़ा है। पहले बिबेक देबरॉय मेमोरियल लेक्चर को संबोधित करते हुए, दास ने जोर देकर कहा कि सरकार की ओर से अपनाई गई नीतियों और सुधारों के कारण भारत इनक्रेडिबल इंडिया (अतुल्य भारत) से क्रेडिबल इंडिया (विश्वसनीय भारत) बनने की यात्रा पर अग्रसर है।

### आत्मनिर्भरता का देश के लिए क्या मतलब?

शक्तिकांत दास ने स्पष्ट किया कि पिछले दशकों में वैश्वीकरण को चलाने वाली आम सहमति अब कमजोर पड़ चुकी है और बहुपक्षीय सहयोग कठिन हो गया है। ऐसे परिदृश्य में, भारत ने आत्मनिर्भरता को अपनी नीतियों के मूल सिद्धांत के रूप में



अपनाया है। उन्होंने आत्मनिर्भरता की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए दो बातों पर जोर दिया।

**रणनीतिक लचीलापन-** यह दुनिया से कटने की नीति नहीं है, बल्कि मुख्य क्षमता और लचीलेपन को बनाने की रणनीति है। आर्थिक आत्मनिर्भरता का अर्थ है देश के भीतर महत्वपूर्ण वस्तुओं और तकनीकों के उत्पादन की क्षमता विकसित करना और विदेशी स्रोतों पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना। पूर्व आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मजबूत घरेलू क्षमताओं वाली आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था विकास को बनाए रखने की शक्ति देती है, जबकि एक स्वायत्त विदेश नीति बाहरी चुनौतियों से निपटने में राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करती है। दास का यह बयान ऐसे समय में आया है जब वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक हवाएं बदल रही हैं। विशेष रूप से, अमेरिका रूसी तेल पर प्रतिबंध विधेयक पर विचार कर रहा है, जिसमें रूस से तेल खरीदने वाले देशों- जिनमें भारत और चीन शामिल हैं- पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रावधान हो सकता है। दास ने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था पर चिंता जताते हुए ये बातें कही- पारंपरिक बहुपक्षवाद, जो कभी वैश्विक शासन का आधार था, अब भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और संरक्षणवाद के कारण हाशिए पर है। संस्थानों का कमजोर होना- नियम-आधारित प्रणालियों की नींव माने जाने वाले प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्थान अपने मूल जनादेश को पूरा करने में संघर्ष कर रहे हैं। व्यापार और आपूर्ति शृंखलाओं को अब व्यवधान और प्रभुत्व के साधन के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। री-शोरिंग (घरेलू उत्पादन) और फ्रेंड-शोरिंग (मित्र देशों के साथ व्यापार) जैसी प्रवृत्तियां वैश्विक नेटवर्क को खंडित कर रही हैं। तमाम चुनौतियों के बावजूद, दास ने विश्वास जताया कि भारत 2020 के कोविड-19 संकट के बाद से आए कई वैश्विक झटकों के परफेक्ट स्टॉर्म (पूर्ण तूफान) से सफलतापूर्वक बाहर निकल आया है। उन्होंने कहा, अब देश द्वारा अपनाई गई नीतियों के साथ, हवा हमारे पक्ष में है। हम वास्तव में विकसित भारत की राह पर हैं। दास ने स्वीकार किया कि ज्ञात और अज्ञात स्रोतों से चुनौतियां आती रहेंगी, लेकिन भारत का रुख स्पष्ट है। भारत एक सहकारी और नियम-आधारित वैश्विक प्रणाली का समर्थन करता है, लेकिन साथ ही ऐसी दुनिया में अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने के लिए सक्रिय रूप से साझेदारी भी बना रहा है।

# बिटिया के लिए बनाएं 47 लाख रुपये का फंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिटिया के जन्म के साथ ही माता-पिता की चिंता उसकी पढ़ाई और शादी की होने लगती है। वैसे तो ये लॉन्ग टर्म का प्लान होता है लेकिन सही समय पर निवेश करते हैं तो आपकी राह आसान हो जाती है। बिटिया की पढ़ाई या शादी के खर्चे का इंतजाम करने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) एक बेहतर विकल्प हो सकता है। इस स्कीम में आप हर साल 1 लाख रुपये का निवेश कर 45 से 47 लाख रुपये तक का इंतजाम कर सकते हैं।

योजना के तहत अकाउंट केवल बालिका के कानूनी अभिभावकों द्वारा ही खोला जा सकता है, जो या तो बच्ची के जैविक माता-पिता हों या न्यायालय द्वारा नियुक्त अभिभावक हों। बालिका के लिए खाता 10 वर्ष की आयु से पहले खोला जाना चाहिए। खाते की मैच्योरिटी अवधि खाता खोलने की तिथि से 21 वर्ष है और बालिका के 18 वर्ष की आयु के बाद विवाह होने पर ही इसे समय से पहले बंद करने की अनुमति है। इसके अतिरिक्त, बिटिया की उच्च शिक्षा के लिए शेष राशि के 50 प्रतिशत तक की आंशिक निकासी की अनुमति है।

इस योजना के तहत ब्याज दर 8.2 प्रतिशत है। यह पूरी तरह से टैक्स फ्री है और सरकार समय-समय पर बदलती भी रहती है। यह खाता खोलने के लिए अभिभावक को पैन कार्ड की प्रतियां, पते का प्रमाण, पहचान का प्रमाण और साथ ही बालिका के रजिस्टर्ड जन्म प्रमाण पत्र की एक प्रति जमा करनी होगी। योजना के तहत न्यूनतम निवेश 250 और अधिकतम 1.50 लाख है। खाता सक्रिय रखने के लिए, अभिभावक को पहले 15 वर्षों तक प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार पैसे जमा करना होगा।

# 5 साल से धांसू रिटर्न दे रहा 21 वाला शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में कई ऐसे स्टॉक हैं जिन्होंने निवेशकों को लॉन्ग टर्म में मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। ऐसा ही एक शेयर - नेटवर्क पीपल सर्विसेज टेक्नोलॉजीज है। यह डिजिटल बैंकिंग और पेमेंट टेक्नोलॉजी फर्म्स में से एक प्रमुख कंपनी है। इसके शेयरों में हाल के साल में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है। शेयरों ने जनवरी 2022 में अपनी एकतरफा यात्रा शुरू की और अगस्त 2024 तक सिलसिला जारी रहा। इस दौरान निवेशकों को 16,270 प्रतिशत का भारी रिटर्न मिला। इसी अवधि में शेयर ने 3577 प्रति शेयर का एक नया रिकॉर्ड भी बनाया। इस अवधि में शेयर 26 महीनों तक पॉजिटिव रहा,



जिसमें दिसंबर 2022 में 90.4 प्रतिशत की सबसे बड़ी मासिक बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके बाद जुलाई 2024 में 65.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस रैली ने न सिर्फ शेयरहोल्डर्स को अमीर बनाया है बल्कि कंपनी के मार्केट कैपिटलाइजेशन को भी काफी बढ़ाया है। इस शेयर के लिए साल 2023 सबसे अच्छा साल रहा, जिसमें 1012 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसके बाद 2024 और 2022 में शेयर ने क्रमशः 226 प्रतिशत और 201 प्रतिशत का रिटर्न है। इस दौरान शेयर 21.85 प्रति शेयर से बढ़कर 1,400 प्रति शेयर हो गया है। 2025 में यह 47 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ खत्म हुआ, जो लिस्टिंग के बाद से इसकी सबसे बड़ी सालाना गिरावट थी। जिस निवेशक ने चार साल पहले स्टॉक में 1 लाख का निवेश किया था और उसे बनाए रखा, उसकी वैल्यू बढ़कर 64.5 लाख हो गई होगी। नेटवर्क पीपल सर्विसेज टेक्नोलॉजीज के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर्स के पास 60.29 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, कंपनी की पब्लिक शेयरहोल्डिंग 39.71 फीसदी है। प्रमोटर में सविता वशिष्ठ के पास 50,28,000 शेयर या 24.12 फीसदी हिस्सेदारी है। आशीष अग्रवाल के पास 37,68,470 शेयर या 18.08 फीसदी हिस्सेदारी है।

## ग्रे मार्केट दिखा रहा अभी से फायदा

# पहले दिन ही 80 प्रतिशत भरा आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिफ्रेल टेक्नोलॉजी आईपीओ पर निवेशकों ने पहले दिन खूब पैसा खर्च किया। जिसकी वजह से यह एसएमई आईपीओ पहले दिन ही 0.80 प्रतिशत भर गया। कंपनी के आईपीओ का साइज 13.77 करोड़ रुपये का है।

डिफ्रेल टेक्नोलॉजी आईपीओ पर निवेशकों ने पहले दिन खूब पैसा खर्च किया। जिसकी वजह से यह एसएमई आईपीओ पहले दिन ही 0.80 प्रतिशत भर गया। कंपनी के आईपीओ का साइज 13.77 करोड़ रुपये का है। ग्रे मार्केट से भी इस आईपीओ को लेकर पॉजिटिव रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। आइए डीटेल्स में जानते हैं आईपीओ के विषय में .. रिटेल कैटगरी में आईपीओ 1.22 गुना सब्सक्राइब किया गया है।




वहीं, क्यूआईबी में 0.00 और एनआईआई में 0.88 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। बता दें, 8 जनवरी को आईपीओ एंकर निवेशकों के लिए खुला था। एंकर निवेशकों से कंपनी ने 3.84 करोड़ रुपये जुटाए हैं। डिफ्रेल टेक्नोलॉजी आईपीओ का प्राइस बैंड 70 रुपये से 74 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने 1600 शेयरों का एक लॉट बनाया है। रिटेल निवेशकों को कम से कम दो लॉट पर एक साथ दांव लगाना होगा। जिसकी वजह से मिनिमम इंवेस्टमेंट अमाउंट 236800 रुपये हो गया है। कंपनी के आईपीओ का साइज 13.77 करोड़ रुपये का है। आईपीओ के जरिए 19 लाख फ्रेश शेयर जारी किए जाएंगे। बता दें, यह इश्यू पूरी तरह से फ्रेश शेयरों पर ही आधारित है। कंपनी के प्रमोटर्स की तरफ से आईपीओ में कोई भी शेयरों की बिकवाली नहीं की जा रही है।

इंवेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ 6 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। जोकि 8.11 प्रतिशत के लिस्टिंग गेन को दर्शाता है। अगर यही स्थिति रही तो आईपीओ 80 रुपये पर शेयर बाजार में लिस्ट हो सकता है। बता दें, आईपीओ का सबसे अधिक जीएमपी 6 रुपये ही रहा है। बीते तीन दिनों से कंपनी के जीएमपी में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# अब झारखण्ड में भी होगा किडनी ट्रांसप्लांट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मरीजों के लिए बड़ी राहत। राज्य में पहली बार सरकारी और प्राइवेट दोनों स्तर पर किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू होने जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की परामर्शदात्री समिति ने 9 जनवरी को हुई बैठक में राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और राज अस्पताल, रांची को किडनी ट्रांसप्लांट के लिए मंजूरी दे दी है।

अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली इस बैठक में दोनों अस्पतालों को मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत योग्य पाया गया। लाइसेंस जल्द जारी होगा, जिससे राज्य के हजारों किडनी रोगी अब बाहर के राज्यों में नहीं जाएंगे। यह फैसला मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना और आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जुड़े मरीजों के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। अब तक ऐसे मरीज दिल्ली, मुंबई या चेन्नई जैसे शहरों में रेफर होते थे, लेकिन अब स्थानीय स्तर पर ही उन्नत इलाज मिलेगा।

किडनी ट्रांसप्लांट में स्वस्थ किडनी को डोनर (जीवित या मृत) से लेकर मरीज के शरीर में प्रत्यारोपित किया जाता है। सर्जरी आमतौर पर पेट के निचले हिस्से में की जाती है। भारत में यह प्रक्रिया काफी सुरक्षित और सफल है। सफल ट्रांसप्लांट के बाद मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं।

ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्यूमन ऑर्गन्स एंड टिश्यूज एक्ट 1994 (2011-2014 में संशोधित) के तहत सख्त नियम लागू हैं ताकि अंगों का अवैध व्यापार रोका जा सके।

# उप्र-बिहार के सीमा क्षेत्र में बाघ का आतंक

## बच्ची को बनाया शिकार, सहमे लोग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगहा।** वीटीआर (वाल्मीकि टाइगर रिजर्व) से सटे उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के सोहगीबरवा वन क्षेत्र में शुक्रवार को एक बाघ द्वारा एक बच्ची को शिकार बनाए जाने की घटना के बाद बिहार के मदनपुर वन क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है।घटना को गंभीरता से लेते हुए मदनपुर वन क्षेत्र के वन कर्मियों द्वारा अपने इलाके में चौकसी तेज कर दी गई है। साथ ही जंगल से सटे गांवों में माइकिंग व अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार कर लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

मदनपुर वन क्षेत्र पदाधिकारी नसीम अंसारी ने बताया कि यूपी का सोहगीबरवा जंगल वीटीआर के जंगल से सटा हुआ है। ऐसे में जंगली जानवरों के एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में आने-जाने की पूरी संभावना रहती है। बाघ कब और किस इलाके में भ्रमण करेगा, यह स्पष्ट नहीं होता। इसी आशंका को देखते हुए वन कर्मियों को अलर्ट मोड में रखा गया है। जंगल के आसपास बसे गांवों में लोगों को हिदायत दी जा रही है कि कोई भी व्यक्ति अकेले जंगल की ओर न जाए। खेती-बारी करने वाले किसान भी खेतों में काम करने के लिए समूह में जाएं।

उन्होंने बताया कि यूपी में हुई घटना के बाद वहां की पुलिस और वन विभाग पूरी तरह चौकस है। इसी क्रम में यह आशंका जताई जा रही है कि उक्त बाघ बिहार के वीटीआर क्षेत्र की ओर भी आ सकता है। इसे लेकर मदनपुर वन क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है और संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

शुक्रवार को महराजगंज जिले के सोहगीबरवा वन क्षेत्र अंतर्गत मदरसा टोला के सोहगीबरवा निवासी उमेश चौधरी की 14 वर्षीय पुत्री गुड्डी कुमारी पास के जंगल में लकड़ी या अन्य सामग्री चुनने गई थी। इसी दौरान बाघ ने उस पर हमला कर उसे मार डाला।

शनिवार को बच्ची का शव जंगल से बरामद होने के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया। घटना की सूचना मिलते ही यूपी के प्रशासनिक व वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को अपने कब्जे में लिया गया।

बच्ची की मौत से क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त है। इधर बिहार के सीमावर्ती गांवों में भी लोग सतर्कता बरत रहे हैं। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें, लेकिन सावधानी जरूर बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

# अलग-अलग क्षेत्रों में हाथियों ने महिला सहित चार की ली जान

## 15 दिनों में 18 लोगों ने गंवायी जानें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के गढ़वा, हजारीबाग और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में बृहस्पतिवार रात से हाथियों के अलग-अलग हमलों में चार लोगों की मौत हो गई। पश्चिमी सिंहभूम के तिलकुट्टी गांव में एक जंगली हाथी ने शुक्रवार तड़के एक नाबालिग और 40 वर्षीय प्रकाश मालवा को मार डाला। इस दौरान हाथी को भगाने की कोशिश में क्विक रिस्पांस टीम का एक सदस्य भी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिले में पिछले 15 दिनों में हाथियों के हमले में 18 लोग जान गंवा चुके हैं।

गढ़वा के चिरका गांव में एक जंगली हाथी ने मिट्टी का घर ढहा दिया, जिससे 52 वर्षीय गीता देवी की मौत हो गई। वन विभाग ने पीड़ित परिवार को 50,000 रुपये की अंतरिम राहत दी है। उधर, हजारीबाग के बनहा गांव में भी शुक्रवार सुबह एक ग्रामीण हाथी का शिकार हो गया।

# नौ दिनों से लापता अंश और अंशिका को 40 सदस्यीय टीम करेगी तलाश



⇨परिजनों का रो-रोकर हो रहा बुरा हाल

⇨नेताओं ने दी उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र अंतर्गत मौसीबाड़ी खटाल से लापता दो मासूम बच्चे अंश और अंशिका का नौ दिन बीतने के बाद भी कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस की लगातार जांच के बावजूद बच्चों की बरामदगी नहीं होने से इलाके में दहशत और परिजनों में गहरी चिंता बनी हुई है।

बच्चों के पिता सुनील राय और मां नीतू देवी अपने बच्चों की एक झलक पाने को व्याकुल हैं। मां और दादी का रो-रो कर बुरा हाल है और बात करते-करते कई बार उनकी तबीयत बिगड़ जाती है। घर में हर आहट पर उम्मीद जगती है, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगती है।

परिजनों के अनुसार, 2 जनवरी को अंश और अंशिका शालीमार बाजार गए थे, जहां से वे वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद धुर्वा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने आसपास के इलाकों में खोज अभियान चलाया और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले, लेकिन कोई ठोस सफलता नहीं मिली। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों बच्चे 4 और 5 वर्ष के हैं और उसी दिन घर के पास एक किराना दुकान पर भी गए थे, जहां से वे नहीं लौटे।

रांची सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि 40 पुलिसकर्मियों की एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया है, जो पूरे झारखंड में तलाश कर रही है। साथ ही बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की पुलिस से लगातार संपर्क में रहकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पिछले पांच वर्षों में बच्चों की तस्करी के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार, कुछ नए सुराग मिले हैं और जांच जारी है।

मामले ने राजनीतिक रूप भी ले लिया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, भाजपा नेता रमेश सिंह और अशोक बड़ाइक सहित कई नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। नेताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए चेतावनी दी कि यदि बच्चों को शीघ्र नहीं ढूंढा गया, तो रांची एसएसपी कार्यालय के बाहर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

बच्चों की सुरक्षित वापसी की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने एक समिति का गठन किया है। समिति ने रविवार को धुर्वा में बंद का आह्वान किया है। परिजनों ने रांची के एसएसपी और डीजीपी को ज्ञापन भी सौंपा है, लेकिन अब तक उन्हें केवल आश्वासन ही मिले हैं।

# एनडीआरएफ ने सीसीएल - टीटीपीएस में परिचयात्मक अभ्यास किया आयोजित

## आपदा प्रबंधन एवं खान बचाव क्षमताओं को सुदृढ़ करने पर दिया गया जोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) द्वारा शनिवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) कथारा एवं टीटीपीएस परिसर में एक परिचयात्मक अभ्यास का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व एनडीआरएफ के देवीकांत पांडेय ने किया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपदा प्रबंधन, बचाव कार्यों तथा खान दुर्घटनाओं से निपटने हेतु जवानों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था।

इस अभ्यास में एनडीआरएफ की 9वीं बटालियन के जवानों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने विशेष रूप से खान बचाव प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान विषाक्त वातावरण में कार्य करने की प्रक्रिया, आधुनिक बचाव उपकरणों के प्रभावी उपयोग तथा खदानों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की तकनीकों पर विशेष बल दिया गया। एनडीआरएफ द्वारा आयोजित यह अभ्यास जवानों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एनडीआरएफ नियमित रूप से देश के विभिन्न हिस्सों में इस प्रकार के अभ्यास आयोजित करता है, जिनमें बाढ़, भूकंप, औद्योगिक दुर्घटनाओं एवं अन्य आपदाओं से निपटने का प्रशिक्षण शामिल होता है।

डीडीएमओ शक्ति कुमार ने कहा कि, बोकारो जिले में परिचयात्मक अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की नौवीं बटालियन, बिहटा (पटना) द्वारा आयोजित किया जा रहा है,जो आगामी 13 जनवरी तक जारी रहेगा। अभ्यास कुल 16 स्थानों पर प्रस्तावित था। जिसमें अब तक अलग - अलग 12 स्थानों पर परिचयात्मक अभ्यास* हुआ है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता, संस्थानों एवं प्रशासन को आपदा प्रबंधन, आपातकालीन तैयारी एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना है।

# घुसपैठ करते श्रीलंकाई नागरिक गिरफ्तार

## नेपाली करेंसी, कैमरा आदि जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** मोतिहारी में भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के रक्सौल बॉर्डर पर एसएसबी ने एक श्रीलंकाई नागरिक को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह नेपाल से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। यह कार्रवाई दोपहर के समय दोनों देशों को जोड़ने वाले मैत्री पुल पर नियमित जांच के दौरान की गई।

एसएसबी की जांच में गिरफ्तार व्यक्ति के पास भारत में प्रवेश या ठहरने से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए हरैया थाना पुलिस को सौंप दिया गया। गिरफ्तार श्रीलंकाई नागरिक की पहचान हनीफ कांची के रूप में की गई है। उसके पास से पासपोर्ट, नेपाली करेंसी, श्रीलंकाई पहचान पत्र, मोबाइल, कैमरा के साथ अन्य समान जब्त हुआ है।

श्रीलंकाई नागरिक की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। उससे सीमा पार करने के उद्देश्य और संभावित नेटवर्क को लेकर विस्तार से पूछताछ की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी सामने आ सके।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले इसी रक्सौल बॉर्डर से तीन बांग्लादेशी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया था। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं के चलते सीमा सुरक्षा को लेकर एजेंसियों की चौकसी और बढ़ा दी गई है।

हरैया थाना पुलिस के अनुसार, आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार श्रीलंकाई नागरिक को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है। मामले की जांच विभिन्न पहलुओं से की जा रही है।

# रात में मासूम के साथ निकली मां लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छीछवानी गांव में शुक्रवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। गांव के एक खेत में स्थित कुएं से 2 वर्षीय मासूम बच्चे का शव बरामद किया गया है। घटना के बाद गांव सहित आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छीछवानी गांव की निवासी मनीता कुमारी बीती रात करीब 2 बजे अपने दो साल के बेटे को लेकर घर से निकली थी। इसके बाद से मां-बेटे दोनों का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। परिजनों और ग्रामीणों द्वारा रात भर खोजबीन की गई, लेकिन कोई जानकारी हाथ नहीं लगी।

शुक्रवार को सिलास लकड़ा जब अपने खेत में सिंचाई के लिए कुएं के पास पहुंचा तो कुएं के पानी में एक बच्चे का शव तैरता हुआ देखा। इसकी सूचना तुरंत गांव के मुखिया पोलिडोर एक्का को दी गई, मामले की जानकारी चैनपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कुएं से बच्चे के शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गुमला भेज दिया।

घटना के बाद से गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। ग्रामीणों के बीच दबे स्वर में यह चर्चा है कि बच्चे की मां का पास के ही किसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी कारण महिला ने आधी रात को मासूम बच्चे को कुएं में फेंक दिया और खुद फरार हो गई।

हालांकि पुलिस ने अभी तक इन बातों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। चैनपुर थाना के एसआई अशोक कुमार एवं अरविंद कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। बच्चे की मां फिलहाल लापता है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बच्चे की मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# आरा में नहीं रूकेगी अमृत भारत एक्सप्रेस

**आरा।** आगामी 17 जनवरी से सियालदाह से बनारस के बीच चलने वाली 22587/88 सियालदह-वाराणसी अमृत भारत एक्सप्रेस का आरा जंक्शन पर ठहराव नहीं होगा।

इस खबर से यात्रियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। बता दें कि इस नई अमृत भारत एक्सप्रेस का बिहार में सिर्फ एकमात्र पटना जंक?शन पर ठहराव दिया गया है। लोगों का कहना है कि अन्य कई महत्वपूर्ण स्टेशनों को रेल मंत्रालय और जोनल मुख्यालय द्वारा नजरअंदाज कर दिया गया है।

उनका कहना है कि अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन मुख्यत साधारण श्रेणी वाले जनरल व स्लीपर वाले यात्रियों के लिए कराया गया था। इस बार सियालदाह बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस के ठहराव के मामले में दोहरी नीति अपनाई गई। लोगों ने ठहराव देने की मांग की है। मालूम हो कि पटना-डीडीयू रेलखंड पर स्थिति आरा जंक्शन इस रेलखंड का एक प्रमुख और अत्यधिक व्यस्त स्टेशन है।

# लक्ष्मणपुर की जगह अब इटखोरी में लगेगा मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट अब इटखोरी में लगाया जाएगा। पूर्व में इस प्रोजेक्ट को सदर प्रखंड के लक्षणपुर गांव स्थित भेड़-बकरा प्रजनन प्रक्षेत्र की भूखंड पर स्थापित करने की योजना थी, लेकिन झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादन महासंघ की तकनीकी टीम ने इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि फार्म की जमीन को उपयुक्त बताया है। कृषि फार्म की 10 एकड़ भूमि पर प्लांट की स्थापना की जाएगी। प्लांट स्थापना के लिए जमीन की अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादन महासंघ के प्रबंध निदेशक जयदेव बिस्वास ने 26 सितंबर 2025 को उपायुक्त कीर्तिश्री जी को पत्र लिख कर एनओसी की मांग की थी।

प्रबंध निदेशक की इस मांग पर एनओसी की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उसके बाद तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करते हुए विस्तृत परियोजना प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजी जाएगी। जिले में दूध उत्पादन, पशुपालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक बड़ी और महत्वाकांक्षी पहल की है।

जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की राशि से अत्याधुनिक मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित किया जाएगा। प्लांट की स्थापना लंबे समय से लंबित है। करीब तीन वर्ष पूर्व तत्कालीन उपायुक्त अबु इमरान इस दिशा में पहल की थी। लेकिन सफल नहीं हो पाए थे। उसके बाद उनका स्थानांतरण हो गया।

उनके स्थान पर रमेश घोलप यहां के उपायुक्त बने थे। लेकिन उन्होंने प्लांट स्थापना की दिशा में कोई रूचि नहीं दिखाई थी। वर्तमान उपायुक्त कीर्तिश्री जी प्रस्तावित परियोजना को जमीन पर उतारने को लेकर झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ पत्राचार कर पुनर्जीवित किया। जिला प्रशासन का प्रयास है कि इस साल के अंत तक प्लांट प्रारंभ हो जाए।

हाल के महीनों में झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड की संयुक्त तकनीकी टीम ने इटखोरी स्थित कृषि फार्म का स्थल निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान भूमि की उपलब्धता, परिवहन सुविधा, आसपास के बाजार और दूध उत्पादन की संभावनाओं को देखते हुए टीम ने इसे इटखोरी का चयन किया है। डेयरी प्लांट का क्रियान्वयन एजेंसी नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) होगी।

मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट की क्षमता 50 हजार लीटर प्रतिदिन की है। तकनीकी टीम ने प्रस्तावित डेयरी प्लांट की क्षमता लिए पूरी तरह उपयुक्त बताया है। इटखोर में प्लांट की स्थापना होने से न सिर्फ चतरा, बल्कि हजारीबाग, बरही और चौपारण जैसे आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में विपणन योग्य अधिशेष दूध उपलब्ध है, जिसका समुचित उपयोग इस प्लांट के माध्यम से किया जा सकेगा।

# निकाय चुनाव को ले जदयू एक्टिव मोड में

## भ्रष्टाचार और टैक्स वृद्धि के खिलाफ आंदोलन होगा तेज

## आलाकमान ने मांगी दावेदारों की सूची

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** इस बार राज्य में नगर निकाय चुनाव दलगत नहीं हो रहा है। इसके बाद भी पार्टियां अप्रत्यक्ष रूप से इसमें सम्मिलित होकर बढ़त बनाना चाहती है। इसमें प्रदेश जदयू भी सम्मिलित हो गया है। इस पार्टी ने तो सभी जिलों से चुनाव लड़नेवाले उम्मीदवारों की सूची भी मांगी है।

शनिवार को बूटी मोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में राज्यसभा सदस्य सह प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक राज्य में होनेवाले नगर निकाय चुनाव तथा सदस्यता अभियान पर केंद्रित रही।

प्रदेश अध्यक्ष ने सभी जिला अध्यक्षों को निकाय चुनाव लड़नेवाले उम्मीदवारों तथा संबंधित निकायों व वार्डों की सूची सात दिनों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में मजबूती के साथ निकाय चुनाव लड़ने तथा इसे लेकर प्रदेश व जिला स्तर पर कोषांग गठित करने पर जोर दिया गया।

विभिन्न निकाय क्षेत्रों में व्याप्त भ्रष्टाचार, होल्डिंग टैक्स, वाटर टैक्स में वृद्धि के विरुद्ध जिला मुख्यालय एवं प्रखंडों में एक दिवसीय धरना आयोजित करने तथा प्रदेश स्तर पर सदस्यता अभियान के प्रभारी की नियुक्ति जैसे प्रस्ताव पर सहमति बनी।

बैठक में तय हुआ कि संसद के बजट सत्र के बाद संगठन की मजबूती के लिए सभी जिलों में प्रदेश अध्यक्ष का दौरा होगा। बैठक में एक मार्च को पूरे राज्य में नीतीश कुमार का जन्मदिन धूमधाम से मनाने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में विधायक सरयू राय, पूर्व मंत्री राजा पीटर, पूर्व मंत्री सुधा चौधरी जैसे वरीय नेताओं ने निकाय चुनाव एवं सदस्यता अभियान के विभिन्न बिंदुओं पर मार्गदर्शन किया। सरयू राय ने निकाय चुनाव के लिए समन्वय की ज़िम्मेदारी प्रदेश स्तर पर कमेटी गठित कर उसे देने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पेसा नियमावली तो लागू की लेकिन उसमें कुछ आंशिक संशोधन होने के बाद ही इसे संतोषजनक कहा जा सकता है। पेसा नियमावली में सुधार के लिए सरकार को सुझाव दिया जाएगा।

बैठक का संचालन श्रवण कुमार ने किया। बैठक में डा. आफताब जमील, भगवान सिंह, रेणु पन्निकर, शैलेंद्र महतो, मधुकर सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, पीएन सिंह, सागर कुमार, निर्मल सिंह, पिंटू सिंह, उपेंद्र सिंह, अखिलेश राय आदि भी उपस्थित थे।

# इंजन फेल होने से यात्री हुए हलकान

**बाढ़।** बाढ़ रेलवे स्टेशन पर शनिवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब पटना से कटिहार जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस के इंजन में अचानक खराबी आ गई।

तकनीकी खराबी के कारण ट्रेन प्लेटफार्म संख्या दो पर एक घंटे से अधिक समय तक खड़ी रही, जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, जैसे ही ट्रेन बाढ़ स्टेशन पर पहुंची, उसके इंजन में तकनीकी दिक्कत आ गई। ट्रेन के लोको पायलट (ड्राइवर) ने इसे ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन समस्या गंभीर होने के कारण इसमें अधिक समय लग गया।

शुरूआत में ट्रेन करीब 45 मिनट तक खड़ी रही, लेकिन खराबी दूर न होने पर यह समय एक घंटे से ऊपर चला गया। इस दौरान ट्रेन में सवार यात्री देरी के कारण परेशान नजर आए और स्टेशन पर चहलकदमी करते दिखे।

# मृतक आदिवासी नेता की बेटी की पढ़ाई का खर्च उठायेंगे बाबू लाल मरांडी



## हत्या पर जताई नाराजगी, की न्याय की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** खूंटी के पहाड़ा राजा और आदिवासी नेता दिवंगत सोमा मुंडा को श्रद्धांजलि देने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी चलांगी गांव पहुंचे। उन्होंने दिवंगत सोमा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद बाबूलाल मरांडी ने सोमा मुंडा की पत्नी अमृता मुंडा, उनकी बेटियों और बेटे से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। बातचीत के दौरान अमृता मुंडा ने परिवार की आर्थिक स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिवार की पूरी जिम्मेदारी सोमा मुंडा पर ही थी, जो निजी स्कूल संचालन और खेती-बाड़ी के जरिए परिवार का भरण-पोषण करते थे।

अमृता मुंडा ने कहा कि पति के निधन के बाद पांच बच्चों की परवरिश और शिक्षा को लेकर परिवार गंभीर संकट में है। बच्चों के भविष्य को लेकर उन्हें गहरी चिंता सता रही है और हालात बेहद चुनौतीपूर्ण हो गए हैं।

परिजनों की पीड़ा सुनकर बाबूलाल मरांडी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि इस परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और इन्हें तत्काल सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने दिवंगत सोमा मुंडा की बड़ी बेटी की उच्च शिक्षा का पूरा खर्च अपने निजी मद से उठाने का भरोसा दिया और कहा कि वह बेटी को बीएड कराएंगे। इसके साथ ही परिवार को हरसंभव आर्थिक सहायता दिलाने का भी आश्वासन दिया।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सोमा मुंडा समाज के लिए संघर्ष करने वाले जुझारू नेता थे और उनकी हत्या अत्यंत दुखद व निंदनीय है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस जघन्य अपराध में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाई जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पूरा भाजपा परिवार सोमा मुंडा के परिजनों के साथ खड़ा है और उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रियंक भगत, जिला अध्यक्ष आनंद राम, काशीनाथ महतो, अनूप साहू सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गौरतलब है कि बीते बुधवार को आदिवासी नेता सोमा मुंडा की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## सुनील गावस्कर ने जेमिमा रोड्रिग्स को भेंट किया बल्ले के आकार का गिटार

मुंबई, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी जेमिमा रोड्रिग्स को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने एक गिटार भेंट किया है। गिटार विशेष है और निश्चित रूप से इस उपहार को जेमिमा ताउम्र याद रखेंगी। सुनील गावस्कर ने शुक्रवार को जेमिमा रोड्रिग्स को बैट के आकार का गिटार उपहार में दिया। जब जेमिमा ने गिफ्ट खोला, तो वह बहुत खुश दिख रही थीं, वह बैट के आकार के गिटार की कारीगरी की तारीफ कर रही थीं। दोनों ने एक साथ 'ये दोस्ती' गाना गाया। गावस्कर द्वारा जेमिमा को बल्ले के आकार



का गिटार दिए जाने का किस्सा महिला विश्व कप से जुड़ा हुआ है। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यादगार शतक लगाकर जेमिमा ने भारत को रिकॉर्ड जीत दिलायी थी। इस जीत के बाद गावस्कर ने उनसे कहा था कि अगर भारतीय टीम खिताब जीतती है, तो वह उनके साथ गाना गाएंगे। सुनील गावस्कर ने अपने उसी वादे को निभाया। जेमिमा ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह सुनील सर का इंतजार कर रही थीं कि वह अपनी बात मानें। अपनी प्रतिष्ठा के मुताबिक उन्होंने निराश नहीं किया। युवा क्रिकेटर ने गावस्कर से पूछा कि बल्ले के आकार का गिटार बजाने के लिए है या बल्लेबाजी के लिए। इस पर गावस्कर ने कहा कि वह दोनों कर सकती हैं। जेमिमा ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'सुनील सर ने अपना वादा निभाया और हमने अब तक के सबसे कूल बैट-आर के साथ जैमिंग की। यह एक स्पेशल था।' बता दें कि सुनील गावस्कर और जेमिमा दोनों ही संगीत के शौकीन हैं। जेमिमा को अक्सर गाना गाते हुए भी देखा जाता है। हाल ही में क्रिकेटरों के सम्मान में मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में भी उन्होंने गाना गाया था।

यूनाइटेड कप

## ऑस्ट्रेलिया को हराकर पोलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा

सिडनी, एजेंसी। पोलैंड ने शुक्रवार रात सिडनी में क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ निर्णायक मिक्स्ड डबल्स जीतकर पिछले साल यूनाइटेड कप फाइनल में यूनाइटेड स्टेट्स से मिली हार का बदला लेने का मौका हासिल कर लिया। शाम को पहले इगा स्वियाटेक और एलेक्स डी मिनौर ने अपने-अपने देशों के लिए अलग-अलग सिंगल्स मैच जीते, जिसके बाद जान जिलिंस्की और कटारजीना कावा ने जॉन-पैट्रिक स्मिथ और स्टॉर्म हंटर को 6-4, 6-0 से हराकर पोलैंड की जीत पक्की कर दी। लगातार चौथे साल सेमीफाइनल में पहुंचकर पोलैंड को शनिवार रात डिफेंडिंग चैंपियन यूनाइटेड स्टेट्स से भिड़ने का



मौका मिलेगा, जब सिंगल्स मैच - स्वियाटेक बनाम कोको गॉफ और हुरकाज बनाम टेलर फ्रिट्ज - 2025 के फाइनल की तरह ही होंगे। पिछले साल गॉफ ने 6-4, 6-4 से जीत हासिल की थी, जबकि हुरकाज को फ्रिट्ज से तीसरे सेट के टाई-ब्रेक में दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा था। शुक्रवार को एक नाटकीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों के भारी समर्थन के सामने, डी मिनौर ने सिडनी में शुक्रवार रात अपने करियर के सबसे शानदार शुरुआती सेट प्रदर्शनों में से एक दिया, जिससे उन्होंने हुरकाज पर 6-4, 4-6 6-4 से जीत हासिल की और आखिरी यूनाइटेड कप क्वार्टर फाइनल को निर्णायक मिक्स्ड डबल्स तक पहुंचाया। वर्ल्ड नंबर 6 ने अपने पहले चार सर्विस गेम में मिले सभी नौ ब्रेक पॉइंट बचाए, जिसमें मैच के दूसरे गेम में चार शामिल थे जिससे ऑस्ट्रेलिया मैच में बना रहा, जबकि पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वियाटेक ने ऑस्ट्रेलियाई टीनएजर माया जॉइंट को 6-1, 6-1 से हरा दिया था।



टी20 विश्व कप 2026 से पहले

# संजू ने युवी से लिया बल्लेबाजी का टिप्स

नई दिल्ली, एजेंसी। युवराज सिंह का नाम भारतीय क्रिकेट के विस्फोटक बल्लेबाजों में शुमार किया जाता है। संन्यास के बाद युवराज सिंह ने अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है, जो मौजूदा समय में भारतीय क्रिकेट का बड़ा चेहरा हैं। युवराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को भी बल्लेबाजी के टिप्स दिए हैं। भारतीय टीम को टी20 विश्व कप 2026 से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इस सीरीज का हिस्सा हैं। माना जा रहा है कि सैमसन भारतीय पारी की शुरुआत अभिषेक शर्मा के साथ करेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले संजू सैमसन युवराज सिंह से बल्लेबाजी के टिप्स लेते दिखे हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवराज फुटवर्क से संबंधित टिप्स दे रहे हैं और सैमसन ठीक उनके सामने खड़े होकर उसे समझने का प्रयास कर रहे हैं।
संजू सैमसन बेहद प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं। सैमसन के पास टाइमिंग और ताकत का मिश्रण है जिसके दम पर वह विस्फोटक पारियां खेलते हैं। कई बार संजू के फुटवर्क में समस्या दिखती है, जिसकी वजह से उन्हें अपना विकेट भी गंवाना पड़ता है। युवराज से टिप्स मिलने के बाद सैमसन की ये परेशानी कम या दूर हो सकती है। अभिषेक शर्मा ने टी20 क्रिकेट में अपनी बेखौफ बल्लेबाजी से जो सफलता पाई है, उसका पूरा श्रेय वह युवराज सिंह को देते हैं। भारतीय क्रिकेट फैंस संजू सैमसन से न्यूजीलैंड सीरीज और फिर टी20 विश्व कप 2026 में वैसी ही बड़ी पारियां नियमित रूप से खेलते हुए देखना चाहेंगे, जैसी वे पूर्व में खेल चुके हैं। सैमसन ने 52 टी20 मैचों की 44 पारियों में 4 बार नाबाद रहते हुए 3 शतक और 3 अर्धशतक की मदद से 1,032 रन बनाए हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर 111 है। न्यूजीलैंड टी20 सीरीज और फिर टी20 विश्व कप संजू सैमसन के लिए करियर के लिए बेहद अहम है।

मलयेशिया ओपन

# पीवी सिंधू का मलयेशिया ओपन में सफर समाप्त

● सेमीफाइनल में मिली हार

कुआलालंपुर, एजेंसी। मलयेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई है। महिला एकल वर्ग में पीवी सिंधू को हार मिली और उनका सफर सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का शानदार अभियान मलयेशिया ओपन के सेमीफाइनल में समाप्त हो गया है। सिंधू को महिला एकल वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग झीयी के खिलाफ हार मिली। सिंधू विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ दबाव को नहीं झेल सकीं और उन्होंने कई गलतियां की जिससे उन्हें 16-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### सिंधू ने शुरुआत में दी कड़ी चुनौती

सिंधू ने शुरुआत में बेहतर रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी को कड़ी चुनौती दी। उन्होंने दमदार शॉट्स लगाए और अपनी लंबी पहुंच का प्रभावी उपयोग किया। सिंधू ने चिर-परिचित क्रॉस-कोर्ट स्मैश के दम पर तेजी से 5-2 की बढ़त बना ली, लेकिन वांग की सधी हुई नेट प्ले ने उन्हें लगातार अंक दिलाए और स्कोर बराबर हो गया। वांग की कुछ गलतियों का फायदा उठाते हुए सिंधू 9-7 से आगे निकलीं, लेकिन नेट पर चूक के कारण चीन की खिलाड़ी ने एक बार फिर वापसी करते हुए ब्रेक तक एक अंक की मामूली बढ़त हासिल कर ली। ब्रेक के बाद दोनों खिलाड़ियों को शॉट की लेंथ पर नियंत्रण रखने में परेशानी हुई और स्कोर 13-13 पर स्कोर बराबर रहा। वांग ने इसके बाद आक्रामक खेल दिखाते हुए दबाव बढ़ाया। लगातार तेज हमलों से उन्होंने सिंधू को असहज किया और सटीक शॉट के जरिए शटल को उनकी पहुंच से दूर रखने की रणनीति अपनाई। वांग ने 18-14 से आगे निकल के दौरान चार गेम प्वाइंट हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर लिया।

**गलतियों से मैच में पिछड़ गईं सिंधू** - दूसरे गेम की शुरुआत में सिंधू अपनी गलतियों के चलते 1-3 से पिछड़ गईं, लेकिन जल्द ही संभलते हुए आक्रामक रैली के दम पर 6-3 की बढ़त ले ली। वांग ने अंतर कम करने की कोशिश लेकिन सिंधू ने कोर्ट के कोण का बढिया इस्तेमाल करते हुए ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद वांग ने एक बार फिर आक्रामक अंदाज में वापसी की और सिंधू को तेज रैलियों में उलझाया, लेकिन सिंधू ने करारा जवाब देते हुए 13-9 की बढ़त बनाए रखी।



### भारतीय चुनौती समाप्त

पैर की चोट से उबरने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहीं सिंधू ने दूसरे गेम में 11-6 की बढ़त ली थी, लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सकीं। सिंधू की हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई है। इससे पहले, क्वार्टर फाइनल में जापान की अकाने यामागुची के चोट के कारण बाहर होने से सिंधू ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में विवाद

## खाली कराए गए होटल; कमरों से बाहर मिला सामान



ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन ग्रेटर नोएडा में हो रहा है। कई राज्यों के मुक्केबाज इसमें हिस्सा ले रहे हैं। लेकिन इन मुक्केबाजों को उस वक्त परेशानी का सामना करना पड़ा जब उनसे होटल खाली करा लिए गए। राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप एक बार फिर विवादों में घिर गई है। चैंपियनशिप में भाग लेने आए कई राज्यों के मुक्केबाजों, प्रशिक्षकों और सपोर्ट स्टाफ को होटल खाली करने के लिए कह दिया गया जबकि चैंपियनशिप अभी भी जारी है। मुक्केबाज गुरुवार और शुक्रवार को जब अपनी बाउट समाप्त कर वापस होटल लौटे तो उनका कमरों से सामान पैक कर रिसेप्शन पर रख दिया गया। उनसे कहा गया कि होटल में उनके लिए आगे की बुकिंग नहीं है।

**महासंघ की घटनाक्रम पर नजर**- आयोजकों की ओर से मुक्केबाजों को होटल में ठहराने की व्यवस्था कराई गई थी। चैंपियनशिप के पहले दिन रिंग नहीं लगने के चलते मुकाबले देर से शुरू हुए थे। महिला मुक्केबाजों के 32 मुकाबले अगले दिन शिफ्ट करने पड़े थे।

WPL 2026

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के बाद झटका, 58 विकेट लेने वाली खिलाड़ी 2 हफ्ते के लिए बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी। वुमेंस प्रीमियर लीग 2026 के पहले मैच में शुक्रवार (9 जनवरी) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आखिरी गेंद पर रोमांच जीत दर्ज की। आरसीबी को आखिरी ओवर में जीत के लिए 18 रन चाहिए थे। साउथ अफ्रीका की ऑलराउंडर नादिन डी क्लर्क ने पहली दो गेंद डॉट खेलने के बाद अगली चार गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्के जड़ दिए। आरसीबी को इस जीत के बाद बड़ा झटका लगा है। भारत के लिए टी20 में 58 विकेट ले चुकीं तेज गेंदबाज पूजा



वस्त्राकर हैमस्ट्रिंग इंजरी की वजह से डब्ल्यूपीएल 2026 के पहले दो हफ्ते नहीं खेल पाएंगी। नवंबर में आरसीबी ने वास्त्रकर को 85 लाख रुपये में खरीदा था। नीलामी के समय भी वास्त्रकर घायल थीं। उम्मीद थी कि डब्ल्यूपीएल से वह वापसी करेंगी। उन्होंने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच अक्टूबर 2024 में टी20 वर्ल्ड कप में खेला था।

### ● मालोलन रंगराजन ने दिया पूजा वस्त्राकर पर अपडेट

आरसीबी के हेड कोच मालोलन रंगराजन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूजा वस्त्राकर की चोट पर कहा, 'मुझे लगता है कि (बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) से रिलीज होने से दो दिन पहले दुर्भाग्य से उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई। अभी हमारे पास जो जानकारी है, उसके हिसाब से दो हफ्ते और लगेंगे। हैमस्ट्रिंग की समस्या है। वह अपने कंधे की चोट के लिए वहां थीं और अब हैमस्ट्रिंग की समस्या हो गई है। यह हफ्ते-दर-हफ्ते चलने वाली प्रक्रिया है। देखते हैं कि उनकी स्थिति कैसी रहती है।'

### नादिन डी क्लर्क रहीं प्लेयर ऑफ द मैच

पूजा वस्त्राकर के न होने पर आरसीबी ने एक और नई खिलाड़ी इंग्लैंड की लेफ्ट-आर्म स्पिनर लिन्से स्मिथ से बॉलिंग शुरू करवाई, जिन्होंने 2 ओवर में 23 रन दिए। गेंदबाजी में पहली बार बदलाव हुआ तो आरसीबी के लिए डेब्यू करने वाली खिलाड़ी अरुंधति रेड्डी गेंद करने आईं। उन्होंने 4 ओवर में 37 रन दिए। उनको मैच उस खिलाड़ी ने जिताया, जो 2024 में खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थी।

भारत और न्यूजीलैंड एक दिवसीय सीरीज

# आज खेला जाएगा पहला मुकाबला

वडोदरा, एजेंसी। टी20 विश्व कप 2026 से पहले भारतीय टीम अपनी आखिरी सीरीज खेलने को तैयार है। न्यूजीलैंड तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज के लिए भारत दौरे पर पहुंच चुकी है। तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला रविवार को बड़ौदा क्रिकेट स्टेडियम में दोनों टीमों के बीच खेला जाएगा। भारतीय टीम जीत के साथ सीरीज का आगाज करने के इरादे से उतरेगी। इंजरी की वजह से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर रहे कप्तान शुभमन गिल की वापसी हो रही है। भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए रोमांचक यह है कि मैदान पर एक बार फिर रो-को यानी रोहित शर्मा और विराट कोहली का जलवा देखने को मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में रोहित और विराट का प्रदर्शन बेहतरीन रहा था। रोहित ऑस्ट्रेलिया सीरीज और विराट दक्षिण अफ्रीका सीरीज में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे थे। वडोदरा वनडे में भी इन दोनों खिलाड़ियों से धमाकेदार पारियों की उम्मीद रहेगी। श्रेयस अय्यर की प्लेइंग इलेवन में एंट्री होती है या नहीं, ये देखना भी रोचक होगा। गुजरात के वडोदरा शहर के बाहरी तरफ कोटंबी में बने स्टेडियम में अब तक सिर्फ प्रथम श्रेणी मैच खेले गए हैं। पहली बार वनडे खेला जाना है। इस पिच पर गेंद बल्ले पर आसानी से आती है और रन बनाना आसान होता है। ऐसे में उम्मीद है कि मैच हाई स्कोरिंग होगा। गेंदबाजों को पिच से ज्यादा मदद नहीं मिलेगी, गेंद पुरानी होने के बाद स्पिनर्स को कुछ फायदा मिल सकता है।



### वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम

**शुभमन गिल (कप्तान)**, रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जयसवाल।

**वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम**
माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), डेवोन कॉनवे, विल यंग, हेनरी निकोल्स, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मिच हे (विकेटकीपर), जैक फाउल्केस, आदि अशोक, क्रिस्टियन क्लार्क, जोश क्लार्कसन, काइल जैमीसन, निक केली, जेडन लेनोक्स, माइकल रे।



## 'बैलेंस तो खत्म नहीं हो गया', वसीम अकरम ने बीच स्टेज से लिए मजे, PSL की नीलामी में दिखा गजब नजारा

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान वसीम अकरम जितने शानदार गेंदबाज थे वह उतने ही शानदार तरीके से मजाक-मस्ती भी करते हैं। अकरम ने अपने इस अंदाज की झलक पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की फ्रेंचाइजियों की नीलामी में दिखाई। इस साल से पीएसएल में दो नई टीमें दिखाई देंगी। इसके लिए नीलामी हुई जिसकी जिम्मेदारी अकरम के कंधों पर थी। अपनी बेहतरीन स्विंग से बल्लेबाजों को हैरान करने वाले अकरम ने स्टेज से अपने ह्यूमर से दर्शकों का मनोरंजन किया और एक ऐसा डायलॉग मार दिया जिसे सुन हर कोई हंसता ही रह गया। ये बताता है कि अकरम का सेंस ऑफ ह्यूमर कितना शानदार है। अकरम फ्रेंचाइजियों के लिए बोलियां लगवा रहे थे। इसमें पाकिस्तान की शीर्ष टेलीकॉम कंपनियों में शामिल जैज भी थी। अकरम जब बोली के लिए आवाज लगा रहा थे तब उन्होंने कहा, 'और कोई? जैज। सर बैलेंस को खत्म नहीं हो गया।'

# पहले ही ODI में कोहली के पास इतिहास रचने का मौका



तोड़ सकते हैं सचिन तेंदुलकर का बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी को होने वाले पहले वनडे में सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं. भारत बनाम न्यूजीलैंड पहला वनडे 11 जनवरी को वडोदरा में खेला जाएगा.

ये दिन कोहली के लिए इसलिए भी खास है क्योंकि इस दिन उनकी बेटी का जन्मदिन भी है. विराट कोहली का बल्ला पिछली सीरीज में खूब चला था, विजय हजारे ट्रॉफी में भी उनका शानदार फॉर्म जारी रहा. उम्मीद है यही फॉर्म न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज में भी जारी रहेगा. कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में 2 शतक लगाए थे, अन्य में उन्होंने अर्धशतकीय पारी खेली थी. अब अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में उन्होंने 94 रन बना लिए तो वह सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ देंगे.

**न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन**- एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय अभी सचिन तेंदुलकर हैं. सचिन ने इस टीम के खिलाफ 1990 से 2009 के बीच 42 वनडे खेले, जिसमे उन्होंने 1750 रन बनाए. इसमें 5 शतक और 8 अर्धशतक शामिल हैं. कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अभी तक 33 मैचों में 1657 रन बनाए हैं, इसमें 6 शतक और 9 अर्धशतक शामिल हैं.



संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली के 56 इलाकों में बॉक्स पार्किंग शुरू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली की सड़कों को अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग से मुक्त करने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना की पहल पर एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है। दिल्ली पुलिस ने शहर के बेहद व्यस्त और भीड़भाड़ वाले 56 प्रमुख स्थानों पर 'बॉक्स पार्किंग' (चिह्नित पार्किंग क्षेत्र) की व्यवस्था लागू कर दी है। इस कदम से न केवल यातायात सुचारू होगा, बल्कि लगभग 3,000 वाहनों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा करने की जगह मिलेगी।सड़कों का वर्गीकरण और जिम्मेदारी - जानकारी के अनुसार 56 चिन्हित स्थानों में से 50 जगहों पर दिल्ली पुलिस ने अपने संसाधनों का उपयोग करके बॉक्स (पेंट से मार्क करना) बनाने का काम किया है। इन चिह्नित सड़कों में से 46 पीडब्ल्यूडी, 4 डीडीए, 3 एमसीडी एवं 3 अन्य विभागों के अंतर्गत आती हैं। क्षेत्रवार वितरण की बात करें तो पूर्वी जिले में सर्वाधिक 14, उत्तरी में 11, दक्षिणी में 10, मध्य में 9, और पश्चिमी व नई दिल्ली जिले में 6-6 स्थानों पर यह व्यवस्था शुरू की गई है। उपराज्यपाल के निर्देश पर उठाए गए इस कदम का उद्देश्य केवल गाड़ियां खड़ी करना नहीं है। व्यवस्थित पार्किंग से सड़कों पर जगह का अधिकतम उपयोग होगा और आपातकालीन वाहनों (एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड) को निकलने के लिए निर्बाध रास्ता मिलेगा। पुलिस का मानना है कि इससे सड़क सुरक्षा बढ़ेगी, ड्राइवरों को स्पष्ट मार्गदर्शन मिलेगा और वाहन रेंगने के बजाय अपनी गति से चलेंगे, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी।

## फैसला सुरक्षित रखने वाले जज ही निर्णय सुनाएं, भले ही तबादला हो गया हो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। उच्च




न्यायालय ने कहा कि एक बार जब किसी आपराधिक मामले की सुनवाई में अंतिम बहस पूरी हो जाती है। मामला फैसले के लिए सुरक्षित रख लिया जाता है तो जिस न्यायाधीश ने मुकदमा सुना है, उसे फैसला सुनाना ही होगा, भले ही उसका स्थानान्तरण हो गया हो। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने फैसले में रजिस्ट्रार जनरल के 18 जनवरी 2025 और 26 नवंबर 2025 के आदेशों का हवाला दिया। इन आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि स्थानान्तरित किए गए न्यायिक अधिकारियों को उन मामलों की जानकारी देनी होगी, जिनमें उन्होंने कार्यमुक्त होने से पहले फैसला या आदेश सुरक्षित रखा है। साथ ही यह भी निर्देश है कि ऐसे अधिकारी स्थानान्तरण की तारीख से दो से तीन सप्ताह के भीतर उन मामलों में फैसला सुनाएंगे, भले ही उनकी तैनाती किसी अन्य अदालत में हो गई हो। पीठ ने साफ कहा कि नए न्यायिक अधिकारी को अंतिम बहस दोबारा कराने का अधिकार नहीं है। अंतिम बहस सुन चुके न्यायाधीश को ही निर्णय देना होगा, क्योंकि दोबारा बहस कराना अनावश्यक है। इससे न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता व समयबद्धता प्रभावित होती है। मकोका के एक आरोपी की याचिका पर आया आदेश यह आदेश महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामले में आरोपी द्वारा दायर याचिका पर आया। याचिकाकर्ता ने बताया कि उसके मामले में अंतिम बहस पूरी हो चुकी थी और 4 जुलाई 2025 को फैसला सुरक्षित रखा गया था। 7 नवंबर 2025 को फैसला टाला गया क्योंकि आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए थे। अदालत ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया।

# 9-14 साल तक की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने को लगेंगे एचपीवी के टीके

### दिल्ली सरकार की पहल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लड़कियों को एचपीवी (ह्यूमन पेपिलोमा वायरस) का टीका देने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी क्रम में केंद्र ने दिल्ली सरकार के परिवार कल्याण निदेशालय को टीके की कुछ डोज भी उपलब्ध करा दी है। ऐसे में जल्द टीकाकरण शुरू होने की उम्मीद है।

टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग के 16 अधिकारियों को पहले ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अगले 10-12 दिनों में नियमित टीकाकरण अभियान से जुड़े स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि टीकाकरण अभियान शुरू हो सके।

डॉक्टर बताते हैं कि देश में हर वर्ष करीब सवा लाख महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित होती हैं। इस वजह से करीब 77 हजार महिलाओं की मौत हो जाती है। स्क्रीनिंग से इस बीमारी का शुरुआती स्टेज में पता लगाकर बेहतर इलाज संभव है, लेकिन जागरूकता के अभाव में इस बीमारी से पीड़ित ज्यादातर महिलाएं एडवांस स्टेज में इलाज के लिए पहुंचती हैं। सर्वाइकल कैंसर का सबसे बड़ा कारण एचपीवी का संक्रमण है। इसका टीका उपलब्ध है। ऐसे में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण को बेहतर विकल्प माना जा रहा है।



गावी ने उपलब्ध कराई है एक करोड़ डोज - ग्लोबल एलायंस फॉर वैक्सीनेशन एंड इम्युनाइजेशन (गावी) ने विदेश में विकसित गार्डासिल टीके की एक करोड़ डोज भारत को उपलब्ध कराई हैं। अध्ययन में पाया गया है कि इस टीके की एक डोज ही सर्वाइकल कैंसर से बचाव में काफी हद तक कारगर है। मौजूदा अभियान के तहत 14 वर्ष तक की लड़कियों को इस टीके की एक डोज दी जाएगी। डब्ल्यूएचओ ने सर्वाइकल कैंसर को वर्ष 2030 तक खत्म करने का लक्ष्य रखा है। दिल्ली में 14 वर्ष की करीब 1.60 लाख लड़कियां हैं। इन्हें गार्डासिल टीके की एक डोज दी जाएगी। दिल्ली को इस टीके की कुछ डोज मिल गई हैं। 75 हजार डोज अगले दो-तीन दिनों में उपलब्ध हो जाएंगी। डिस्पेंसरियों और अस्पतालों में 9-14 वर्ष तक की लड़कियों को यह टीका दिया जाएगा।

### प्रदूषण नियंत्रण पर भी रेखा ने दी जानकारी

# दिल्लीवालों को मिलेंगी 7,500 इलेक्ट्रिक बसें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने पिछले 11 महीनों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए क्या-क्या काम किए हैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को विधानसभा में इसकी जानकारी दी। रेखा गुप्ता ने दिल्ली में प्रदूषण पर चर्चा के दौरान बताया कि सरकार ने काफी ठोस कदम उठाए हैं। डस्ट-फ्री सड़कों के लिए वाटर स्प्रिंकलर, एंटी-स्मॉग गन्स और नई मशीनरी का इस्तेमाल किया जा रहा है। दिल्ली नगर निगम को 2300 करोड़ रुपये की मदद दी गई है जिससे धूल और कूड़ा नियंत्रण पर फोकस हो रहा है। नियंत्रण के लिए सरकार पीयूसी सर्टिफिकेट को लेकर सख्त है इसके लिए नो पीयूसी, नो फ्यूल की व्यवस्था लागू है। इसी दिशा में बुराड़ी फिटनेस सेंटर का अपग्रेडेशन और नंदनगरी और टेकखंड में ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशनों का शिलान्यास किया गया है। सीएम ने बताया कि इलेक्ट्रिक देवी बसों की शुरुआत के साथ-साथ ई-ऑटो और ई-टैक्सी को बढ़ावा दिया जा रहा है। हम साल भर प्रदूषण नियंत्रण के लिए काम कर रहे हैं और प्रदूषण नियंत्रण को व्यापक, सतत और व्यवस्था-आधारित दृष्टिकोण से आगे बढ़ा रहे हैं। रेखा गुप्ता ने सदन में कहा कि 'प्रदूषण कोई दो-तीन महीनों की समस्या नहीं है कि केवल सर्दियों तक सीमित मान ली जाए। प्रदूषण नियंत्रण के लिए हमें 12 महीने निरंतर काम करना होगा। 12 के 12 महीने सड़कों पर एजेंसियों को लगातार सक्रिय रखना होगा तभी प्रदूषण में कमी आएगी और पर्यावरण वास्तव में बेहतर हो पाएगा। पर्यावरण हर नागरिक और परिवार की साझा जिम्मेदारी है।' वहीं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 2014 से 2025 तक दिल्ली को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने लगातार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी माना लेकिन जब से रेखा गुप्ता सरकार आई है तब से 'एक्शन मोड' अपनाया गया है।

### साकेत कोर्ट के अहलमद ने सुसाइड नोट में लिखा

## खुदकुशी के ख्याल आते हैं, नींद नहीं आती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के साकेत कोर्ट में काम करने वाले एक अहलमद (क्लर्क) ने शुक्रवार को कोर्ट परिसर में ही पांचवी मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को मृतक हरीश सिंह महार के शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें उन्होंने आत्महत्या के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। उन्होंने काम के दबाव की वजह से जान देने की बात लिखी है। हरीश ने लिखा है कि जब से वह अहलमद बने हैं खुदकुशी के ख्याल आते हैं और नींद नहीं आती। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित हरीश परिवार के साथ फरीदाबाद में रहते थे। परिवार मूलतः उत्तराखंड का रहने वाला था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे कोर्ट परिसर में एक युवक के पांचवीं मंजिल से कूदने की सूचना मिली।

# दिल्ली-देहरादून हाईवे पार्किंग के नियम और फीस में बदलाव

### बस और ट्रक भी खड़े किए जा सकेंगे, जिसके लिए मासिक पास जारी होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर प्रस्तावित पार्किंग व्यवस्था में अब नए संशोधन लागू किए गए हैं, ताकि जनता को अधिक सुविधा मिल सके और एजेंसियों को संचालन के लिए आकर्षित किया जा सके। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने बताया कि अब पार्किंग में बस और ट्रक भी खड़े किए जा सकेंगे, जिसके लिए मासिक पास जारी होंगे।

टेंपो और ऑटो के लिए भी पहले के घंटेवार शुल्क के बजाय मासिक पास सुविधा दी गई है। निजी कार और दोपहिया वाहनों के लिए मासिक डे, नाइट और डे-पास की व्यवस्था की गई है।

अधिकारियों के अनुसार यह कदम गांधी नगर मार्केट में ट्रकों के सड़क पर खड़े होने से यातायात प्रभावित होने की समस्या को भी कम करेगा। एनएचएआई की सहयोगी कंपनी, नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने हाईवे के एलिवेटेड हिस्से, फुटओवर ब्रिज के नीचे और किनारे, पूर्वी जिलाधिकारी कार्यालय, गीता कालोनी व गांधी नगर मार्केट के पास एक हजार वाहनों की पार्किंग के लिए एजेंसियों से आवेदन मांगे हैं। पिछले वर्ष आवेदन




की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी क्योंकि शुल्क और शर्तों में कठिनाई थी। इस बार संशोधन के जरिये एजेंसियों को आकर्षित करने और पार्किंग संचालन में सुगमता लाने की योजना बनाई गई है।

## एयर शो के लिए आसमान को यूं खाली कराएगी दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर होने वाले मुख्य समारोह के दौरान होने वाले एयर शो के दौरान आसमान को चीलों, बाज, गिद्ध व अन्य पक्षियों से मुक्त रखने के लिए दिल्ली वन विभाग ने खास तैयारी की है। इस दौरान विभाग ने उन्हें बिना हड्डी वाला मांस परोसने की योजना बनाई है। दरअसल हवाई शो के दौरान जेट व अन्य लड़ाकू विमान उड़ान भरते हैं, इस दौरान इन पक्षियों, विशेष तौर पर काली चील के आने से करतब दिखाने में परेशानी हो सकती है, साथ ही खतरा भी पैदा हो सकता है। मैनेज करने और उन्हें विमानों के रास्ते से दूर रखने के लिए वन विभाग द्वारा 1275 किलोग्राम बिना हड्डी वाले चिकन का इस्तेमाल करते हुए उसे आसमान से गिराया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मांस फेंकने की यह कवायद हर साल एयर शो से पहले भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर की जाती है, जिसका मकसद पक्षियों को विमानों से टकराने से रोकना होता है।

# नूर अहमद नूर को तालिबान ने भारत में सौंपी अफगान दूतावास की कमान

**ढाका, एजेंसी।** अफगान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी अक्टूबर में भारत के सात दिवसीय दौरे पर आए थे। मुत्ताकी के भारत आने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध पहले से बेहतर हुए हैं। मुत्ताकी के साथ नूर अहमद नूर भी भारत आए थे।



जिन्हें अब नई दिल्ली में अफगान दूतावास का चार्ज डीअफेयर्स नियुक्त किया गया है। ऐसे में अब सवाल यह है कि नूर अहमद नूर कौन है, जिसे तालिबानी शासन ने भारत की कमा सौंपी है? दरअसल, नूर अहमद नूर फगानिस्तान के विदेश मंत्रालय में फर्स्ट पॉलिटिकल डिवीजन के पूर्व महानिदेशक रह चुके हैं। वह तालिबानी शासन के वरिष्ठ सदस्य हैं और दक्षिण एशिया मामलों को संभालते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नूर अहमद नूर दूतावास की जिम्मेदारी संभालने के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं। दोनों देशों के बीच बेहतर हुए रिश्ते गौरतलब है कि अफगान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी अक्टूबर में सात दिवसीय भारतीय दौरे पर आए थे। इस दौरान दोनों देशों के बीच रिश्ते बेहतर हुए। इसी समय भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अफगान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी के बीच एक समझौता हुआ, जिसके तहत नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास के लिए इस्लामिक अमीरात द्वारा नियुक्त राजनयिकों को स्वीकार करने की बात पर सहमति बनी।

अफगानिस्तान पर तालिबान के नियंत्रण के लगभग पांच साल बाद नूर अहमद नूर को नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास का चार्ज डी फेयर्स नियुक्त किया गया। सबसे खास बात यह है कि नूर अहमद नूर उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, जो मुत्ताकी के साथ भारत आया था। हालांकि, भारत ने तालिबान शासन को औपचारिक मान्यता नहीं दी है। ज्ञात हो कि मुंबई और हैदराबाद स्थित अफगान वाणिज्य दूतावास भी तालिबान द्वारा नियुक्त राजनयिकों के जरिए संचालित हो रहा है। वहीं, नई दिल्ली स्थित दूतावास में पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी की सरकार द्वारा नियुक्त सईद मोहम्मद इब्राहिम खिल अभी तक सीडीए का पद संभाल रहे हैं।

**दिसंबर में किया था बांग्लादेश का दौरा:** नूर अहमद नूर ने पिछले साल दिसंबर 2025 में बांग्लादेश का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने वहां कई इस्लामी नेताओं से मुलाकात की। बांग्लादेश चुनाव से पहले इनकी इस यात्रा को बांग्लादेशी मीडिया ने बेहद खास बताया।

## अब ट्रंप के निशाने पर मेक्सिको, बोले-ड्रग तस्करी नेटवर्क तबाह करने के लिए जमीनी हमले करेंगे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर अब मेक्सिको है। ट्रंप ने कहा कि उनका प्रशासन जल्द ही क्षेत्र में ड्रग तस्करी नेटवर्क को खत्म करने के लिए जमीनी हमले की कार्रवाई शुरू करेगा। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का राज है। यह देखना बहुत ही दुखद है। यह अमेरिका में हर साल 2.5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं।'

पानी के बाद अब ड्रग तस्करी के खिलाफ जमीनी हमले करेंगे ड्रग तस्करी को 97 फीसदी तक खत्म कर दिया है और अब हम कार्टेल के सफाए के लिए जमीनी कार्रवाई शुरू करने जा रहे हैं।' हालांकि उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने ड्रग कार्टेल से निपटने के लिए मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबॉम के साथ अमेरिकी सैन्य मदद की संभावना पर बात की और चेतावनी दी कि मेक्सिको को अपनी स्थिति सुधारनी होगी। पिछले साल भी ट्रंप ने कहा था कि वह ड्रग तस्करी से निपटने के लिए मेक्सिको में अमेरिकी सेना और खुफिया अधिकारियों को भेजने की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबॉम ने ट्रंप के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। वेनेजुएला के राष्ट्रपति को पकड़ने के बाद उन्होंने कहा था कि मेक्सिको दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता है। अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं है। लैटिन अमेरिका का इतिहास साफ और जबरदस्त है, दखलअंदाजी से न कभी लोकतंत्र आया, न कभी खुशहाली आई और न ही स्थायी स्थिरता मिली। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने वेनेजुएला पर हमलों का दूसरा चरण रद्द कर दिया है। हालांकि सुरक्षा और संरक्षा के उद्देश्य से सभी जहाज अपनी जगह पर तैनात रहेंगे। वेनेजुएला शांति के संकेत के तौर पर बड़ी संख्या में राजनीतिक कैदियों को रिहा कर रहा है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण और समझदारी भरा कदम है।

# तारिक रहमान बने बीएनपी के नए अध्यक्ष

### खालिदा जिया के निधन के बाद पार्टी ने लिया फैसला

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। पार्टी की राष्ट्रीय स्थायी समिति ने सर्वसम्मति से तारिक रहमान को पार्टी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह फैसला पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी अध्यक्ष रहीं खालिदा जिया के लंबे इलाज के बाद निधन के कुछ ही दिनों बाद लिया गया है। बीएनपी अध्यक्ष का पद खालिदा जिया के निधन के बाद रिक्त हो गया था। वह बांग्लादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी थीं और पार्टी की सबसे प्रभावशाली नेता मानी जाती थीं।



पार्टी संविधान के तहत इस पद को भरने के लिए राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक बुलाई गई, जिसमें तारिक रहमान के नाम पर मुहर लगी। तारिक रहमान 25 दिसंबर को 17 वर्षों के स्वैच्छिक निर्वासन के बाद लंदन से बांग्लादेश लौटे थे। उनके स्वदेश लौटने को बीएनपी के लिए एक अहम राजनीतिक संकेत माना गया। पार्टी नेताओं का कहना है कि उनकी वापसी से संगठन को नई ऊर्जा मिली है और कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है। 60 वर्षीय तारिक रहमान का पार्टी संगठन में लंबा अनुभव रहा है। वर्ष 2002 में उन्हें बीएनपी का वरिष्ठ संयुक्त महासचिव बनाया गया था। इसके बाद 2009 में वह पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने। पार्टी के भीतर उन्हें रणनीतिकार और संगठन को मजबूती देने वाला नेता माना जाता है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, तारिक रहमान आगामी आम चुनावों में प्रधानमंत्री पद के प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं। बीएनपी को फरवरी में होने वाले चुनावों में सत्ता में लौटने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। खासकर तब जब पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव लड़ने से बाहर कर दिया गया है।

# नेतन्याहू को करो किडनैप; पाक के रक्षा मंत्री के बयान पर बवाल, ट्रंप को सजा देने का भी इशारा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक टीवी इंटरव्यू के दौरान इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू के खिलाफ विवादित टिप्पणी कर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में खलबली मचा दी है। आसिफ ने अमेरिका और तुर्की से अपील की कि वे नेतनयाहू को किडनैप (अपहरण) कर लें और गाजा में इजरायली सैन्य कार्रवाई के लिए उन पर मुकदमा चलाएं।

जियो न्यूज पर पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर के साथ बातचीत करते हुए ख्वाजा आसिफ ने नेतनयाहू को मानवता का सबसे बुरा अपराधी करार दिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट का भी हवाला दिया। आसिफ ने कहा,



'नेतनयाहू सबसे वांटेड अपराधी हैं। अमेरिका को उनका अपहरण कर लेना चाहिए और उन पर मुकदमा चलाना चाहिए। यदि अमेरिका वास्तव में मानवता का मित्र है, तो वह ऐसा ही करेगा। अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी का उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका को नेतनयाहू के खिलाफ भी वैसी ही कार्रवाई करनी चाहिए। जब हामिद मीर ने तुर्की द्वारा उन्हें हिरासत में लेने की संभावना पूछी तो आसिफ ने कहा, 'तुर्की भी उन्हें अगवा कर सकता है और हम पाकिस्तानी इसके लिए दुआ कर रहे हैं।' इंटरव्यू में तनाव तब बढ़ गया जब ख्वाजा आसिफ ने उन देशों को सजा देने की बात छेड़ी जो नेतनयाहू का समर्थन कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके शब्दों का इशारा स्पष्ट रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर था। आसिफ ने जैसे ही कहा, 'जो लोग उनका (नेतनयाहू का) समर्थन कर रहे हैं, कानून उनके बारे में क्या कहता है।' हामिद मीर ने उन्हें बीच में ही टोक दिया।

# बोकारो में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए रात्रि गश्त को मिला नया आयाम

## रक्षक राइडर्स करेंगे संवेदनशील इलाकों में नाइट पेट्रोलिंग




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले में कानून व्यवस्था बनाएं रखने तथा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश से बोकारो पुलिस द्वारा रात्रि गश्त व्यवस्था को और अधिक सशक्त किया गया है। इसी क्रम में शनिवार को बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने पुलिस केंद्र, बोकारो से मोटरसाइकिलों के साथ रक्षक राइडर्स को हरी झंडी दिखाकर रात्रि गश्त के लिए रवाना किया।

**संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त से अपराधियों पर कसेगा शिकंजा**

रक्षक राइडर्स के माध्यम से शहर के संवेदनशील, भीड़भाड़ वाले एवं अपराध संभावित क्षेत्रों में रात के समय नियमित एवं सघन गश्त की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है, ताकि आम नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें।

**पुलिस अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी, समन्वित पुलिसिंग पर जोर**

इस अवसर पर जिले के शहरी क्षेत्र के कई वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रवीण कुमार सिंह (उपमंडल पुलिस पदाधिकारी, चास), आलोक रंजन (पुलिस उपाधीक्षक, नगर), अनिमेष गुप्ता (उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस मुख्यालय), विद्या शंकर (पुलिस उपाधीक्षक, यातायात विभाग) तथा प्रणव कुमार (इंस्पेक्टर, पुलिस केंद्र बोकारो) शामिल थे। इसके अतिरिक्त बीएस सिटी, सेक्टर-4, 6, 12, हरला, चास, बालीडीह, चिरचास एवं बालीडीह ओपी क्षेत्र के थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

**आम जनता से सहयोग की अपील, सतर्कता ही सुरक्षा का आधार**

बोकारो पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घर, दुकान एवं प्रतिष्ठान को सुरक्षित रूप से बंद रखें, रात के समय संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों पर नजर बनाए रखें तथा सीसीटीवी कैमरे एवं पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करें। किरायेदारों एवं घरेलू सहायकों का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं और घर बंद कर बाहर जाने की स्थिति में संबंधित थाना को सूचना दें।

**आपात स्थिति में तुरंत करें संपर्क**

किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वाहन या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए 112 डायल करें। महिला सहायता हेतु 1091/181, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 101 तथा एम्बुलेंस सेवा के लिए 108 पर संपर्क किया जा सकता है।

# नगर निकाय चुनाव दलीय हो या गैर दलीय, कांग्रेस तैयार : जय मंगल



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में आज कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन सह भोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन अल्पसंख्यक नेता मोहम्मद सुल्तान की तरफ से किया गया था। जिसमें कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह, अनुपमा सिंह के साथ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने शिरकत की। इस दौरान कांग्रेस को मजबूत बनाने पर सभी ने जोर दिया अल्पसंख्यक विभाग की तरफ से राज्य में हो रही मोब लिंचिंग को लेकर सरकार से कानून बनाने की मांग की गई। मीडिया से बात करते हुए विधायक कुमार जय मंगल सिंह ने कहा कि राज्य में नगर निकाय चुनाव दलीय हो या गैर दलीय हमारी पार्टी पूरी तरह से तैयार है। भाजपा दबाव बनाकर राज्य चुनाव आयोग से काम करवाना चाहती है। उन्होंने मनरेगा का नाम बदलने को लेकर कहा कि हमारा विरोध बापू के नाम को बदलने का विरोध है।क्योंकि भारत को आजादी दिलाने वाले महात्मा गांधी के नाम को भी बदलने का काम किया जा रहा है। यह भाजपा की नीति कहीं से भी ठीक नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### वृद्धाश्रम में आयुष चिकित्सा शिविर



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिवशंकर पांडे के दिशा-निर्देशन पर चास स्थित बाबा वैद्यनाथ जन सेवा समिति वृद्धा आश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इस दौरान सामान्य रोगों के साथ-साथ उम्र से जुड़ी बीमारियों की भी जांच की गई और जरूरत के अनुसार आयुर्वेदिक औषधियां निःशुल्क वितरित की गईं। शिविर में विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक सह जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. एके प्रसाद ने बताया कि आयुष पद्धति के माध्यम से बुजुर्गों को बिना साइड इफेक्ट के बेहतर स्वास्थ्य लाभ दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नियमित आयुर्वेदिक दवाओं और योग से वृद्धावस्था की कई समस्याओं से राहत मिलती है। इस अवसर पर चिकित्सक डॉ. नेहा सिंह और डॉ. विशाल प्रमाणिक ने बुजुर्गों की व्यक्तिगत जांच कर परामर्श दिया। विभागीय कर्मचारी सुधा देवी ने दवा वितरण एवं पंजीकरण का कार्य संभाला। योग शिक्षिका जया सिंह ने बुजुर्गों को आसान योग एवं प्राणायाम की जानकारी दी और नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

### बीसीसीएल की महिला दीक्षा समिति ने लगाया आनंद मेला



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कोयला नगर स्थित नेहरू परिसर में महिला दीक्षा समिति के द्वारा दो दिवसीय आनंद मेला का आयोजन किया गया है। इस मेले में मुख्य अतिथि के रूप में कोल इंडिया की अनुसांगी इकाई बीसीसीएल के सीएमडी मनोज अग्रवाल के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। मेले में हस्तशिल्प फैशन, आभूषण, व्यंजनों और स्थानीय उत्पादों के लगभग 80 स्टॉल लगे हैं, जिसका उद्देश्य महिला उद्यमी और स्वयं सहायता समूह को मंच देना है। मेले में हस्तशील फैशन, ज्वैलरी, घरेलू सजावट और देशभर की व्यंजन शामिल हैं। महिला सशक्तिकरण, कला, संस्कृति और रचनात्मकता को बढ़ावा दिया गया है। मेले में स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूह और उद्यमियों को समर्थन दिया गया है। यह मेला सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि एक ऐसा मंच है जहां समाज के सभी वर्ग अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। यह मेला नारी शक्ति और रचनात्मकता का एक सशक्त संगम है, जिसमें हर साल कई लोग आते हैं और आनंद उठाते हैं। इस कार्यक्रम में बाघमारा के विधायक शत्रुघ्न महतो मेले में शामिल हुए और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। वही मंच पर छात्रों के द्वारा कठपुतली डांस सहित कई रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीसीसीएल के सीएमडी मनोज अग्रवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह मेला महिला संस्कृति, कला और रचनात्मकता को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल उन बेरोजगार महिलाओं को सी एस आर के तहत सुविधा उपलब्ध कराएगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगी।

### प्रमोद कुमार बसपा के जिला प्रभारी बनाए गए



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बहुजन समाज पार्टी धनबाद की समीक्षा बैठक शनिवार को कार्मिक नगर में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभय कुमार एवं संचालन बाघमारा विधान सभा प्रभारी हारु दास ने किया। जिलाध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में भी जातिय, सामाजिक उत्पीड़न जोरो पर है। महिलाओं पर दमन उत्पीड़न रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जगह जगह बाबा साहब डॉ.भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा को तोड़ा जा रहा है, आरक्षण और संविधान पर लगातार हमला किया जा रहा हैं। इसलिए बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करना समय की मांग है। वहीं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह जॉन प्रभारी सुबल दास ने अपने वक्तव्य में बताया कि 15 जनवरी जो बसपा सुप्रीमो राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। साथ ही पार्टी विस्तार और आगामी नगर निगम चुनाव में पार्टी प्रमुखता से लडेगी। बैठक में सर्वसम्मत से जिला प्रभारी का चुनाव प्रमोद कुमार का हुआ। बैठक में प्रदेश सचिव बाबूराम मांझी, प्रदेश सचिव गौतम कुमार, जिला महासचिव मनोज बौद्ध, परमहंस सक्सेना, जय श्री, सहातम राम इत्यादि उपस्थित रहे।

### भागवत कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के बैशाली मैदान में श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में भागवत कथा के चतुर्थ दिवस सचिन कौशिक महाराज ने कहा कि सुखदेव महर्षि वेदव्यास के पुत्र थे, जो बाल्य अवस्था में हो तपस्या के लिए वन गए।, फिर श्रीकृष्ण के आश्वासन पर लौटकर राजा परीक्षित को सात दिनों में मोक्ष का मार्ग बताने वाली श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे वे स्वयं 'सुखदेव' (आनंद देने वाले) कहलाए। आगे महाराज जी ने कहा कि दक्ष प्रजापति की कथा ब्रह्मा के मानसपुत्र दक्ष और उनकी पुत्री सती (जो बाद में पार्वती बनीं) और भगवान शिव से जुड़े अहंकार और तपस्या के प्रसंग पर आधारित है, जिसमें दक्ष के शिव से बैर, सती का यज्ञ-अग्नि में कूदकर आत्मदाह, और दक्ष का सिर बकरे के सिर में बदलना तथा बाद में शिव को प्रसन्न कर पुनर्जन्म प्राप्त करना बताया गया है, जो अहंकार त्याग और भक्ति के महत्व को दशार्ता है। मथुरा के राजा कंस की बहन देवकी और उनके पति वसुदेव के कारागार में भगवान विष्णु ने श्री कृष्ण के रूप में जन्म लिया, ताकि वे कंस के अत्याचारों का अंत कर सकें, जिसके बाद वसुदेव उन्हें यमुना पार गोकुल में नंद बाबा और यशोदा के पास ले गए, और वहां से एक कन्या (मां दुर्गा) को लेकर वापस मथुरा लौटे, जिससे धर्म की स्थापना हुई। कंस, देवकी का भाई था, जिसे एक आकाशवाणी से पता चला कि देवकी की आठवीं संतान उसका वध करेगी।इस भय से कंस ने देवकी और वसुदेव को कारागार में डाल दिया।

**श्री कृष्ण का प्राकट्य:** भादो मास की अष्टमी की मध्यरात्रि में, कारागार में अलौकिक प्रकाश फैला और भगवान कृष्ण चतुर्भुज रूप (शंख, चक्र, गदा, पद्म धारण किए हुए) में प्रकट हुए। देवकी-वसुदेव ने उनकी स्तुति की, जिसके बाद भगवान ने बाल-रूप धारण कर लिया और वसुदेव से कहा कि वे उन्हें गोकुल में नंदजी के घर छोड़ आएं और वहां से नवजात कन्या को ले आएं। जैसे ही वसुदेव ने कृष्ण को टोकरी में रखकर कारागार से निकाला, जेल के ताले खुल गए और पहरेदार सो गए।

# असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा योजनाओं के नाम बदलती है : राजेश ठाकुर




**बोकार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देश के असल मुद्दों से ध्यान भटकने के लिए भाजपा नित केंद्र सरकार योजनाओं का नाम बदलने का काम कर रही है। मनरेगा योजना देश में गरीबी, बेरोजगारी और पलायन रोकने के लिए बड़ी योजना साबित हुई थी। यह बातें मनरेगा बचाओ अभियान के तहत बोकारो सर्किट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए कही। कांग्रेस पार्टी मनरेगा बचाओ अभियान की शुरूआत कर चुकी है। इसी को लेकर जिला में पहुंच कर प्रदेश के बड़े नेता इसकी जानकारी दे रहे हैं। राजेश ठाकुर ने कहा कि यह सिर्फ ध्यान भटकने को लेकर किया जा रहा है अपने बड़े पूंजीपति मित्रों को जंगल जमीन जो देने के काम मोदी सरकार कर रही है उसी से ध्यान भटकने का यह प्रयास है राजेश ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से मनरेगा का नाम बदल गया है। उसे समझने में जब हम लोगों को परेशानी हो रही है तो आम जनता कब तक समझेगी यह समझ से परे है। राजेश ठाकुर ने कहा की मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने भी कभी यह नहीं सोचा था कि उनके नाम का इतना बीजेपी वाले चीर हरण करेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आस्था के केंद्र भगवान श्री राम का नाम कोई योजना में परिभाषित किया गया है। ऐसे में उनके चाहने वाले भी नाराज है।

# बोकारो के अधिवक्ताओं ने हेमंत सरकार को बधाई दी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हेमंत सरकार ने राज्य के अधिवक्ताओं एवं कर्मियों के लिए संशोधित स्वास्थ्य बीमा योजना को मंजूरी दे दी है। स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत देश के 13 नामी अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है, जहां सभी अपना इलाज करा सकेंगे। इनमें सीएमसी वेल्लोर, एआईजी हैदराबाद, टाटा ग्रुप के सभी अस्पताल, आईएलबीएस नई दिल्ली, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट दिल्ली, नारायणा इंस्टीट्यूट बेंगलुरू, अपोलो चेन्नई, मेदांता गुरुग्राम, आईएसआईसी नई दिल्ली, नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट नई दिल्ली, शंकर नेत्रालय चेन्नई व कोलकाता, बीएम बिरला हॉस्पिटल कोलकाता शामिल हैं। इस निर्णय से हजारों वकीलों एवं राज्य कर्मियों को लाभ मिलेगा। बोकारो के अधिवक्ताओं ने हेमंत सरकार के इस निर्णय के लिए धन्यवाद दिया है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि हेमंत सरकार के इस निर्णय से राज्य के सभी बीमित सदस्यों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर बोकारो के अधिवक्ताओं अतुल कुमार, प्रणेश कुमार सिंह, रंजन कुमार मिश्रा, सुरेंद्र साह, बीरेंद्र महतो, अनुष्का झा, मोतीलाल रजक, गोविंद राम, संजीत महतो, समर तुरी, निखिल कुमार दे, राजेश कुमार, राज श्री, दीपिका सिंह, हसनैन आलम, संजीत कुमार सिंह, वंशिका सहाय, श्रीमोई बनर्जी, राणा प्रताप शर्मा, फटीक चंद्र सिंह, विजय कुमार, ओम प्रकाश लाल, समेत सैकड़ों अधिवक्ता ने बधाई दी।

# बीएसएल के हॉट स्ट्रिप मिल में 'सुरक्षित हम-सुरक्षित प्लांट' संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट में सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करने तथा जिम्मेदार कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त ने हॉट स्ट्रिप मिल में कार्यरत कर्मचारियों तथा ठेका श्रमिकों के साथ सुरक्षा संवाद किया. कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएँ) बी. के.सरतापे, महाप्रबंधक (सुरक्षा) विकास गुप्ता, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (हॉट स्ट्रिप मिल) सुनील कुमार के साथ विभाग के वरीय अधिकारी, कर्मचारी तथा ठेका श्रमिक मौजूद थे. अपने संबोधन में श्री दत्त ने कार्यस्थल पर सभी कार्यरत कर्मियों से सतर्क रहने, सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने और प्रत्येक गतिविधि को सावधानीपूर्वक करने की अपील की. उन्होंने जोखिम पहचान एवं जोखिम आकलन की प्रभावी प्रथाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन प्रक्रियाओं का दृढ़ता से पालन दुर्घटनाओं की रोकथाम और सतत उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है. संवाद सत्र के दौरान श्री दत्त ने उपस्थित कर्मियों से सुरक्षा संबंधी सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किए और अपने अनुभव साझा किए. कर्मियों ने भी उत्साहपूर्वकसत्र में भाग लेते हुए सुरक्षित कार्य परिवेश को और सुदृढ़ करने में सक्रिय योगदानकरते हुए 'शून्य-दुर्घटना कार्यस्थल' की दिशा में अपने प्रयासों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया.

# हरियाजाम में बड़ा हादसा टला, 11 हजार वोल्ट का बिजली तार घर पर गिरा

**विद्युत विभाग की लापरवाही आई सामने, लोग आक्रोशित**

**निरसा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरियाजाम गांव में एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब शंकर भंडारी के आवास पर 11 हजार वोल्ट प्रवाहित विद्युत तार टूटकर गिर गया। इस घटना में भंडारी परिवार के दो सदस्य करंट की चपेट में आ गए, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से उनकी जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12:30 बजे शंकर भंडारी की बड़ी बहू मीनाक्षी भंडारी अपने घर के आंगन में गीले कपड़े सुखाने के लिए तार पर डाल रही थीं। उसी दौरान ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की सुरक्षा जाली अचानक टूटकर आंगन में बने टीन शेड पर गिर गई, जिससे पूरे शेड में करंट फैल गया और मीनाक्षी भंडारी उसकी चपेट में आ गईं। घटना के समय आंगन में मौजूद उनके देवर आशीष भंडारी उन्हें बचाने के लिए आगे बढ़े, लेकिन वे भी करंट की चपेट में आ गए।

# चिराचास में महिलाओं ने किया हंगामा, पार्लर में देह व्यापार का लगाया आरोप



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चीराचास थाना क्षेत्र के प्रजापति पेट्रोल पंप के सामने स्थानीय महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। जानकारी के मुताबिक पंप के सामने एक लेडीज एंड जेंट्स पार्लर का संचालन एक महिला के द्वारा किया जाता है। स्थानीय महिलाओं का आरोप है कि इस पार्लर में देह व्यापार का धंधा चल रहा है। जिसमें बड़े-बड़े घर के नाबालिक बच्चे मसाज के नाम पर आकर गलत काम कर रहे हैं। महिलाओं ने कल देर रात इसको लेकर जमकर हंगामा किया। जिसके बाद चास एसडीएम के द्वारा मजिस्ट्रेट भेजा गया और लोगों को शांत कराया गया। जिस दुकान में यह पार्लर चल रहा है उसके मकान मालिक ने भी संचालक पर एसडीएम के न्यायालय में मामला दर्ज कर रखा है। जिसमें खाली करने का भी आदेश न्यायालय के द्वारा दिया गया है। मौके पर अपार्टमेंट में रहने वाली महिलाओं ने बताया कि पहले से ही छोटे-बड़े बच्चों और महिलाओं का आना-जाना इस मसाज पार्लर में होता था। बाहर कुछ आपत्तिजनक सामान भी प्रतिदिन देखा जा रहा है जिससे यह प्रतीत होता है कि यहां देह व्यापार का धंधा चल रहा है। पूरा माहौल खराब हो रहा है। मना करने पर संचालिका द्वारा गाली-गलौज शराब पीकर की जाती है। हम लोग चाहते हैं कि जल्द से जल्द यहां से गंदगी साफ हो और लोगों को इससे निजात मिले।

**जिस दुकान में यह पार्लर चल रहा है उसके मकान मालिक ने भी संचालक पर एसडीएम के न्यायालय में मामला दर्ज कर रखा है**

## सोमनाथ मंदिर सांस्कृतिक दृढ़ता और आत्मगौरव का प्रतीक है : संजय त्यागी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमनाथ मंदिर के एक हजार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को डूमरजोड़ चास स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का सामूहिक जाप कर भगवान शिव की आराधना की गई। इस अवसर पर संध्या आरती में सम्मिलित भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस वर्ष को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पर्व सोमनाथ मंदिर की सदियों पुरानी सहनशीलता, बार-बार हुए पुनरुत्थान और उसकी निरंतरता को रेखांकित करता है। सोमनाथ मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक दृढ़ता और आत्मगौरव का प्रतीक भी है।

# प्री बोर्ड परीक्षा के निमित्त पुरस्कार सह सम्मान समारोह का आयोजन

## प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 691 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट के वार्षिक परीक्षा 2026 की तैयारी के निमित्त जिले में प्री बोर्ड के परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करने एवं शेष सभी विद्यालयों का परिणाम अनुकूल प्राप्त करने के उद्देश्य से न्यू टाउन हॉल में पुरस्कार सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्री बोर्ड परीक्षा के निमित प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 691 विद्यार्थियों को उपायुक्त, एसएसपी, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, एसडीएम द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों के शिक्षकों, शिक्षा विभाग के कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने कहा कि आज एक छोटा सा कार्यक्रम करके ही सही किंतु हम लोगों ने प्रयास किया है कि कुछ विद्यार्थियों को सम्मान स्वरूप कुछ उपहार दें। उन्होंने बच्चों से कहा की यहां से वापस विद्यालय जाकर और मेहनत करना होगा। 15 जनवरी से दूसरी प्री बोर्ड होने है उसके भी टॉपर्स को हम जिला स्तर पर कार्यक्रम करके सम्मानित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि फाइनल बोर्ड एग्जाम के टॉपर्स को हम झारखंड दर्शन और टॉप 30 को जिला प्रशासन भारत भ्रमण में दिल्ली भेजेगा। अब यह आप पर है कि आप उसे लिस्ट में आते हैं या नहीं, इसलिए आप बेहतर तैयारी करें हम सभी जिला प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने कहा कि पूरे शिक्षा विभाग की टीम को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने उम्मीद से कहीं बेहतर कार्य किया और आज मेरे हिसाब से शिक्षा परियोजना धनबाद पूरे राज्य के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरा है। धनबाद जिला आगामी बोर्ड परीक्षाओं में पूरे राज्य में शीर्ष प्रदर्शन करें और राज्य के शीर्ष टॉपर्स में आधे बच्चे हमारे धनबाद के हो इसी भरोसे के साथ में सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देता हूं। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि धनबाद जिला अभी 13वें स्थान पर है इस बार की बोर्ड परीक्षा में उम्मीद करते है कि हम प्रथम स्थान हासिल करें। इसके लिए आप सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और शिक्षा विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों को कड़ी मेहनत करनी है। प्री बोर्ड परीक्षा में जो गलतियां हुई होंगी उसे सुधार करनी है। मोबाइल फोन और इंटरनेट का प्रयोग काफी संभल कर करना है। सोशल मीडिया से दूरी बनाते हुए पढ़ने के उद्देश्य से ही फोन का प्रयोग करें। अपने दिमाग से सरकारी स्कूल और प्राइवेट स्कूल को बाहर निकले और हमेशा यही सोचें कि हम सबसे बेहतर है। जिला प्रशासन की ओर से सभी संसाधन आप तक पहुंचाए जा रहे हैं, कड़ी परिश्रम करें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने कहा कि जिला के हर बच्चे में ये क्षमता है कि वो बोर्ड में अच्छा प्रदर्शन करेंगे उन्होंने कहा कि अपने अंदर की पढ़ने तथा अच्छा प्रदर्शन करने की छोटी सी आग को ज्वालामुखी बनाए। साथ हीं सभी शिक्षक सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करे। सभी बच्चे परीक्षा के अंतिम समय तक प्रैक्टिस करते रहे, परीक्षा केंद्र में भयमुक्त होकर परीक्षा दें। जो भी बच्चे पढ़ने में थोड़ा कमजोर हैं उन पर विशेष ध्यान दें, सभी बच्चों को अच्छे नंबर से पास कराना हम सब की जिम्मेदारी है। नगर आयुक्त आशीष गंगवार ने कहा कि समय प्रबंधन करते हुए भयमुक्त होकर सभी विद्यार्थी परीक्षा दें। परीक्षा के भय को हावी मत होने दे, भय मुक्त होकर सभी परीक्षा दे। प्री बोर्ड में जो भी गलतियां हुई होंगी उस पर ज्यादा मेहनत करे ताकि फाइनल बोर्ड परीक्षा में गलती न हो। अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में युवा वर्ग मोबाइल फोन और इंटरनेट के आदि है, इसके भी दो पहलू है मोबाइल फोन और इंटरनेट का सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com